राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 91 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## नवरात्रि के छठे दिन मां कात्यायनी की उपासना की जाती है



नवरात्रि के छठे दिन मां कात्यायनी की उपासना की जाती है। वहीं शास्त्रों के अनुसार मां कात्यायनी का जन्म महर्षि कात्यायन के घर हुआ था, इसलिए इनका नाम कात्यायनी पड़ा। वहीं अगर हम मां कात्यायनी के स्वरूप की बात करें तो मां कात्यानी का स्वरूप दिव्य और भव्य है। साथ ही इनका शुभ वर्ण हैं और स्वर्ण आभा से मण्डित है

### आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता है। - भगवत गीता"

### मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं। -स्वामी विवेकानंद"

## रक्षा मंत्री ने अभियान को हरी झंडी दिखाई

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक से माउंट एवरेस्ट और माउंट कंचनजंघा के लिए अभियान को हरी झंडी दिखाई। इस अभियान में भारतीय सेना के 24 पर्वतारोही 10 एनसीसी कैडेट्स के साथ माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई करेंगे। इसी तरह भारतीय सेना और नेपाली सेना की संयुक्त टीम माउंट कंचनजंघा की चढ़ाई के लिए रवाना हुई है। भारतीय सेना के माउंट एवरेस्ट अभियान में 10 एनसीसी कैडेट्स समेत 34 पर्वतारोही शामिल हैं, जो लेफ्टिनेंट कर्नल मनोज जोशी के नेतृत्व में पारंपरिक साउथ कोल रूट का अनुसरण करेंगे। यह टीम माउंट एवरेस्ट (8,848 मीटर) पर चढ़ाई करके तिरंगा फहराएगी। इसी तरह संयुक्त भारत-नेपाल अभियान का उद्देश्य माउंट कंचनजंघा पर चढ़ना है, जिसमें भारतीय सेना के 12 पर्वतारोही और नेपाली सेना के छह पर्वतारोही शामिल होंगे। माउंट कंचनजंघा (8,586 मीटर) के लिए टीम का नेतृत्व भारतीय सेना के कर्नल सरफराज सिंह करेंगे।

# वक्फ बिल पर राज्यसभा में चर्चा

● विपक्ष राम मंदिर, कुंभ, बिहार इलेक्शन पर बोल रहा, ये सब चर्चा को डिरेल करने की कोशिश, हमने वक्फ बिल को लेकर कहीं ज्यादा गंभीरता दिखाई: जेपी नड्डा

**मंथन**

▶▶ यह बिल पार्टी इंट्रेस्ट का नहीं है, यह नेशनल इंट्रेस्ट का विषय है। इसलिए मुद्दे पर चर्चा करनी चाहिए: नड्डा

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। वक्फ संशोधन बिल बुधवार को लोकसभा में पास होने के बाद गुरुवार को राज्यसभा में पेश किया गया। दोपहर 1 बजे से चर्चा हुई।। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने वक्फ बिल पर विपक्ष के रुख को लेकर निशाना साधा। नड्डा ने कहा- हमने कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए सरकार की तुलना में वक्फ बिल को लेकर कहीं ज्यादा गंभीरता दिखाई। यह बिल पार्टी इंट्रेस्ट का नहीं है, यह नेशनल इंट्रेस्ट का विषय है। इसलिए मुद्दे पर चर्चा करनी चाहिए। विषय को डिरेल नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा- बिल में कहीं राम मंदिर आ रहा है। कहीं कुंभ मेला दिख रहा है। बिहार का इलेक्शन दिख रहा। कहीं एअर इंडिया बिक गया। कहीं केरला का सिनेमा आ गया। ये सब चर्चा को डिरेल करने की कोशिश है।

**रिजिजू बोले- कानून में ट्रांसपैरेंसी, अकाउंटेबिलिटी, एक्यूरेसी**







## 'विकास की धारा समान रूप से पहुंचाने की पक्षधर'

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। राज्यसभा में गुरुवार को वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान भाजपा सदस्य डॉ. राधामोहन दास अग्रवाल ने कहा कि मोदी सरकार हिन्दू-मुस्लिम सभी तक विकास की धारा समान रूप से पहुंचाने की पक्षधर है। प्रधानमंत्री मोदी हम सभी सांसदों को सभी तक विकास पहुंचाने की बात कहते हैं। अग्रवाल ने कहा कि हिन्दू समाज में समय-समय पर रिफार्म हुए हैं। सती प्रथा, बाल विवाह, विधवा पुनर्विवाह के संबंध में इस सदन ने कानून पारित भी किए हैं।

केंद्रित बदलाव अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि व्यापक चर्चा के बाद विचार किए गए, बिल को जेपीसी के पास भेज दिया गया था। वक्फ को लेकर जेपीसी ने जितना काम किया, उतना काम किसी कमेटी ने नहीं किया। इससे पहले बुधवार देर रात तक चर्चा के बाद इस बिल को लोकसभा से पारित कर दिया गया। रिजिजू ने राज्यसभा में कहा- संशोधित बिल में मुसलमानों के धार्मिक क्रियाकलापों में किसी तरह का हस्तक्षेप कोई गैर मुस्लिम नहीं करेगा। हमने ट्रांसपैरेंसी, अकाउंटेबिलिटी, एक्यूरेसी पर केंद्रित बदलाव किए हैं। हम किसी की धार्मिक भावना को चोट पहुंचाने के लिए नहीं हैं। गरीब मुसलमानों को न्याय मिले, हमारा यही उद्देश्य है।

**12 घंटे की चर्चा के बाद कल लोकसभा से बिल पास**

इससे पहले लोकसभा में बुधवार को 12 घंटे की चर्चा के बाद वक्फ संशोधन बिल पास हो गया। रात 2 बजे हुई वोटिंग में 520 सांसदों ने भाग लिया। 288 ने पक्ष में और 232 ने विपक्ष में वोट डाले। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने इसे उम्मीद (यूनिफाइड वक्फ मैनेजमेंट इम्पावरमेंट, एफिशिएंसी एंड डेवलपमेंट) नाम दिया है। चर्चा के दौरान वक्फ सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने बिल फाड़ दिया। उन्होंने कहा- इस बिल का मकसद मुसलमानों को जलील करना है।

## मुस्लिमों की इतनी चिंता जिन्ना ने भी नहीं की थीः संजय राउत

शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने कहा कि दोनों सदनों में गरीब मुस्लिमों की बहुत चिंता हो रही है। हिंदू और मुस्लिम दोनों इससे डरे हुए हैं। बैरिस्टर जिन्ना ने भी मुस्लिमों की इतनी चिंता नहीं की थी। मुझे लगता है कि जिन्ना की आत्मा कब्र से उठकर रिजिजू जी के शरीर में घुस गया है। उन्होंने कहा कि जब भी बेरोजगारी, महंगाई का मुद्दा आता है तो 2-3-5 दिन आप चर्चा कर लेते हो। आपको मुस्लिमों की चिंता कब से होनी लगी। आप लोग उनको चोर बोलते हो, बोलते हो की मुस्लिम आपकी जमीन छीन लेंगे, गले की चैन छीन लेंगे। संजय ने कहा कि 2025 के पहले की मस्जिद-मदरसों को हाथ नहीं लगाने की बात कही जा रही है। लेकिन आप (केंद्र सरकार) जमीन खरीदने-बेचने की बात पर आ गए हैं। ये आप करके ही रखेंगे। अयोध्या में 13 हजार एकड़ जमीन का घोटाला हुआ। केदारनाथ में 300 किलो सोना गायब हो गया। आप अपनी जमीनों की रक्षा नहीं कर पा रहे, मुस्लिमों की जमीन की रक्षा की बात करते हो। डिफेंस की जमीनों की रक्षा आप नहीं कर पा रहे हो

## विपक्ष ने मुस्लिम महिलाओं को दोयम दर्जे का नागरिक बनायाः जेपी नड्डा



नड्डा ने कहा- ट्रिपल तलाक पर सुप्रीम कोर्ट ने बहुत पहले रोक लगाने को कहा था। आपकी सरकार दस साल तक इसे दबाए रही। आपने (विपक्ष) मुस्लिम महिलाओं को दोयम दर्जे का नागरिक बनाया। तुर्की में 1929 में ट्रिपल तलाक समाप्त हो गया था। कई मुस्लिम देशों में भी समाप्त हुआ। भारत में यह काम नरेंद्र मोदी ने किया। नड्डा ने कहा- हमारी चिंता यह है कि वक्फ की प्रॉपर्टी का उपयोग जरूरतमंद के लिए हो सके। 2013 में हम बिल के साथ थे। जब हमने देखा कि वक्फ की प्रॉपर्टी इस बिल के बाद 3 लाख एकड़ बढ़ गई। तब हमने देखा कि इसका दुरुपयोग न हो, इसके लिए हम ये बिल लेकर आए हैं।

**जेपी नड्डा ने कहा- मोदी सरकार में बनी जेपीसी में 31 सदस्य, 200 घंटे चर्चा हुई**

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा- हमें उम्मीद है सदन इस बिल का समर्थन करेगी। उम्मीद (यूनिफाइड वक्फ मैनेजमेंट इम्पावरमेंट, इफिशिएंसी एंड डेवलपमेंट) की उम्मीद अब उम्मीद पर टिकी है। 2013 में इसी बिल के लिए जब जेपीसी बनी थी, तब उसमें 13 सदस्य थे। मोदी सरकार में बनी जेपीसी में 31 सदस्य थे। डेमोक्रेसी का मानक यह नहीं कि हम आपकी ही बात मानें। वाद-विवाद तर्क पर होगा। जगदंबिका पाल से मेरी बात हुई। उन्होंने बताया कि जेपीसी की 36 बैठक हुई, इसमें वक्फ बिल पर 200 घंटे चर्चा हुई। चर्चा क्या होती है। मैंने अपनी बात कही, आपने अपनी बात कही, यही चर्चा होती है। जगदंबिका पाल पूरी जेपीसी को लेकर 10 स्थानों पर गए। जेपीसी में 284 स्टेकहोल्डर से बात की। यूपीए के टाइम की जेपीसी ने 18 से ही बात की थी। नड्डा ने कहा- बिल में कहीं राम मंदिर आ रहा है। कहीं कुंभ मेला दिख रहा है। बिहार का इलेक्शन दिख रहा। कहीं एअर इंडिया बिक गया। कहीं केरला का सिनेमा आ गया। ये सब चर्चा को डिरेल करने की कोशिश है। हम यहां चर्चा करने आए हैं। हमारा उद्देश पार्टी का इंट्रेस्ट है या देश का इंट्रेस्ट। यह बिल देश के इंट्रेस्ट में है।





प्रधानमंत्री मोदी ने बैंकॉक में थाई रामायण रामकियेन का मनोरम प्रदर्शन देखा।

## लोकसभा में जबरन' पारित किया गया वक्फ संशोधन विधेयकः सोनिया

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। सोनिया गांधी ने गुरुवार को कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की बैठक में कहा कि केंद्र सरकार ने वक्फ संशोधन बिल लोकसभा में जबरन पारित करवाया है। यह विधेयक संविधान पर एक हमला है। यहां संविधान सदन में कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में कांग्रेस सांसदों को संबोधित करते हुए सोनिया गांधी ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव विधेयक संविधान का एक और उल्लंघन है और पार्टी इसका कड़ा विरोध करेगी।

## भारत की एक्ट ईस्ट नीति में थाईलैंड का विशेष स्थानः प्रधानमंत्री मोदी

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को बैंकॉक में कहा कि भारत की एक्ट ईस्ट नीति और इंडो-पैसिफिक विजन में थाईलैंड का विशेष स्थान है। आज हमने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा के साथ प्रेस मीट को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सुरक्षा एजेंसियों के बीच स्ट्रैटेजिक डायलॉग स्थापित करने पर भी चर्चा की। साइबर क्राइम के



शिकार भारतीयों को वापस भारत भेजने में थाईलैंड सरकार से मिले सहयोग के लिए हमने थाईलैंड सरकार का आभार प्रकट किया। हमने भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों और थाईलैंड के बीच पर्यटन, संस्कृति, शिक्षा क्षेत्रों में सहयोग पर बल दिया है। आपसी व्यापार, निवेश और व्यवसायों के बीच आदान प्रदान बढ़ाने पर बातचीत की है। एमएसएमई, हथकरघा और हस्तशिल्प में भी सहयोग के लिए समझौते किए गए हैं।

**साझेदार**

▶▶ भारत की एक्ट ईस्ट नीति और इंडो-पैसिफिक विजन में थाईलैंड का विशेष स्थान है : पीएम

## चीन ने हमारी 4 हजार वर्ग किमी जमीन कब्जाई: राहुल



टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को भारत-चीन के राजनयिक संबंधों की 75वीं सालगिरह के जश्न को लेकर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा- चीन हमारे 4 हजार वर्ग किमी इलाके पर कब्जा करके बैठा है, लेकिन मुझे यह देखकर आश्चर्य हुआ कि हमारे विदेश सचिव (विक्रम मिस्री) चीनी राजदूत के साथ केक काट रहे थे। लोकसभा में शून्यकाल के दौरान राहुल ने कहा- हम सामान्य स्थिति के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन उससे पहले हमें अपनी जमीन वापस मिलनी चाहिए। मुझे पता चला कि राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने चीनी राजदूत को चिट्ठी लिखी है और यह भी हमें दूसरों से पता चल रहा है। चीनी राजदूत भारत के लोगों को बता रहे हैं कि उन्हें चिट्ठी लिखी गई।

राहुल बोले- भाजपा की फिलॉस्फी हर विदेशी के सामने सिर झुकाना मोदी सरकार की विदेश नीति पर राहुल गांधी ने कहा- एक तरफ आपने चीन को हमारी जमीन दे दी और दूसरी तरफ अमेरिका ने हम पर टैरिफ (जैसे को तैसा टैक्स) लगा दिया। इससे देश की ऑटो, फार्मास्यूटिकल और एग्रीकल्चर इंडस्ट्री तो पूरी तरह से तबाह हो जाएगी। राहुल ने कहा- एक बार किसी ने इंदिरा जी से पूछा कि विदेश नीति के मामले में आप बाएं झुकती हैं या दाएं। इस पर उन्होंने जवाब दिया की मैं बाएं या दाएं नहीं झुकती। मैं भारतीय हूं और सीधी खड़ी हूं।

**पूछे सवाल**

▶▶ राहुल ने भारत-चीन के राजनयिक संबंधों की 75वीं सालगिरह के जश्न को लेकर भी सरकार को घेरा

## 'एथिक्स कमेटी' प्रभावी तंत्र विकसित करेः सभापति

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ ने घनश्याम तिवाड़ी की अध्यक्षता वाली संसदीय आचार समिति (एथिक्स कमेटी) को ऐसा प्रभावी तंत्र विकसित करने का जिम्मा सौंपा है, जिससे सदन में सदस्य मर्यादित आचरण करें और संसदीय संस्थान की साख में इजाफा हो। लोकसभा में बुधवार को भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर के कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बारे में दिए गए बयान को लेकर आज राज्यसभा में जोरदार हंगामा हुआ। सभापति जगदीप धनखड़ यह सब देखकर भावुक हो गए। उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए कहा कि इस सदन में और दूसरे सदन में बहुत वरिष्ठ लोगों के संबंध में सभी प्रकार की बातें की गई हैं। खरगे सबसे वरिष्ठ लोगों में से एक हैं। मैं प्रधानमंत्री सहित संवैधानिक पदों पर बैठे अन्य वरिष्ठ लोगों के संबंध में जो कहा गया है, वह यहां नहीं कहना चाहता। इसलिए मैं सभी से आग्रह करूंगा कि चाहे प्रधानमंत्री हों, सदन के नेता हों, विपक्ष के नेता हों, मेरे लिए हर सदस्य की अपनी एक अनमोल प्रतिष्ठा है, जिसे बनाए रखना है।





**आचरण**

▶▶ ऐसा प्रभावी तंत्र विकसित करने का जिम्मा सौंपा है, जिससे सदन में सदस्य मर्यादित आचरण करें

## नॉमिनी से जुड़ी जानकारी में बदलाव के लिए शुल्क नहीं लगेगा

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) खातों के लिए नॉमिनी बनाने, जोड़ने या उसमें कोई बदलाव करने पर कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा, क्योंकि सरकार ने अधिसूचना के जरिए कई आवश्यक बदलाव किए हैं। लघु बचत योजनाओं के लिए नामांकन रद्द करने या उसमें बदलाव करने के लिए 50 रुपये का शुल्क को समाप्त कर दिया गया है। केंद्रीय वित्त मंत्री ने गुरुवार को एक्स पोस्ट पर जारी बयान में लिखा, हाल ही में पीपीएफ खातों में नॉमिनी व्यक्ति के विवरण को जोड़ने या संशोधित करने के लिए वित्तीय संस्थानों द्वारा शुल्क लेने की जानकारी मिली है। दरअसल नॉमिनी के पास मूल खाताधारक की राशि पर कानूनी अधिकार होता है। शुल्क को हटाने के लिए 2 अप्रैल की राजपत्र अधिसूचना के जरिए सरकारी बचत संवर्धन सामान्य नियम 2018 में आवश्यक बदलाव किए गए हैं।

## ट्रंप के टैरिफ के प्रभाव का अध्ययन करेगा भारतः वित्त राज्य मंत्री

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने गुरुवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के द्वारा भारत पर 26 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भारत पारस्परिक टैरिफ वृद्धि और देश पर इसके प्रभाव का आकलन कर रहा है। केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री ने नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा आईआईएम, अहमदाबाद के सहयोग से आयोजित 'प्रथम अंतरराष्ट्रीय पेंशन शोध सम्मेलन' में कहा कि भारत पारस्परिक टैरिफ के प्रभाव की समीक्षा और आकलन करेगा।

**दिशा-निर्देश** साइबर, सूचना, संचार, व्यापार और वित्त सभी भविष्य के संघर्षों का अभिन्न अंग बनेंगे

## शीर्ष सैन्य नेतृत्व वैश्विक सुरक्षा को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाएः राजनाथ

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को सेना के कमांडरों से वैश्विक सुरक्षा परिदृश्यों को ध्यान में रखते हुए आधुनिक तकनीक को शामिल करते हुए योजना बनाने का आह्वान किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मौजूदा वैश्विक घटनाएं एक दूसरे से जुड़ी हैं और ऐसी घटनाएं चाहे हमारे पड़ोस में हों या दूर के देशों में, सभी को प्रभावित करेंगी। उन्होंने कहा कि 'हाइब्रिड युद्ध' भविष्य के पारंपरिक युद्धों का हिस्सा होंगे। साइबर, सूचना, संचार, व्यापार और वित्त सभी भविष्य के संघर्षों का अभिन्न अंग बनेंगे। इसलिए सशस्त्र बलों को अपनी योजना और रणनीति बनाते समय इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखना होगा। रक्षा मंत्री नई दिल्ली में चल रहे सेना कमांडरों के सम्मेलन में तीसरे दिन के सत्र की अध्यक्षता करते हुए भारतीय सेना के वरिष्ठ नेतृत्व को संबोधित कर रहे थे। रक्षा मंत्री ने वर्तमान भू-रणनीतिक अनिश्चितताओं और जटिल विश्व स्थिति पर जोर दिया, जो वैश्विक स्तर पर सभी को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान गतिशील भू-रणनीतिक परिवर्तनों और अनिश्चितताओं के साथ चल रहे वैश्विक सुरक्षा परिदृश्यों को ध्यान में रखते हुए, सशस्त्र बलों को दीर्घकालिक और अल्पकालिक दोनों चुनौतियों का समाधान करते हुए योजना तैयार करनी चाहिए। वर्तमान वैश्विक संदर्भ में आधुनिक तकनीक को शामिल करने वाली सैन्य खुफिया के महत्व पर अधिक जोर नहीं दिया जा सकता है। रक्षा मंत्री ने उत्तरी सीमा की मौजूदा स्थिति पर तैनात सशस्त्र बलों की दृढ़ता और सतर्कता के लिए सराहना की तथा कहा कि ऐसा ही जारी रहना चाहिए। रक्षा मंत्री ने बीआरओ के प्रयासों को सराहा, जिसके कारण कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए पश्चिमी और उत्तरी दोनों सीमाओं पर सड़क संचार में भारी सुधार हुआ है।



**सड़क संचार**

▶▶ कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए पश्चिमी और उत्तरी दोनों सीमाओं पर सड़क संचार में भारी सुधार हुआ है

# अटेरना के राजकीय स्कूल में कॉमर्स व साइंस स्ट्रीम की वर्षों पुरानी मांग करवाई पूरी

टीम एक्शन इंडिया

**राई।** राई हलका विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने अटेरना के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कॉमर्स तथा साइंस संकाय शुरू करवाने की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करवाया है। उन्होंने विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 33 केवीए अटेरना पावर हाउस के वैक्यूम सर्किट ब्रेकर को बदलवाने के लिए भी 65 लाख रुपये की स्वीकृति दिलाई है। इसके लिए ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त किया है।



ग्रामीणों का कहना था कि इससे अटेरना सहित पतला, नांगल, मनोली, भैंरा, खुर्रमपुर आदि गांवों के विद्यार्थियों को विशेष रूप से लाभ मिलेगा। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम राई सब डिवीजन के अंतर्गत आने वाले गांव नांगल, पतला, अटेरना, मनौली, भैरा बांकीपुर, पबसरा, खुर्मपुर जिनकी बिजली सप्लाई 33 केवीए अटेरना पावर हाउस से चलती है। इस पावर हाउस की 11 केवीए वीसीए (वैक्यूम सर्किट ब्रेकर) बहुत ही खराब हालत में है, जिसके कारण विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं चल पाती। विधायक कृष्णा गहलावत ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलकर वीसीए को बदलवाने के लिए प्रयास किए जिसकी अब मंजूरी मिल गई है ।

उन्होंने कहा कि वीसीए बदलने में लगभग 65 लाख रुपए की लागत आएगी। इसे बदलवाने का कार्य जल्दी ही शुरू हो जाएगा।

## मार्केट कमेटी के सचिव दीपक सिहाग निलंबित



**गन्नौर।** गन्नौर मार्केट कमेटी के सचिव दीपक सिहाग को सरकार ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उन पर कृषि मंत्री के आदेश की अवहेलना और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं। सिहाग के निलंबन के बाद उनके खिलाफ पहले से चल रही जांच भी तेज कर दी गई है।मामला गन्नौर की अनाज मंडी में स्थित श्री चंद प्रमोद जैन फर्म से जुड़ा है, जिसे नई अनाज मंडी में दुकान आवंटित नहीं हो पाई थी। फर्म मालिक गौरव जैन ने इस मामले में कृषि मंत्री को शिकायत कर उचित कार्रवाई की मांग की थी, जिसके बाद मंत्री ने सिहाग को दुकान आवंटित करने का आदेश दिया। आरोप है कि सिहाग ने आदेश मानने से इनकार कर दिया और दुकान आवंटन के बदले रिश्वत मांगी। इस पर गौरव जैन ने मंत्री से फिर शिकायत कर दी। शिकायत के बाद कृषि मंत्री ने सिहाग के निलंबन का आदेश जारी कर दिया।

### उत्तर रेलवे
**शुद्धि पत्र**

संदर्भः (i) निविदा सूचना क्रमांक 106/2024-2025 दिनांक 21.03.2025
(ii) निविदा संख्या 12255003 05.05.2025 को देय है।

उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, नियत तिथि 14.04.2025 से बढ़ाकर 05.05.2025 कर दी गई है
अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित है।
शुद्धिपत्र वेबसाईट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।
1001/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **अज़ीम,** पुत्र रहीश अहमद, निवासी- बी-72, खजूर वाली गली, घोंडा, वेलकम, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट नंबर 25845/2021 धारा 411/34 भा.द.स थाना वेलकम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अज़ीम** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अज़ीम** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **अज़ीम, प्रथम सूचना रिपोर्ट नंबर 25845/2021 धारा 411/34 भा.द.स थाना वेलकम, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 13.05.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री दीपाक्षी राणा**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी -03
कमरा नं. 19
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली
DP/3085/NE/2025

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी नीरज, पुत्रः** किशन लाल, **पताः** एल–1–52, बुद्ध विहार एवं एन–1/40सी, बुद्ध विहार, **दिल्ली CC No. 531968/16, U/S: 138 NI ACT, पुलिस थानाः करोल बाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नीरज,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नीरज,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **नीरज, CC No. 531968/16, U/S: 138 NI ACT, पुलिस थानाः करोल बाग, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.05.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
आराधना
न्यायिक दण्डाधिकारी (एनआई एक्ट)–01
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/3430/CD/2025
(Court Matter)

## टेहा को नपा में शामिल किए जाने का ग्रामीणों ने किया विरोध



**गन्नौर।** ग्राम पंचायत टेहा को नगरपालिका में शामिल करने का विवाद बढ़ गया है। वीरवार को ग्रामीणों ने सरपंच आशीष त्यागी के नेतृत्व में उनके गांव को नगरपालिका में शामिल करने की योजना के खिलाफ विरोध जताया। ग्रामीणों ने कहा कि नगरपालिका में शामिल होने से गांवों का विकास प्रभावित होगा। उन्हें छोटे-छोटे कामों के लिए नगरपालिका के चक्कर लगाने पड़ेंगे। सरपंच आशीष त्यागी, पंचायत सदस्य विनोद कुमार, ग्रामीण, सीता राम, कृष्ण कुमार, प्रवेश कुमार, अंकित आदि ने कहा कि ग्रामीण नहीं चाहते कि उनका गांव नगरपालिका में शामिल किया जाए। ग्राम पंचायत के माध्यम से उनके गांव में विकास कार्य सुचारू रूप से चल रहे हैं, जबकि नगरपालिका क्षेत्र के वार्डों में विकास कार्य नहीं हो पाते। अपने काम करवाने के लिए पार्षद चक्कर काटते रहते हैं। उन्होंने कहा कि पहले अंतर्राष्ट्रीय मंडी में गांव की जमीन चली गई। इसमें उनका शमशान घाट, मंदिर व जोहड़ की जमीन भी चली गई। इसका मामला उच्च न्यायालय में चल रहा है। अब गांव को नगरपालिका में शामिल करने की बात सामने आ रही है। गांव विकास के मामले में पूरी तरह से पिछड़ जाएगा। सरपंच आशीष त्यागी ने चेताया कि यदि जरूरत पड़ी तो गांव को नगरपालिका में शामिल करने के फैसले के खिलाफ भी पंचायत उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने से पीछे नहीं हटेगी।

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **साजिदुर रहमान** पुत्र स्व. नजीबुर रहमान निवासी फ्लैट नं. 387, पॉकेट– I, सेक्टर–9, डीडीए फ्लैट, द्वारका, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 21/2014 धारा 420/467/468 भा.द.स., थाना मौरिस नगर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **साजिदुर रहमान** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **साजिदुर रहमान** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 21/2014 धारा 420/467/468 भा.द.स., थाना मौरिस नगर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **साजिदुर रहमान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **08.05.2025** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः श्री करणबीर सिंह
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–02 (केंद्रीय)
कमरा नं. 26
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली
DP/4153/NW/2025

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राहुल रावत पुत्र श्री वीरेन्द्र सिंह निवासी मकान संख्या 210/18, के ब्लॉक, संगम विहार, नई दिल्ली** ने **FIR No. 15/2018, U/S 365/395/506/411/323/34 IPC,** अन्तर्गत थाना **संगम विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल रावत,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल रावत,** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 15/2018, U/S 365/395/506/411/323/34 IPC, अन्तर्गत थाना संगम विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राहुल रावत,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**श्री विशाल पाहुजा**
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एफटीसी)–02
कोर्ट संख्या 502 (दक्षिण), साकेत कोर्ट परिसर
साकेत, नई दिल्ली
DP/3689/SD/2025 (Court Matter)

### उत्तर रेलवे
**ई–खुली सूचना**

मंडल अभियंता/सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यो के लिए खुली निविदा दिनांक **25.04.2025** को **15:00** बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि |
|---|---|---|---|---|
| ए | मंडल अभियंता/सम्पति–I के अधीन क्षेत्र में टैंकरों के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति के कार्य हेतु। | रूपये 15999816.02 | रूपये 230000.00 | 09 महीने |
| बी | मंडल अभियंता/सम्पति–II के अधीन क्षेत्र में टैंकरों के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति के कार्य हेतु। | रूपये 15999870.77 | रूपये 230000.00 | 12 महीने |

1. निविदा दिनांक **25.04.2025** को **15:00** बजे तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी। **पत्र संख्याः– 128–डब्लयू/269/ओ.ई.टी/निविदा सूचना/25–26/डब्लयू–ई/टेंडर नं. 01(ए.बी) दिनांकः 01.04.2025**
1005/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## समाज हित में किए कार्य ही उनकी पहचान



**गन्नौर।** व्यापार मंडल गन्नौर के प्रधान एवं विभिन्न संस्थाओं से जुड़े स्वर्गीय शेखर जैन की श्रद्धांजलि सभा में विधायक, नगर निगम मेयर, विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों के अलावा गणमान्य लोगों ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे विधायक देवेन्द्र कादियान ने कहा कि स्वर्गीय शेखर जैन ने हमेशा समाजहित में कार्य किया। उनके बेहतर स्वभाव के कारण उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। वे विभिन्न धार्मिक व समाजसेवी संस्थाओं से जुड़े रहे। उनका कर्म ही उनकी पहचान है। नगर निगम मेयर राजीव जैन ने कहा कि स्वर्गीय जैन ने समाज के लिए समर्पित भाव से काम किया।

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **लाल चन्द उर्फ़ लाले** पुत्र भरव, निवासी एफ-680, रघुबीर नगर, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 253/2010 धारा 363 भा.द.सं. थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **लाल चन्द उर्फ़ लाले** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **लाल चन्द उर्फ़ लाले** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr. P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 253/2010 धारा 363 भा.द.सं. थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **लाल चन्द उर्फ़ लाले** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **08.05.2025** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः श्री शशांक नंदन भट्ट,**
**महानगर दंडाधिकारी (पश्चिम),**
**कमरा नं. 356, तृतीय तल,**
**तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली।**
DP/4051/WD/2025

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रामबीर, पुत्र :** श्री आर्य कुमार, **पताः** 1/11244, कीर्ति मंदिर के पास, सुभाष पार्क, उत्तर पूर्व दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 246/19 U/s 498A / 406 / 377 / 34 / 354 IPC & 4 DP ACT, थानाः वेलकम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रामबीर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रामबीर** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 246/19 U/s 498A / 406 / 377 / 34 / 354 IPC & 4 DP ACT, थानाः वेलकम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रामबीर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री श्रुति शर्मा
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी (महिला कोर्ट–01)
कमरा नं. 55, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
DP/3937/NE/2025
(Court Matter)

### भारतीय रेल
**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**
**(रेलवे बोर्ड)**

सं. 2024/आरएस(ई)/टीएम/3 नई दिल्ली, दिनांक 01.04.2025

**विषयः 67 अदद् बैलास्ट क्लीनिंग मशीन (बीसीएम) के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग, भारतीय रेलवे कर्मियों के प्रशिक्षण और 3 साल की वारंटी के बाद एएमसी के साथ, के लिए दिनांक 27.05.2025 को बंद होने वाली ई–खुली वैश्विक निविदा सं. 2025–टीएम–2**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से 67 अदद् बैलास्ट क्लीनिंग मशीन (बीसीएम) के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग, भारतीय रेलवे कर्मियों के प्रशिक्षण और 3 साल की वारंटी के बाद एएमसी के साथ, के लिए इलैक्ट्रॉनिक बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे आगे के ब्यौरों के लिए, निविदा दस्तावेज़ों को डाउनलोड करने एवं अपनी ई–बोलियां जमा करने के लिए http://www.ireps.gov.in वेबसाइट देखें। इस निविदा से संबंधित कोई भी अन्य शुद्धिपत्र केवल वेबसाइट http://ireps.gov.in पर ही अपलोड किया जाएगा, प्रिंट मीडिया में नहीं किया जाएगा।

निदेशक, रेल भंडार (एफ)
रेलवे बोर्ड
1008/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर मध्य रेलवे
**ई-निविदा सूचना संख्याः** डिप्टी सी0ई0-झांसी डब्लू-76 **दिनांकः** 30.03.2025

**ई टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये उप मुख्य इंजीनियर/कारखाना/झाँसी हेतु आनलाईन ई टेन्डरिंग के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नामः** ड्राफ्ट गियर शॉप के सीओई (सेंटर ऑफ ऐक्सिलेन्स) का निर्माण, जीएसडी झाँसी में तेल और ग्रीस सामग्री रखने के लिए कवर्ड शेड के साथ उठाए गए औद्योगिक फर्श कंक्रीट प्लेटफार्म का निर्माण और वैगन मरम्मत कार्यशाला झाँसी में स्टीम शॉप के पीछे फर्श और चौनल कार्य का प्रावधान।

**अनुमानित लागत (रूपये):** ₹ 27142169.18 (दो करोड़ इकहत्तर लाख बयालीस हजार एक सौ उनहत्तर रुपये अठारह पैसे मात्र)

**अमानत राशि (रूपये):** ₹ 285700/- | **निविदा प्रपत्र कर मूल्य रूपयेः** कुछ नही

**निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः 06.05.2025 15:00 बजे**

**स्वीकृत पत्र प्रपत्र जारी समय होने से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 12 माह

पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के साईट **www.ireps.gov.in** पर देखें।
587/25(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **दिनेश उर्फ चड्ढी पुत्रः** राजेंदर **पताः** 5927, गली नंबर 15, सिंघाड़ा चौक, नबी करीम, दिल्ली, ने **FIR No. 233/22 U/s 457/380/411 IPC थानाः नबी करीम, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दिनेश उर्फ चड्ढी,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दिनेश उर्फ चड्ढी,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 233/22 U/s 457/380/411 IPC थानाः नबी करीम, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **दिनेश उर्फ चड्ढी,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
डॉ. राज कुमार सिंह
जेएमएफसी, सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कमरा नं. नंबर 241
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/4186/CD/2025
(Court Matter)

## जब-जब कोर्ट में लगी तारीख, तब-तब चुराई कचहरी से बाइक

**ग्रेटर नोएडा :** ग्रेटर नोएडा स्थित सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के बाद वाहन चोरी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी की एक बाइक और अवैध तमंचा बरामद किया है। बदमाश अपने सदस्यों के साथ मिलकर कलेक्ट्रेट और आसपास के सरकारी कार्यालयों के बाहर से बाइक व अन्य वाहन चोरी करता था। गिरोह के सदस्य तारीख पर कोर्ट में आते थे और बाइक चोरी कर ले जाते थे।


# एक्शन इंडिया
## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## Change of Name

I, Treeti Tyagi D/o Sh. Ram Swaroop Tyagi R/o Hari Nagar, Ganaur, Sonipat have changed my name from Treeti Tyagi to Preeti Tyagi for all future purposes.

# नर सेवा ही नारायण सेवा हैः सीएम रेखा गुप्ता

### रामायण यह बात भी सिखाती है कि भगवान श्री राम चौदह वर्षों के वनवास में अपने आपको तपाकर मानव कल्याण कर कैसे मर्यादा पुरुषोत्तम बनें

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। एकल भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा दिल्ली में चल रही एकल श्री राम कथा में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है और यह नेक काम एकल से अच्छा पूरे विश्व में कोई नहीं कर रहा। इस अवसर पर उनके साथ उप-मुख्यमंत्री प्रवेश वर्मा और मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा तथा अंतरराष्ट्रीय विश्व हिंदू परिषद दिनेश, महामंत्री बजरंग बागड़ा और अन्य अतिथिगण मौजूद रहे। यह प्रसिद्ध कथा व्यास भाई रमेश भाई ओझा ने दिल्ली के पंजाबी बाग स्टेडियम में आयोजित एकल श्री राम कथा के पांचवें दिन श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व के इतिहास में बड़े भाई की चरण पादुकाओं को राज सिंहासन पर रख और अपने खुद



के राज्य अधिकारों को छोड़ राजपाट चलाने का उदाहरण और कहीं नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि ऐसा आचरण राम राज्य में ही संभव है। रामायण विश्व मानवता को यह बात भी सिखाती है कि भगवान श्री राम चौदह वर्षों के वनवास में अपने आपको तपाकर, राक्षसों का नाश कर और मानव कल्याण कर कैसे मर्यादा पुरुषोत्तम बनें। दूसरों की समस्याओं को समझकर और उनकी पीड़ा को हरना भगवान राम जैसा देवता ही कर सकता है। एकल अभियान के अंतर्गत संचालित भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा शिक्षित, स्वस्थ एवं स्वावलंबी राष्ट्र निर्माण के गौरवशाली 25 वर्ष पूर्ण होने पर मनाये जा रहें ह्यरजत जयंती वर्षह्न के उपलक्ष्य पर भारतीय नव वर्ष विक्रम संवत 2082 चैत्र नवरात्रि पर नई दिल्ली के पंजाबी बाग स्टेडियम रिंग रोड नई दिल्ली में गुजरात के सुप्रसिद्ध कथा व्यास भाईजी रमेश भाई ओझा के सानिध्य में आयोजित भव्य एकल रामकथा और विशाल सहस्त्र चण्डी महायाग में रविवार को हजारों श्रद्धालु और श्रोता पहुंचें। इस अवसर पर एकल महिला

**राम कथा**

**उप-मुख्यमंत्री प्रवेश वर्मा और मंत्री सिरसा तथा अंतराष्ट्रीय विश्व हिंदू परिषद के सदस्य मौजूद रहे**

समिति द्वारा भजन-कीर्तन के आयोजन हुए। इस अवसर पर एकल अभियान के प्रणेता श्याम गुप्ता, भारत लोक शिक्षा परिषद के ट्रस्ट बोर्ड के चेयरमैन लक्ष्मी नारायण गोयल, मुख्य संयोजक सुभाष अग्रवाल, ट्रस्टी ओम प्रकाश सिंघल, विनीत कुमार गुप्ता, नरेश कुमार, सुरेश कुमार जिंदल, सुरेन्द्र पाल गुप्ता, विवेक नागपाल मुख्य यजमान अनिल गुप्ता, मैनेजिंग कमेटी के चेयरमैन नीरज रायजादा, राष्ट्रीय प्रधान अखिल गुप्ता, राष्ट्रीय उपप्रधान संजीव टेकड़ीवाल, राष्ट्रीय महामंत्री राजीव अग्रवाल, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री सुनील गुप्ता सहित कई गणमान्य महानुभाव उपस्थित रहे। कथा के दौरान 108 गांव के ब्राह्मणों द्वारा प्रतिदिन सहस्त्र चंडी महायाग में पूजा पाठ हवन आदि वैदिक कार्यक्रम और सांस्कृतिक कार्यक्रमों प्रतिदिन किया जा रहा है' इस आयोजन में देश भर से कई पूज्य संत, प्रतिष्ठित राजनीतिज्ञ एवं सामाजिक महानुभावों का आगमन भी होगा। इस अवसर पर भव्य एकल श्रीराम मंदिर की आलोकित झांकी और एकल प्रदर्शन का आयोजन भी किया गया है। साथ ही लाइव एकल स्कूल, लाइव कंप्यूटर लैब और सभी आयामों की प्रदर्शनियां तथा कथा का हर एकल स्कूल में लाइव प्रसारण भी किया जा रहा है।

## बजट सत्र में सीएजी की छह रिपोर्ट हुआः विस अध्यक्ष



टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि आठवीं विधानसभा के दूसरे सत्र में सीएजी की छह रिपोर्ट और वार्षिक बजट पेश हुआ। उन्होंने कहा कि विधानसभा का दूसरा सत्र 24 मार्च को शुरू हुआ और 2 अप्रैल को सदन अनिश्चित काल तक के लिए स्थगित कर दिया गया। विधानसभा अध्यक्ष ने बजट सत्र के समापन के बाद गुरुवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सदन की कुल सात बैठकें हुईं। इन सात बैठकों के दौरान सदन की कार्यवाही 27 घंटे 56 मिनट तक चली। इस दौरान वार्षिक बजट पेश किया गया और पास किया गया, सीएजी की छह रिपोर्ट पेश की गई और कई अन्य महत्त्वपूर्ण कार्य निपटाए गए। लंबित कार्य निपटाने के लिए सदन की बैठकें दो दिन अर्थात 01 और 02 अप्रैल 2025 तक बढ़ाई गई। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने 25 मार्च 2025 को वार्षिक बजट पेश किया। एक लाख करोड़ रुपये का ऐतिहासिक बजट पेश करने के लिए वह दिल्ली सरकार की सराहना करता

**ध्यानाकर्षण**

**सदन की कार्रवाई 27 घंटे 56 मिनट चली, सीएजी की रिपोर्टों पर पांच घंटे 32 मिनट तक चर्चा हुई**

हैं। इस बजट का उद्देश्य निकट भविष्य में दिल्ली का सर्वांगीण विकास करना है। 26 और 27 मार्च 2025 को बजट पर सात घंटे 13 मिनट तक चर्चा हुई और 36 सदस्यों ने बजट पर चर्चा में भाग लिया, जो अपने आप में उल्लेखनीय है। यह बजट पर चर्चा के लिए समर्पित सबसे लंबी अवधि थी तथा इसमें अधिकतम सदस्यों ने भाग लिया।विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि तत्कालीन दिल्ली सरकार के वर्ष 2021-2022 और 2022-2023 के वित्त खाते और विनियोग खाते तथा दिल्ली परिवहन निगम और वाहन प्रदूषण पर मुख्यमंत्री ने सीएजी की छह रिपोर्ट सदन के पटल पर प्रस्तुत की। 26 सदस्यों ने इन रिपोर्टों पर चर्चा में भाग लिया। चर्चा पांच घंटे 32 मिनट तक चली।

## टीवी रिमोट के लिए हत्याः सात साल की बच्ची के गले पर किए थे वार

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। स्वरूप नगर में सात वर्षीय बच्ची की हत्या के मामले में उसके पिता के दोस्त रंजीत सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने टीवी रिमोट को लेकर हुए झगड़े के बाद बच्ची की हत्या कर दी थी। स्वरूप नगर थाना पुलिस ने उसे नरेला औद्योगिक क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। उत्तर-पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि रंजीत मूल रूप से बिहार का निवासी है और स्वरूप नगर के भड़ा रोड क्षेत्र में रहता है। वह फैक्टरी में मजदूरी करता है। पुलिस को रविवार को जे-ब्लॉक, खुड़ा कॉलोनी में लोगों की भीड़ जमा होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची टीम ने एक घर में बच्ची को जमीन पर अचेत अवस्था में पाया और उसके शरीर पर चोट के निशान थे। अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यौन उत्पीड़न के कोई संकेत नहीं मिले।

## दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर प्रतिबंध जारी रहेगा

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर रोक जारी रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर पूरी तरह से लगाए प्रतिबंध को सही ठहराया है। सुप्रीम कोर्ट ने एनसीआर के राज्यों को निर्देश दिया कि राज्य सरकारें पटाखों पर रोक को लागू करने के लिए प्रभावी कदम उठाएं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जब तक ये साबित नहीं हो जाता कि ग्रीन पटाखों से न के बराबर प्रदूषण



होता है, तब तक बैन के पुराने आदेश में बदलाव का कोई औचित्य नजर नहीं आता। कोर्ट में सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड, एनईईआरआई (नीरी), सीएसआईआर की ओर से पेश रिपोर्ट में कहा गया था कि बाकी पटाखों के मुकाबले ग्रीन पटाखे से 30 फीसदी कम प्रदूषण होता है। इस रिपोर्ट के मद्देनजर पटाखा निर्माता कंपनियों ने छूट की मांग थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जब तक ये साबित नहीं हो जाता कि ग्रीन पटाखों से न के बराबर प्रदूषण होता है, तब तक बैन के पुराने आदेश में बदलाव का कोई औचित्य नजर नहीं आता।गुरुवार को इस मामले की सुनवाई के दौरान मुकेश जैन व्यक्तिगत रूप में पेश हुए थे। उन्होंने कहा कि मुझे भी अपनी बात करनी है।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एक कार्यक्रम में पहुंचीं।

## झपटमारी के आरोप में ट्रांसजेंडर गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने जहांगीर पुरी इलाके में झपटमारी की घटना के सिलसिले में 20 वर्षीय एक ट्रांसजेंडर को गिरफ्तार किया है। आरोपी रशीदुल ने पहली आपराधिक वारदात की है। वह नशे और शराब की लत को पूरा करने के लिए आसानी से पैसा कमाने के लिए अपराध की दुनिया उतरा था। रशीदुल के पास से शिकायतकर्ता वरुण ओलिवर का आधार कार्ड और पैन कार्ड बरामद किया गया है।

**कब्रिस्तान के पास की थी झपटमारी:** उत्तर-पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि 29 मार्च की शाम को

**काबू किया**

**पुलिस ने जहांगीर पुरी इलाके में झपटमारी की घटना के सिलसिले में एक ट्रांसजेंडर को गिरफ्तार किया**

आजादपुर निवासी ओलिवर घर लौटते समय शौचालय का इस्तेमाल करने के लिए मुकुंदपुर फ्लाईओवर के पास एक ईसाई कब्रिस्तान के पास रुका। इस दौरान आरोपी ने उसकी पिछली जेब से 13,500 रुपये नकद से भरा उसका चमड़े का पर्स छीन लिया और मौके से भाग गया।

## आतिशी-संजय सिंह के खिलाफ संदीप की आपराधिक मानहानि याचिका खारिज

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने कांग्रेस के पूर्व सांसद संदीप दीक्षित की ओर से दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना और सांसद संजय सिंह के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि याचिका खारिज कर दी है। एडिशनल चीफ एडिशनल जुडिशियल मजिस्ट्रेट पारस दलाल ने संदीप दीक्षित की याचिका पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया। संदीप दीक्षित ने अपनी याचिका में कहा था कि आतिशी मार्लेना और संजय सिंह ने 26 दिसंबर, 2024 को एक प्रेस कांफ्रेंस में आरोप लगाया था कि संदीप

**रद्द किया**

**कोर्ट ने 16 जनवरी को संदीप की याचिका पर आतिशी और संजय सिंह को नोटिस जारी किया था**

दीक्षित ने भाजपा से करोड़ों रुपये लिए हैं। यह भी आरोप लगाया गया था कि वे भाजपा के साथ मिलकर आम आदमी पार्टी को हराने की साजिश रचने में शामिल हैं। याचिका में आतिशी मार्लेना और संजय सिंह की प्रेस कांफ्रेंस में कही गई बातों को झूठ और बेबुनियाद बताया गया। याचिका में कहा गया था कि आतिशी और संजय सिंह के बयानों के जरिये संदीप दीक्षित की छवि को खराब करने की कोशिश की गई है। संदीप दीक्षित की ओर से 27 जनवरी को कहा गया था कि अगर संजय सिंह और आतिशी उनके ऊपर लगाए आरोप वापस लेते हैं, तो वह उनके खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि का मुकदमा नहीं चलाने के बारे में सोच सकते हैं। कोर्ट ने 16 जनवरी को संदीप दीक्षित की याचिका पर आतिशी मार्लेना और संजय सिंह को नोटिस जारी किया था।

## भाजपा ने 2013 में वक्फ बिल पर लाए संशोधन का किया था समर्थन




टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। राज्यसभा में गुरुवार को वक्फ (संशोधन) विधेयक-2025 पर चर्चा में भाग लेते हुए कांग्रेस सदस्य डा. सैयद नसीर हुसैन ने कहा कि आज भाजपा ने 1995 और 2013 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार में लाए वक्फ संशोधन पर सवाल उठा रहे हैं। यह अनुचित है, क्योंकि उस समय भाजपा ने उसका समर्थन किया था और वो बिल पास हुआ था।

**साधा निशाना**

**स्टेट वक्फ बोर्ड तक नहीं बनाए गए हैं। आज भाजपा कह रही है कि वो जेपीसी की रिकमेंडेशन लाई है**

सदन में विपक्ष की तरफ से चर्चा की शुरुआत करते हुए डा. हुसैन ने कहा कि 1995 में बण्डारू दत्तात्रेय ने लोकसभा में और सिकंदर बख्त ने राज्यसभा में इस बिल से जुड़ी अपनी बातें रखी थीं। इस दौरान इन दोनों नेताओं ने बिल का समर्थन किया था। जब हम 2013 में संशोधन लेकर आए थे, उस वक्त भाजपा की तरफ से लोकसभा में शाहनवाज हुसैन और राज्यसभा में मुख्तार अब्बास नकवी ने अपनी बात रखी थी और इस संशोधन का समर्थन किया था। अगर ये संविधान के खिलाफ था, तो आपने इसका समर्थन क्यों किया? डा. हुसैन ने दावा किया कि ये वक्फ बिल पूरी तरह से गलत जानकारी कैम्पेन पर आधारित है। किरेन रिजिजू कह रहे हैं कि वो पारदर्शिता लाएंगे, वक्फ बोर्ड को शक्ति देंगे, इसे मजबूत बनाएंगे। आप 10 साल से सरकार में हैं- आज तक ऐसा क्यों नहीं किया? अगर वक्फ बोर्ड से जुड़ी वेबसाइट देखेंगे तो आपको वहां सिर्फ किरेन रिजिजू का नाम नजर आएगा। वहां कोई काउंसिल नहीं है। भाजपा शासित राज्यों में तो स्टेट वक्फ बोर्ड तक नहीं बनाए गए हैं। आज भाजपा कह रही है कि वो जेपीसी की रिकमेंडेशन लाई है, लेकिन सच्चाई ये है कि वहां क्लॉज के हिसाब से चर्चा ही नहीं की गई। सदन के इतिहास में पहली बार जेपीसी पर क्लॉज के हिसाब से चर्चा नहीं हुई। जेपीसी में हमारा कोई सुझाव नहीं माना गया। उन्होंने कहा कि वक्फ का मतलब दान है। दान कोई भी किसी को भी कर सकता है। दान का ये कॉन्सेप्ट हर मजहब में है। दान के इस कॉन्सेप्ट को मैनेज और रेगुलेट करने के लिए वक्फ बोर्ड बनाए गए हैं। वक्फ बोर्ड को मजबूत करने के लिए, वक्फ की संपत्ति को बचाने के लिए, अतिक्रमण करने वालों को हटाने के लिए, उसमें पारदर्शिता लाने के लिए हम संशोधन लेकर आए थे।

## जल मंत्री ने वजीराबाद बैराज का किया निरीक्षण

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने गुरुवार को वजीराबाद बैराज जलाशय के जलशोधन संयंत्र (डब्ल्यूटीपी) और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि वजीराबाद बैराज की जल भंडारण क्षमता को अगले डेढ़ महीने में दोगुना किया जाएगा, जिससे गर्मियों के दौरान भी दिल्ली में जल आपूर्ति सुचारू बनी रहेगी। जल मंत्री ने कहा कि पहले की सरकारों ने इस मुद्दे पर केवल बयानबाजी की लेकिन भाजपा सरकार जलाशय की खुदाई और विस्तार जैसे ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने यहां ट्रीट किए गए पानी को पीकर उसकी गुणवत्ता परखने के बाद दिल्लीवासियों को आश्वस्त किया कि राजधानी में स्वच्छ और सुरक्षित जल की



आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि दिल्ली सरकार अगले 50 साल के लिए जल प्रबंधन का मास्टर प्लान तैयार कर रही है, ताकि जल संकट जैसी कोई स्थिति न उत्पन्न हो। मंत्री ने पूर्ववर्ती केजरीवाल सरकार की नीतियों पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि मैंने किसी के घर में जाकर 20 लीटर की बिसलेरी की बोतल रखकर दिखावा नहीं किया। वह जलशोधन संयंत्रों में जाकर वही पानी पिया, जो हर घर में सप्लाई हो रहा है। हम पारदर्शी तरीके से दिल्लीवासियों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने बताया कि यमुना में बढ़ते प्रदूषण और अवैध अतिक्रमण को रोकने के लिए भी कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। दिल्ली जल बोर्ड ने भारतीय सेना की टेरीटोरियल आर्मी से अनुरोध किया है कि यमुना में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न हो और कोई कूड़ा-कचरा न डाले। इसके

**एक्शन प्लान**

**प्रवेश ने अगले 50 साल के लिए जल प्रबंधन का मास्टर प्लान तैयार करने की घोषणा की**

लिए निगरानी को और कड़ा किया जाएगा और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रवेश वर्मा ने बताया कि दिल्ली में जल प्रबंधन अब तक केवल फायर फाइटर मोड में था- जहां कोई समस्या आई, वहीं अस्थायी समाधान किया गया। अब सरकार 50 साल की दीर्घकालिक योजना पर काम कर रही है, जिससे पाइपलाइन लीकेज, जल संरक्षण और जल वितरण प्रणाली को पूरी तरह अपग्रेड किया जाएगा।

## एनडीएमसी शिकायत निवारण के लिए सुविधा शिविर का करेगी आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) क्षेत्रीय लोगों और सेवाओं के उपयोगकर्ताओं के लिए शनिवार पांच अप्रैल को एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में शिकायत निवारण सुविधा शिविर का आयोजन करेगी। इसमें लोगों से जुड़ी जानकारियां, सुविधा, सूचना और शिकायतों का समाधान एक ही जगह पर उपलब्ध होगा। इस दौरान अलग-अलग विभागों की ओर से सहायता डेस्क लगाए जाएंगे। एनडीएमसी का यह सुविधा शिविर जय सिंह रोड स्थित एनडीएमसी के कन्वेंशन सेंटर में सुबह 10:30 बजे से 12:30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस शिकायत निवारण सुविधा कैम्प में विभिन्न विभागों के हेल्पडेस्क सेवा उपयोगकताओं, कर्मचारियों, आरडब्ल्यू, एमटीए और एनडीएमसी के निवासियों की शिकायतों का निवारण और सुविधा प्रदान करने के लिए उपलब्ध रहेंगे। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद हर महीने के पहले शनिवार को एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर सुविधा शिविर का आयोजन कर रही है।

## केंद्रीय विवि की भूमि नीलामी के विरोध में एबीवीपी ने पर्यावरण मंत्री को सौंपा ज्ञापन

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के राष्ट्रीय सचिव श्रवण बी. राज और शिवांगी खारवाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से मुलाकात की। हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय की चार सौ एकड़ भूमि के अतिक्रमण व नीलामी के मुद्दे पर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने पर्यावरण मंत्रालय से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की, ताकि विश्वविद्यालय की जैव विविधता, वनस्पतियों और जीवों को अतिक्रमण से बचाया जा सके। इस संदर्भ में अभाविप ने एक प्रेस वार्ता आयोजित कर तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार की मनमानी और छात्रों की आवाज को दबाने के प्रयासों की कड़ी निंदा की। परिषद ने स्पष्ट किया कि शिक्षा और अनुसंधान के लिए समर्पित इस भूमि का निजी कंपनियों को सौंपा जाना न केवल अनुचित और निंदनीय है बल्कि इससे क्षेत्र की पारिस्थितिकी संतुलन को भी गहरी क्षति पहुंचेगी। यह चार सौ एकड़ भूमि घने हरित क्षेत्र, दुर्लभ वनस्पतियों और जीव-जंतुओं का आश्रय स्थल है। जहां 734 प्रकार की वनस्पतियां, 220 प्रकार की पक्षी प्रजातियां और संकटग्रस्त भारतीय स्टार कछुआ जैसे जीव पाए जाते हैं। इस क्षेत्र में मौजूद 'पीकॉक लेक' और 'बफेलो लेक' स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने में सहायक हैं। इसके अलावा हैदराबाद की



भूवैज्ञानिक धरोहर का प्रतीक 'मशरूम रॉक' भी इसी भूमि का हिस्सा है अभाविप द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कई प्रमुख मांगें सम्मिलित हैं, जिनमें पर्यावरण मंत्रालय द्वारा त्वरित हस्तक्षेप कर जंगलों की कटाई से हो रहे भूमि क्षरण को रोकना, हैदराबाद की पारिस्थितिकी तंत्र का अभिन्न अंग मानी जाने वाली समृद्ध वनस्पतियों और जीवों का संरक्षण सुनिश्चित करना, विश्वविद्यालय परिसर में रहने वाली संकटग्रस्त प्रजातियों को बचाना और अवैध अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना आदि उल्लेखित है। इस क्षेत्र को एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय संपत्ति के रूप में मान्यता देने की मांग भी

**कड़ी निंदा**

**मुख्यमंत्री रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार की मनमानी और छात्रों की आवाज को दबाने के प्रयासों की कड़ी निंदा की**

उठाई गई। अभाविप के राष्ट्रीय सचिव श्रवण बी. राज ने कहा कि रेवंत रेड्डी सरकार ने अपने स्वार्थों को पूरा करने के लिए विश्वविद्यालय की भूमि पर अतिक्रमण शुरू कर दिया है। निजी संस्थाओं को लाभ पहुंचाने के लिए अवैध कार्यों को अंजाम दे रही है। सरकार ने पहले ही बुलडोजर लगाकर शहरी जंगल को नष्ट करने का कार्य आरंभ कर दिया है। जिससे क्षेत्र की पारिस्थितिक संतुलन और पर्यावरणीय स्थिरता को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। बी.राज ने बताया कि आज हमारे प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव से मुलाकात कर इस अवैध अतिक्रमण को तत्काल रोकने और हैदराबाद क्षेत्र की समृद्ध जैव विविधता की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। एबीवीपी की राष्ट्रीय मंत्री शिवांगी खारवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर के भीतर स्थित प्राकृतिक आवास पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे समय में जब पूरी दुनिया 'ग्लोबल वार्मिंग' और पर्यावरणीय क्षरण जैसी चुनौतियों का सामना कर रही है।

# सरकार का उद्देश्य लोगों के जीवन को आसान बनाना: सैनी

## डीसी और एसडीएम प्रतिदिन व्यक्तिगत रूप से समाधान शिविर में उपस्थित होकर जनता की शिकायतों का मौके पर करें समाधान - मुख्यमंत्री

**समीक्षा की**

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने समाधान शिविर में जनता से की बातचीत, लोगों की संतुष्टि के स्तर के बारे में प्रत्यक्ष रूप से फीडबैक लिया**

**मुख्यमंत्री ने शिकायतों का समय पर समाधान सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज यहां वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला और उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविरों में जनता से बातचीत की। बातचीत के दौरान उन्होंने लोगों की संतुष्टि के स्तर के बारे में प्रत्यक्ष रूप से जानकारी हासिल की। मुख्यमंत्री ने उपायुक्तों और उपमंडल मजिस्ट्रेटों (एसडीएम) को भी प्रतिदिन व्यक्तिगत रूप से शिविर में उपस्थित होकर लोगों की शिकायतों का मौके पर ही समाधान करने के निर्देश दिए, ताकि शिकायतों का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी भी उपस्थित थे।
मुख्यमंत्री ने उपायुक्तों और एसडीएम से प्राप्त शिकायतों, निपटाई गई शिकायतों और लंबित शिकायतों की संख्या के बारे में भी जानकारी हासिल की। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि अक्टूबर से मार्च 2025 तक सभी जिलों में समाधान शिविरों में प्राप्त 18,925 शिकायतों में से 10,955 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है, 6,639 लंबित हैं और 1,331 को खारिज कर दिया गया है। इसी प्रकार, राज्यभर में शहरी स्थानीय निकायों में आयोजित समाधान शिविरों में प्राप्त 8,635 शिकायतों में से 5,761 का समाधान किया जा चुका है, 1,813 लंबित हैं और 1,061 को खारिज कर दिया गया है।





### मुख्यमंत्री ने समाधान शिविरों में लोगों से किया संवाद

**मुख्यमंत्री ने** जिला एवं उपमंडल मुख्यालयों पर आयोजित समाधान शिविरों में लोगों से संवाद किया तथा उपस्थित लोगों से फीडबैक लिया। संवाद के दौरान, रोहतक में समाधान शिविर में आई एक महिला ने एक निजी स्कूल द्वारा धारा 134-ए के तहत बच्चे के दाखिले के लिए फीस मांगने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने उपायुक्त को शिकायतकर्ता की सहानुभूतिपूर्वक सुनवाई करने तथा मामले की गहन जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपायुक्त को यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि जिले का कोई भी स्कूल इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त न हो। पानीपत में समाधान शिविर में अपने राशन कार्ड से संबंधित शिकायत लेकर आए एक प्रवासी मजदूर से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने "एक राष्ट्र- एक राशन कार्ड" योजना पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह योजना प्रवासी मजदूरों तथा उनके परिवारों को देशभर में किसी भी उचित मूल्य की दुकान (एफपीएस) से सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) का लाभ प्राप्त करने में सक्षम बनाती है। एक अन्य मामले में, यमुनानगर के बिलासपुर में समाधान शिविर में आए एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री को बताया कि कई प्रयासों के बावजूद, वह अपनी फसल के नुकसान का विवरण ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपलोड करने में असमर्थ है। इस पर नायब सिंह सैनी ने बिलासपुर के एसडीएम को निर्देश दिए कि वे इस मुद्दे को वित्त आयुक्त, राजस्व के समक्ष उठाएं और सुनिश्चित करें कि इसका जल्द से जल्द समाधान हो। मुख्यमंत्री ने शिकायतों की स्थिति के बारे में डबवाली के एसडीएम से भी फीडबैक मांगा और उन्हें सीवरेज, बिजली, सिंचाई, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी और किसान क्रेडिट कार्ड से संबंधित सभी मुद्दों को तुरंत हल करने के निर्देश दिए। पानीपत में समाधान शिविर में शिकायतों की अधिक संख्या और बड़ी संख्या में लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए, मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने निर्देश दिए कि एक वरिष्ठ अधिकारी जल्द ही स्थिति का आकलन करने के लिए पानीपत का दौरा करेंगे ताकि इस दिशा में उचित कदम उठाए जा सकें। बैठक में शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव विकास गुप्ता, सूचना जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक के मकरंद पांडुरंग, विशेष सचिव निगरानी एवं समन्वय श्रीमती प्रियंका सोनी, संयुक्त सचिव निगरानी एवं समन्वय प्रकोष्ठ श्रीमती मीनाक्षी राज और मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती उपस्थित थे।

**विभिन्न विभागों से संबंधित जन शिकायतों का एक ही स्थान पर समाधान करने के लिए लगाए जा रहे समाधान शिविर**
नायब सिंह सैनी ने कहा कि विभिन्न विभागों से संबंधित जन शिकायतों का एक ही स्थान पर समाधान सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने जिला एवं उपमंडल मुख्यालय स्तर पर समाधान शिविर शुरू किए हैं। ये शिविर प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किए जाते हैं। इन शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहते हैं, ताकि अपने-अपने विभागों से संबंधित शिकायतों का त्वरित समाधान किया जा सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि समाधान शिविरों के संबंध में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग राज्य सरकार की इस पहल का लाभ उठा सकें।

**मुख्यमंत्री ने जिलों में लंबित शिकायतों का लिया संज्ञान**
मुख्यमंत्री ने कुछ जिलों में शिकायतों के लंबित रहने का कड़ा संज्ञान लेते हुए उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ मिलकर सप्ताह में एक बार इन शिकायतों की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा करें, ताकि लंबित मामलों की संख्या शून्य हो। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नीतिगत निर्णयों से जुड़ी शिकायतों को मुख्य सचिव कार्यालय को भेजा जाना चाहिए, जहां उनके समाधान के लिए सरकार के स्तर पर निर्णय लिए जा सकते हैं। राज्य सरकार का उद्देश्य लोगों के जीवन को आसान बनाना है, ताकि उन्हें अपने काम करवाने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें।

**यदि शिकायतकर्ताओं को एक ही मुद्दे के लिए बार-बार समाधान शिविरों में जाना पड़ता है तो अधिकारी जवाबदेह होंगे**
मुख्यमंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि जिला स्तर के अलावा उप-मंडल मुख्यालयों पर भी नियमित रूप से समाधान शिविर आयोजित किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि एसडीएम के अलावा संबंधित विभागों के अधिकारी भी इन शिविरों में मौजूद रहें, ताकि उनके विभागों से संबंधित जन शिकायतों का तुरंत समाधान सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि यदि शिकायतकर्ता को एक ही मुद्दे के लिए बार-बार समाधान शिविरों में जाना पड़ता है तो इसके लिए अधिकारी जवाबदेह होंगे।

# संवाद किसी भी समस्या के समाधान का होता है केंद्र बिंदु: हरविंद्र



**संवाद**

**विधानसभा की समितियां लेती हैं राज्य सरकार से एक-एक पैसे का हिसाब**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि संवाद किसी भी समस्या के समाधान का केंद्र बिंदु होता है। सार्थक चर्चा से निष्कर्ष निकले जाते हैं और निर्णय लिए जाते हैं। विधानसभा का सदन प्रदेश के लोगों के लिए नीति निर्धारण का अहम जरिया है। इसी सदन से योजनाओं के लिए बजट पारित किया जाता है और खर्च किए गए एक-एक पैसे का हिसाब भी विधानसभा की समितियां लेती हैं। यह समितियां सरकार को भी फिजूल खर्ची न करने की सलाह देती हैं।
विधानसभा अध्यक्ष आज राजधानी युवा संसद द्वारा हरियाणा विधानसभा सदन में दो दिवसीय हरियाणा युवा संवाद, 2025 कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जहां यह सम्मेलन हो रहा है यह कोई साधारण मंच नहीं है बल्कि जनता द्वारा चुने हुए जनप्रतिनिधियों का मंच है, जहां वे अपने-अपने क्षेत्र की मांग उठाते हैं और समस्याओं के समाधान का प्रयास करते हैं। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र ही नहीं बल्कि प्राचीनतम लोकतंत्र है। हरविंद्र कल्याण ने कहा कि संसद व विधानमंडलों के सदन लोकतंत्र की आत्मा होती है। उन्होंने कहा कि संसदीय प्रणाली में विधायिका, कार्यपालिका व न्यायपालिका तीन स्तंभ होते हैं। मीडिया को भी लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना गया है। विधायिका का महत्व सबसे अहम होता है और यह लोगों के लिए कानून बनाती है और समय-समय पर इसमें संशोधन भी करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने "वन नेशन, वन रजिस्ट्रेशन" डिजिटल प्लेटफार्म तैयार करने की पहल की है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी आधार पर आईटी को बढ़ावा दिया जा रहा है और आने वाले समय में कोई भी वक्ति इस प्लेटफार्म के माध्यम से यह जानकारी हासिल कर सकता है, किस समय किस विधायक व सासंद ने सदन में वक्तव्य दिया था।

# हरियाणा के मुख्य सचिव ने ई-ऑफिस के लिए लॉन्च किया ई-लर्निंग पोर्टल

**प्रक्रिया**

**डिजिटल कौशल बढ़ाना और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने में उनकी मदद करना है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने ई-ऑफिस प्लेटफॉर्म के लिए एक नया ई-लर्निंग पोर्टल लॉन्च किया है। इसका उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों का डिजिटल कौशल बढ़ाना और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने में उनकी मदद करना है। हरियाणा राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड (हारट्रॉन) द्वारा विकसित यह ई-लर्निंग पोर्टल कर्मचारियों को संरचित (स्ट्रक्चर्ड) प्रशिक्षण मॉड्यूल उपलब्ध करवाता है। इसका उपयोग
ीींश्ल्लल्लॅं१३१ङ्मल्ल.ङ्म४ॅ.ल्ल
के माध्यम से किया जा सकता है। इसमें उपयोगकर्ता के अनुकूल पाठ्यक्रम हैं, जो ई-ऑफिस प्रणाली को आसानी से समझने और उपयोग करने में अधिकारी-कर्मचारियों की मदद करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। यह प्लेटफॉर्म डिजिटल गवर्नेंस को बढ़ावा देने के हरियाणा के व्यापक दृष्टिकोण का समर्थन करता है और इस बात पर बल देता है कि सरकारी काम तेजी से और पारदर्शी तरीके से किया जाए। यह प्लेटफॉर्म द्विभाषी है।लॉन्चिंग के अवसर पर बोलते हुए मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने सरकारी विभागों में निरंतर सीखने और डिजिटल रूपांतरण के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस पहल से न केवल दक्षता और जवाबदेही में सुधार होगा बल्कि सरकारी काम भी तेज और सुलभ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सभी प्रशासनिक प्रक्रियाओं को डिजिटल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और
यह प्रशिक्षण पोर्टल इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्य सचिव ने ऐसे अन्य पाठ्यक्रमों की पहचान करने के लिए एक समिति गठित करने के निर्देश दिए, जिन्हें इस पोर्टल पर शामिल किया जा सकता है।

# जींद अनाज मंडी में अव्यवस्था पर भड़की भाकियू

**टीम एक्शन इंडिया**
**जींद।** भारतीय किसान यूनियन ने गुरूवार को अनाज मंडी में प्रदर्शन किया और मार्केट कमेटी सचिव को मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। किसानों ने आरोप लगाए सरसों के तौल में गड़बड़ी की जा रही है तो वहीं गेहूं खरीद शुरू हो चुकी है और अभी तक बारदाना भी नहीं पहुंच पाया है। मंडी में पेयजल की व्यवस्था सही की जाए। भाकियू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामफल कंडेला की अध्यक्षता में किसान जींद नई अनाज मंडी के गेट पर एकत्रित हुए। इसके बाद भाकियू नेता किसानों से मिले। यहां किसानों ने बताया कि सरसों की खरीद की जा रही है लेकिन समय पर उठान नहीं हो रहा। इसके अलवा तौल में भी गड़बड़ी की जा रही है। खरीदी जा रही सरसों का वजन कम किया जा रहा है। इसके बाद किसान मार्केट कमेटी सचिव संजीव कुमार से मिले और ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि मंडी में गेहूं खरीद को लेकर इंतजाम अधूरे हैं। बारदाना अभी तक नहीं मिल पाया है। ढुलाई को लेकर तैयारियां पूरी नहीं हैं। उनकी मांग है कि जल्द से जल्द समस्या का समाधान किया जाए। किसानों के लिए पेयजल की बेहतर व्यवस्था की जाए। किसानों के रहनेए खाने.पीनेए सोने की व्यवस्था सही की जाए। मार्केट कमेटी सचिव संजीव कुमार ने किसानों की मांगों के उचित समाधान का आश्वासन दिया। इस मौके पर जिला प्रधान बारू राम, प्रदेश प्रवक्ता छज्जू राम कंडेला, युवा जिला प्रधान बिंद्र नंबरदार, राममेहर लोहान, राजेंद्र पहलवान सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पीएम की यमुनानगर में होगी ऐतिहासिक रैली :कृष्ण लाल पंवार

**दिशा-निर्देश**

**पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। भाजपा एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मसिंह मटटू ने की**

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव जंयती एवं थर्मल पांवर प्लांट के रूप में यमुनानगर को बहुत बड़ी सौगात देने के लिए 14 अप्रैल को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन पर हरियाणा के पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने एससी मोर्चा के पदाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में सभी पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस बैठक की अध्यक्षता भाजपा एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मसिंह मटटू ने की। बैठक में पहुंचने पर एससी मोर्चा के पदाधिकारियों एवं नगर निगम की महापौर सुमन बहमनी ने पंचायत मंत्री को पुष्प गुच्छ जोरदार स्वागत किया। गुरुवार को बैठक में बोलते हुए पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि 14 अप्रैल को यमुनानगर में ऐतिहासिक रैली होगी और इस महारैली में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यमुनानगर में लगने वाले थर्मल पांवर प्लांट की आधारशिला भी रखेंगे। उन्होंने कहा कि वैसे तो हमारे देश में सदियों से अनेक महान संतो ने जन्म लेकर इस भारत भूमि को धन्य किया है जिसके कारण भारत को विश्वगुरु कहा जाता है और भारत में अनेक महापुरुषों ने इस धरती पर जन्म लेकर समाज में फैली बुराईयों, कुरूतियो को दूर करते हुए अपने बताये हुए सच्चे मार्ग पर चलते हुए भक्ति भावना से पूरे समाज को एकता के सूत्र में बाधने का काम किया है। उन्होंने कहा कि देश ही नहीं बल्कि विश्व की महान शख्सियत बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती को बड़ी धूमधाम व हर्ष के साथ यमुनानगर में मनाने जा रहे हैं। हरियाणा के पंचायत मंत्री ने कहा कि बाबा साहेब ने प्रत्येक समाज के प्रत्येक व्यक्ति के लिए संविधान में आगे बढने.के लिए कुछ न कुछ अवश्य दिया है, इसलिए हम सभी ने डॉ भीमराव अंबेडकर जी द्वारा दी गई सविधान रूपी अनमोल धरोहर का आदर करना चाहिए।

# अध्यापकों ने मांगों को लेकर डिप्टी स्पीकर को सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**जींद।** एचकेआरएन के तहत लगे पीजीटी तथा टीजीटी अध्यापकों ने गुरूवार को डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा से मुलाकात की और ज्ञापन सौंप कर नई भर्ती, पदोन्नति व ट्रांसफर से प्रभावित अध्यापकों को रिक्त पदों पर समायोजित करने के बाद ही रिलीव करने की मांग की है। एचकेआरएन अध्यापक एसोसिएशन के आह्वान पर पीजीटी तथा टीजीटी अध्यापक नेहरू पार्क में एकत्रित हुए। जिन्होंने सरकार के आदेशों पर मंथन किया। लक्ष्मी, ममता, साक्षी, पूनम, सुनीता, बबीता, राकेश, सत्येंद्र, कृष्ण, विरेंद्र ने कहा कि सरकार के आदेशों से एचकेआरन के तहत लगे काफी संख्या में अध्यापक बेरोजगार होने तथा आजीविका को संकट पैदा हो जाएगा। एचकेआरएन के तहत लगे सभी अध्यापक सभी योग्यता पूरी करते हैं। वे अपने कार्य को पूरी निष्ठा के तहत पूरा कर रहे हैं। जिसके बाद सभी अध्यापक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे और उन्होंने मांग की कि नई भर्ती, ट्रांसफर, पदोन्नति से प्रभावित एचकेआरएन टीजीटी, पीजीटी अध्यापकों को जिले के दूसरे स्कूलों में खाली पड़े पदों पर समायोजित कर ही रिलीव किया जाए।

# हरियाणा का आईआईटी मद्रास के साथ एमओयू

**नीति लागू**

**सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए सात दिनों के लिए 1.5 लाख रुपये तक के कैशलेस उपचार की नीति लागू की**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने आईआईटी, मद्रास के साथ सहयोग बढ़ाते हुए, डेटा-संचालित सड़क सुरक्षा हस्तक्षेपों के लिए और दो साल के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौते का अनावरण हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी और आईआईटी, मद्रास में सड़क सुरक्षा हेतु उत्कृष्टता केंद्र (सीओईआरएस) के प्रमुख, प्रोफेसर वेंकटेश बालासुब्रमण्यम की उपस्थिति में किया गया। यह साझेदारी दुर्घटना के आंकड़ों का अनुमान लगाने और लक्षित हस्तक्षेपों की योजना बनाने के उद्देश्य से प्रदेश में पहले लॉन्च किए गए संजय प्लेटफॉर्म जैसे उपकरणों का उपयोग करती है।
इस अवसर पर परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अशोक खेमका, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल, परिवहन आयुक्त दुष्मंता कुमार बेहरा और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। सड़क सुरक्षा उपायों पर एक बैठक के दौरान, रस्तोगी ने सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की जान बचाने की आवश्यकता पर बल देते हुए व्यावहारिक रणनीतियां लागू करने के लिए एक कार्य समूह के गठन का आह्वान किया। उन्होंने परिवहन और स्वास्थ्य विभागों को आपातकालीन प्रतिक्रिया में सुधार के लिए विशेष रूप से राजमार्गों के पास ट्रॉमा सेंटरों को अपग्रेड करने के लिए एक विस्तृत रोडमैप विकसित करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2022 से सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में कमी आई है और तेज गति से वाहन चलाना दुर्घटनाओं का प्राथमिक कारण पाया गया। इससे निपटने के लिए, सरकार प्रमुख राजमार्गों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी और ई-चालान बढ़ा रही है
। रस्तोगी ने दुर्घटना पीड़ितों को तेजी से अस्पताल स्थानांतरित करने तथा पुलिस, चिकित्सा और परिवहन विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया।
बैठक के दौरान चर्चा में सड़क सुरक्षा के 5 ई- एजुकेशन, इंजीनियरिंग, इंफोर्समेंट, इमरजेंसी केयर और एम्पथी यानी सहानुभूति- को मृत्यु दर को कम करने के लिए महत्वपूर्ण स्तंभ बताया गया। प्रमुख रणनीतियों में व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देना, प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना और पुलिस प्रशिक्षण को बढ़ाना शामिल है। उल्लेखनीय है कि दुर्घटना के 24 घंटे के भीतर पुलिस को सूचित करने पर, सरकार ने सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए सात दिनों के लिए 1.5 लाख रुपये तक के कैशलेस उपचार की नीति लागू की है।

# गैर कानूनी गर्भपात पर सख्त कार्रवाई करेगा प्रशासन: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद। टी**बी मुक्त अभियान के द्वारा प्रदेश सहित देश को भी टीबी मुक्त बनाना है और यह तभी संभव होगा जब समाज का प्रत्येक वर्ग इस अभियान में जुडकर अपना सहयोग करे। यह बात उपायुक्त(डीसी) विक्रम सिंह ने गुरुवार को सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में आयोजित टीबी मुक्त पंचायत कार्यक्रम में कही। टीबी मुक्त पंचायत कार्यक्रम में जिला फरीदाबाद की टीबी मुक्त पंचायतों को पुरस्कृत किया गया जिनमें ग्राम पंचायत जुन्हैड़ा, भत्तपुरा और खेड़ा को टीबी मुक्त पंचायत कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए रजत पदक और साथ ही 42 ग्राम पंचायतों को कांस्य पदक देकर सम्मानित किया। डीसी विक्रम सिंह ने सभी ग्राम पंचायतों के सरपंचों की प्रशंसा करते हुए आगे भी टीबी मुक्त पंचायत कार्यक्रम में अपना योगदान देने के लिए कहा और साथ ही सभी ग्राम सरपंचों से नशा मुक्त हरियाणा अभियान में अपने गांवों की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गावों में नशे के विरुद्ध जागरूक बनें। किसी मामले में प्रशासनिक कार्रवाई की आवश्यकता पर तुरंत शिकायत दें।

# नए कानूनों के तहत छह लूट के आरोपियों को छह माह में मिली सजा

**टीम एक्शन इंडिया**
गुरुग्राम। नए कानूनों के लागू होने से पुलिस व न्यायिक कार्यप्रणाली में तेजी आई है। अपराध करने के मात्र छह महीने के अंदर लूट, चोरी व धोखाधड़ी के आरोपियों को यहां की अदालत ने सजा सुनाई है। तीन आरोपियों को दोषी ठहराते हुए अदालत ने गुरुवार को 10 साल की कैद व जुमार्ना की सजा सुनाई है।जानकारी के अनुसार 12 अक्टूबर 2024 की रात को एक व्यक्ति ने थाना मानेसर में एक शिकायत में कहा गया था कि 11/12 अक्टूबर 2024 की रात को वह मानेसर के नजदीक हाईवे पर किसी वाहन के इंतजार में खड़ा था। तभी वहां पर एक गाड़ी आई, जिसमें तीन व्यक्ति बैठे थे। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम जाना है तो गाड़ी में बैठ जाओ। वह उस गाड़ी में बैठ गया। इसके बाद कुछ दूरी पर चलने के बाद गाड़ी में बैठे लोगों ने चाकू दिखाकर उससे उसका पर्स ले लिया और फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर थाना मानेसर में केस दर्ज किया गया। अपराध शाखा मानेसर के इंचार्ज उपनिरीक्षक ललित कुमार की टीम ने इस लूट करने की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को 12 अक्टूबर को ही गांव शिकोहपुर जिला गुरुग्राम के पास से काबू किया था। आरोपियों की पहचान रमेश, गंगाराम उर्फ सन्नी व के. सेलवराज तीनों निवासी त्रिलोकपुरी मयूर विहार फेज-1, दिल्ली के रूप में हुई थी। आरोपियों से पुलिस पूछताछ में पता चला कि वे किसी अकेले व्यक्ति को अपना निशाना बनाते थे। आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में दिल्ली एनसीआर, केएमपी एक्सप्रेस-वे, उत्तर-प्रदेश से इस तरह की करीब 50 वारदातों को अंजाम देने का खुलासा किया था। गुरुवार को एडिशनल सेशन जज संदीप चौहान की अदालत ने आरोपियों को दोषी ठहराते हुए फैसला सुनाया।

# शहर वहीं तरक्की करता है जिसे देखने के लिए बाहर से लोग आते हैं: विज

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि ह्लशहर वहीं तरक्की करता है जिसे देखने के लिए बाहर से लोग आते हैंह्व। उन्होंने कहा कि अम्बाला छावनी में देश व विदेश के बडे तथा मैट्रोपोलिटन शहरों की तर्ज पर ओपन/डबल डेकर बस चलाने की योजना है जोकि पर्यटकों को शहीद स्मारक, साइंस सेंटर, बैंक स्क्वेयर, रानी का तालाब होते हुए सुभाष पार्क तक घुमाएगी। इससे लोगों को शहर की खूबसूरती देखने का बेहतर अवसर मिलेगा। विज अंबाला में अपने आवास पर सुभाष पार्क में सुधार एवं अन्य कार्यों को लेकर सुभाष पार्क मैनेजमेंट कमेटी के अलावा



एसडीएम, ईओ व अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर एसडीएम विनेश कुमार, ईओ रविंद्र कुहार, सुभाष पार्क मैनेजमेंट कमेटी के चेयरमैन संजीव वालिया के अलावा अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि सुभाष पार्क आज अम्बाला ही नहीं बल्कि हरियाणा में आकर्षण का केंद्र बन गया है जहां आने वाले लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। उन्होंने कमेटी के सदस्यों व अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों के मनोरंजन के लिए पार्क में टॉय ट्रेन और हॉट एयर बैलून चलाने की सुविधा प्रारंभ की जाए। उन्होंने इस संबंध में नगर परिषद अधिकारियों को जल्द से जल्द कार्रवाई के निर्देश भी दिए क्योंकि इनके प्रारंभ होने से पार्क में बच्चों व लोगों के मनोरंजन में और इजाफा होगा।

**आकर्षण**

**सुभाष पार्क अम्बाला ही नहीं बल्कि हरियाणा में आकर्षण का केंद्र बन गया है जहां आने वाले लोगों की संख्या बढ़ती जा रही**

**सुभाष पार्क में हॉट लाइन से होगी विद्युत आपूर्ति, मंत्री विज ने निर्देश दिए**
बैठक में ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने सुभाष पार्क में बिजली आपूर्ति को लेकर चर्चा की। उन्होंने सुभाष पार्क को बिजली की हॉट लाइन से जोड़ने के लिए बिजली अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। हॉट लाइन से बिजली आपूर्ति होने पर पार्क में विद्युत आपूति निरंतर होगी।

**सुभाष पार्क में सीजनल व ऑल वेदर फूल लगाए जाए ताकि पार्क हर समय खिलता दिखे - विज**
बैठक के दौरान कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने निर्देश दिए कि सुभाष पार्क में इस समय कई फूल व पौधे लगे हैं जोकि आकर्षण का केंद्र है। मगर फूलों की संख्या को और बढ़ाया जाए ताकि पार्क हर समय खिलता हुआ नजर आए। उन्होंने कहा कि पार्क में सीजनल और ऑल वेदर दोनों फूल लगाए जाए।

# बिना खर्ची-पर्ची के युवाओं को रोजगार देकर युवाओं में एक नई आशा की किरण जगाई: मोहन

टीम एक्शन इंडिया
समालखा ( कुलदीप सिंह )
**पट्टी कल्याणा के सेवा** साधना केंद्र भाजपा की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला के समापन के अवसर पर प्रेस वार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता मे बोलते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडोली ने कहा कि भाजपा की हरियाणा सरकार ने गत लगभग 11 वर्षों के दौरान जहाँ विकास कार्यों का नया रिकॉर्ड बनाया है वहीं बिना खर्ची-पर्ची के प्रदेश के लाखों युवाओं को सरकारी रोजगार देकर युवाओं में एक नई आशा की किरण जगा दी है` उन्होंने कहा कि भाजपा पानीपत को शक्ति केंद्र के रूप में उभरते हुए देख रही है यही कारण है कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों के अलावा अधिकतर कार्यशालाओं का



आयोजन भी पानीपत की पवित्र भूमि पर किया जा रहा है उन्होंने कहा कि पट्टी कल्याणा में सेवा साधना केंद्र में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों को पार्टी की विचारधारा से पूरी तरह अवगत करवा दिया गया है और भाजपा की रीति-नीति पर चलने की शिक्षा भी दी गई है` उन्होंने कहा कि भाजपा का लक्ष्य अन्तोदय पर आधारित है ताकि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाया जा सके उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने किसान कल्याण की अनेक योजनाएं भी लागू की हैं `भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडोली ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने अपने गत 10 वर्षों के दौरान रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य करवाए हैं और अनेक जटिल

**कार्यशाला**

**प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों के अलावा कार्यशालाओं का आयोजन भी पानीपत की भूमि पर किया जा रहा**

समस्याओं का समाधान भी किया है ` उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने जहाँ हजारों विकास कार्य करवाए हैं वही धारा 370 हटवाई, ट्रिपल तलाक से मुस्लिम महिलाओं को मुक्ति दिलवाई और वक्फ बोर्ड में पारदर्शिता व सुशासन लाने के लिए ही वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक लोकसभा में पास करवाया और इन्ही नीतियों के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता का ग्राफ तेजी से बढ़ा है` बडोली ने कहा कि लगभग 11 वर्षों के शासन के दौरान एक भी घोटाला नहीं हुआ है ` बीजेपी में भ्रष्टाचारियों के लिए कोई माफी का खाना नहीं है उन्होंने कहा कि आगामी 14 अप्रैल को भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा को दो बड़ी सौगातें देंगे जिनमें हिसार में एयरपोर्ट का उदघाटन होगा और यमुनानगर में 800 मेगावाट बिजली यूनिट का शिलान्यास भी करेंगे प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर हरियाणा के लोगों में काफी उत्साह है और हरियाणवी दिल खोलकर अपने प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे` उन्होंने कार्यशाला के कुशल प्रबंधन के लिए आयोजक मंडल और प्रबंधन में लगे सभी 200 कार्यकताओं की कार्यशैली की भी मुक्त कंठ से प्रशंसा की ।

# भारत विकास परिषद की कर्ण शाखा ने विद्यार्थियों के साथ मनाया प्रवेश उत्सव

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल। भारत विकास परिषद** की कर्ण शाखा द्वारा राजकीय उच्च विद्यालय कलवेहड़ी में भारतीय नव संवत्सर 2082 पर विद्यर्थियों के प्रवेश उत्सव का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम को विशेष रूप से स्थानीय श्रद्धानंद अनाथालय की योग्य व होनहार बालिकाओं द्वारा विधिवत रूप से शुद्ध स्वस्तिवाचन मंत्रों के उच्चारण से हवन यज्ञ कर शुभारंभ किया गया। बालिकाओं द्वारा किए गए मंत्रोच्चरण से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश ठकराल को शाखा के सदस्यों द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। सुदेश ठुकराल ने छठी कक्षा में प्रवेश लेने वाले सभी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर उनका सम्मान किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बच्चों को



मन लगाकर तथा परिश्रम से पढ़-लिखकर उच्च शिक्षा ग्रहण कर तथा योग्य नागरिक बनकर अपने देश की तरक्की में भागीदार बनने और देश का नाम विश्व में ऊंचा करने का आशिर्वाद दिया। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा दिया गया ज्ञानवर्धक उद्बोधन, बच्चों के लिए एक विशेष और यादगार अनुभव रहा। कार्यक्रम में उपस्थित हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य कपिल अत्रेजा ने ग्रामवासियों द्वारा विद्यालय को सीनियर सेकेंडरी तक की मान्यता दिलाने की मांग को सम्बन्धित अधिकारियों तक पहुंचाने और इस मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर गांव कलवेहड़ी की सरपंच अमृत कौर, कर्ण शाखा की अध्यक्षा ज्योति चौधरी, निवर्तमान अध्यक्ष पंकज गर्ग, प्रांतीय कोषाध्यक्ष नीरज गोयल, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य कपिल अत्रेजा, विधालय के सभी शिक्षकगण, विद्यार्थी, स्थानीय ग्रामवासी भी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम विद्यालय के सभी शिक्षकगण, विद्यार्थियों तथा उपस्थित सभी अतिथियों के लिए अलौकिक और आत्मिक शांति देने वाला अनुभव रहा।

# जय जयकार करती माता भूरा भवानी मंदिर सिसोठ पहुंची महिला श्रद्धालु



टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना
**महेंद्रगढ़** । नवरात्रि के छठे दिन माता भूरा भवानी मंदिर सिसोठ में पुलिस कॉलोनी फ्लाइओवर रिवासा से नीलम, अमित भूरिया ग्रूप और गांव सिसोठ से पूजा, दीपक ग्रूप एवं सुशील ग्रूप की सैकड़ों महिलाओं का अलग अलग जत्था माता रानी की जय जयकार लगाते हुए मंदिर परिसर में पहुंचकर अपनी ध्वजा चढ़ाई और मंदिर में पूजा अर्चना कर माता रानी का आशीर्वाद लिया ! मंदिर की महंत शक्तिनाथ महाराज ने बताया कि नवरात्री का छठा दिन मां कात्यायनी को समर्पित है। इस दिन भक्त मां कात्यायनी का आराधना करते हैं। मां कात्यायनी जीवन को सफल और शरीर को निरोग होने का वरदान देती हैं। इस दिन लोग माता से लोग अच्छे स्वास्थ्य का वरदान मांगते हैं। माता कात्यायनी को प्रसन्न करने के लिए आपको सुबह जल्दी उठकर स्नान-ध्यान करना चाहिए और पीले वस्त्र धारण करने चाहिए। माता कात्यायनी को पीला रंग अति प्रिय है। इसके साथ ही आपको माता को पीले फूल अर्पित करने चाहिए और उनसे सुख-समृद्धि की कामना करनी चाहिए। ये छोटा सा उपाय करके आप अपने जीवन में सुख-शांति ला सकते है ! कमेटी के पूर्व प्रधान एवं संरक्षक प्रेमचंद सिसोठिया,प्रधान संदीप यादव, सचिव मा.अनिल यादव एवं कमेटी सदस्य मुकेश चौहान ने बताया कि माता भूरा भवानी मंदिर में सुबह शाम आरती होती है और प्रतिदिन सुबह 9 बजे महंत शक्तिनाथ महाराज के सानिध्य में हवन होता है !माता का विशाल जागरण 4 अप्रैल को होगा और माता का महान मेला व भंडारे का आयोजन 6 अप्रैल को होगा ! मेले में खेल प्रतियोगिता होगी जिसमें 51 रुपया से 5100 रुपया कुश्ती की कुश्ती करवाई जाएगी !

# महापौर ने इंजीनियरिंग ब्रांच के साथ की मीटिंग

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल। महापौर रेणू बाला गुप्ता** ने इंजीनियर विंग के साथ बैठक कर विकस कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने शहर के 1 से 20 वार्डों में चल रहे विकास कार्यों का स्टेटस जाना और उन्हें जल्दी मुकम्मल करने के निर्देश दिए। करीब तीन घण्टे चली बैठक में उन्होंने वार्ड अनुसार एक-एक कार्य की सम्बंधित कार्यकारी अभियंता से जानकारी प्राप्त की और उचित दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने शहर की सडकों को गढ्ढा मुक्त करने पर जोर दिया और कहा कि सीवरेज ओवरफ्लो, स्ट्रीट लाईट तथा पार्कों से



सम्बंधित कोई भी शिकायत आने पर तुरंत प्रभाव से उस पर एक्शन लेते हुए उसका निवारण किया जाए। मूलभूत सुविधाओं को लेकर शहरवासियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि करीब तीन माह बाद मानसून आने वाला है, इसे देखते अपनी तैयारियां पूरी कर ली जाएं। शहर में मौजूद सभी बड़े नाले, कर्ण कैनाल तथा ड्रेन नम्बर-1 की साफ-सफाई व गाद निकालने का कार्य समय रहते पूरा किया जाए, ताकि शहरवासियों को जल भराव की दिक्कत का सामना न करना पड़े। विकास कार्यों की स्थिति जान महापौर ने अभियंताओं को निर्देश दिए कि सभी कार्यों को गतिमान बनाएं, गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा कार्यों में प्रयुक्त सामग्री के सैम्पलों की जांच भी अवश्य करवाएं। उन्होंने कहा कि जो निर्माण एजेंसी गुणवत्ता पर ध्यान नहीं देगी, उस पर कार्रवाई करते हुए उसे ब्लैक लिस्ट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इंजीनियर केवल कार्यालयों तक ही सीमित न रहें, फील्ड पर जाकर विकास कार्यों की मॉनिटरिंग करें, ताकि उसमें पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित रहे। उन्होंने कहा कि पार्कों के बाहर ठेकेदार का नाम व मोबाईल नम्बर लिखवाया जाए।

# नशा मुक्त हरियाणा का संदेश पहुंचाए हर घर की दहलीज तक: अनिल

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना
**महेंद्रगढ़, । एसडीएम** अनिल कुमार यादव ने बताया है कि नागरिक हरियाणा उदय पोर्टल पर उपलब्ध पर आन लाइन प्लेट फार्म प्रणाली के जरिये अपना रजिस्ट्रेशन करें और साइक्लोथॉन के भागीदार बनें। उन्होंने बताया कि साइक्लोथॉन यात्रा का जिला में प्रवेश स्थल और महेंद्रगढ़ में जन भागीदारी के साथ भव्य स्वागत किया जाएगा। साइकिल यात्रा में उपमंडल से विशेष भागीदारी रहेगी। एसडीएम ने कहा कि तोशाम उपमंडल में अधिक से अधिक युवाओं को भागीदार बनाने के लिए सभी खेल प्रशिक्षकों, खेल अके-डमी संचालकों को निर्देश दिए गए हैं, कि वे खिलाड़ियों के साथ-साथ स्वयं का भी पंजीकरण करें। साइक्लोथॉन यात्रा में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन लिंक जारी किया गया है। जिस पर कोई भी व्यक्ति रजिस्ट्रेशन कर सकता है। उन्होंने विशेषकर युवाओं से अपील की है कि वे जिला से अधिक से अधिक भागीदारी के लिए पोर्टल पर अपना पंजीकरण करें। साइक्लोथॉन में शामिल होकर हरियाणा को ड्रग्स फ्री बनाने में अपनी भूमिका अदा करें।

# धार्मिक दार्शनिक थे धनी आसोदिया: विधायक कंवर

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना
**महेंद्रगढ़। बुधवार सुबह** को स्वर्गवास हो गया था। धौलपोश आश्रम के प्रधान रवि तिवारी, परमानंदसेठ, नरेश महावीर, कैलाश शर्मा पाली, रामजी मठ, मुकेश लावनिया, राजू कौशिक, ब्लोक समिति वाइस अमीर रणधीर सिंह, हरियाणा कांग्रेस पार्टी के महासचिव सतबीर सिंह झुकाया, धर्मवीर सिंह यादव, पत्रकार आनंद शर्मा, प्रवक्ता अमरसिंह सोनी समेत विभिन्न बुद्धिजीवियों ने अपनी भावभीनी



प्रतिष्ठा मूर्ति की ओर से कहा कि वह धार्मिक विचारधारा वाले स्वामी थे। वन विभाग में कार्य करते हुए विभाग में भी अपना अमित छाप छोड़ी। ऐसे व्यक्तित्त्व से हमें सदैव प्रेरणा लेनी चाहिए ताकि समाज के लिए उनके निधन से अपूरणीय क्षति हो सके जिसे कभी पूरा नहीं किया जा सके।

# केंद्र परिसर में 2 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का विधिवत समापन हुआ

टीम एक्शन इंडिया
समालखा (कुलदीप सिंह )
**पट्टी कल्याणा के सेवा** साधना केंद्र परिसर में 2 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का विधिवत समापन हुआ। इस कार्यशाला में हरियाणा के सभी भाजपा जिला अध्यक्षों और सभी मंडल अध्यक्षों सहित 476 लोगों ने भाग लिया और अलग-अलग विषयों पर आधारित 10 सत्रों में पार्टी कार्यकर्ताओं का ज्ञान वर्धन किया गया और पार्टी की विचारधारा से अवगत करवाया गया । भाजपा संगठन के अनुसार अब हरियाणा में 377 मंडल और 27 जिला अध्यक्ष बनाए गए हैं । पहले पांच सत्रों को भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, संगठन महामंत्री फणींद्रनाथ शर्मा, भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, डॉ. अरविन्द शर्मा, श्याम सिंह राणा, प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता एवं सुरेंद्र पुनिया और भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने भी संबोधित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पं. मोहन लाल बडौली ने दोनों दिन अपने संबोधन के माध्यम से कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया । वीरवार को इस कार्यशाला में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष,



भाजपा सोशल मीडिया-आईटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित मालवीय, राष्ट्रीय सचिव ओपी धनखड़ शामिल हुए` कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय और भारत माता के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर, दीप प्रज्वलित कर वंदे मातरम के साथ हुआ । कार्यशाला को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी ही नहीं सबसे बड़ी विचारधारा भी है इस विचारधारा और कार्यकताओं की कर्मठता का ही परिणाम है कि पहले लोकसभा में फिर विधानसभा चुनाव में और अब स्थानीय निकाय चुनाव में भी जीत के मार्जिन के मामले में भाजपा ने एक नया इतिहास लिख दिया है । उन्होंने कहा कि सत्ता सुख भोगने का साधन नहीं है । राजनीति जनसेवा का एक बेहतर माध्यम है। इसीलिए कार्यकताओं को यह प्रशिक्षण दिया गया है । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी राजस्व सृजन के बेहतर वित्त प्रबंधन और सुशासन के माध्यम से भारत को वर्ष 2047 से पूर्व विकसित राष्ट्र बनाना चाहते हैं । इसी उद्देश्य को लेकर ट्रिपल इंजन सरकारें दिन रात मेहनत कर रही हैं और कूटनीति के क्षेत्र में भी भारत सरकार पूरी तरह सफल हुई है आज भारत विश्व अग्रणी देशों की आँखों में आँखें डाल कर बात करता है इसलिए कार्यकताओं को और अधिक जोश के साथ भाजपा की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाना चाहिए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडोली ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने अपने गत 10 वर्षों के दौरान रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य करवाए हैं और अनेक जटिल समस्याओं का समाधान भी किया है।

# विकास कार्यों के लिए सरकार ने दिया 125 करोड़ का बजट: सुभाष

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र : हरियाणा के पूर्व** राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने कई माह पहले थानेसर शहर में गलियों, नालियों, सीवरेज और पीने के पानी सहित अन्य विकास कार्यों के लिए लगभग 125 करोड का बजट जारी किया था। अब चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद इस राशि से विकास कार्य किए जाएंगे। इस शहर में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्ग दर्शन में तीन गुणा तेज गति के साथ विकास कार्य होंगे और नव निर्वाचित नगर परिषद की अध्यक्षा माफी ढांडा की देख रेख में सभी 32 वार्डों में विकास कार्य



करवाए जाएंगे। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा वीरवार को नगर परिषद कार्यालय में नव निर्वाचित अध्यक्षा माफी ढांडा और 32 पार्षदों की ताजपोशी को लेकर आयोजित कार्यक्रम में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने नव निर्वाचित नगर परिषद की अध्यक्षा माफी ढांडा को चेयरमैन की कुर्सी पर बिठाया। इस दौरान पूर्व नप अध्यक्षा उमा सुधा, भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष साहिल सुधा, युवा भाजपा नेता मलकीत ढांडा ने नव निर्वाचित अध्यक्षा माफी ढांडा व सभी 32 पार्षदों को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस ताजपोशी से पहले नगर परिषद परिसर में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस हवन यज्ञ में सभी ने आहुति डाली और नई पारी की शुरूआत करने के साथ-साथ थानेसर के लोगों की सेवा करने का संकल्प भी लिया। पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि उनके कार्यकाल में थानेसर शहर के विकास कार्यों के लिए सरकार द्वारा करीब 125 करोड रुपए का बजट उपलब्ध करवाया गया था। इस बजट से विकास कार्यों को पूरा करने के लिए योजना भी तैयार की गई थी। अब नवनियुक्त अध्यक्षा माफी ढांडा के देख रेख में इन विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में थानेसर में अब ट्रिपल इंजन की सरकार बनी है इसलिए तीन गुणा तेज गति से विकास कार्य किए जाएंगे। सभी मिलकर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का काम करेंगे और सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य किया जाएगा। नवनिर्वाचित चेयरमैन माफी ढांडा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, थानेसर की जनता और सभी 32 पार्षदों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी 32 वार्डों में सबका साथ सबका विकास की नीति को आधार मानकर विकास कार्य करवाए जाएंगे।

# विधायक कंवर ने मंडी में पहुंच कर सरसों की सरकारी खरीद का जायजा लिया

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना
**महेंद्रगढ़ । विधायक कंवर** सिंह यादव के साथ उपमंडल अधिकारी अनिल कुमार यादव भी साथ रहे ।कंवर सिंह यादव ने अधिकारियों से कहा कि किसानों को फसल बेचने में कोई परेशानी नहीं आने दें। खरीद के साथ फसल की उठान लगातार जारी रहे ।ताकि मंडी में अव्यवस्था न फैले। उन्होंने किसानों से कहा कि फसल सुखाकर लाएं ।ताकि खरीद में कोई परेशानी न आए। उन्होंने मंडी में पेयजल, सफाई की पर्याप्त व्यवस्था करने की बात कही। विधायक ने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से भी आवश्यक कदम उठाए जाएं। फसल बेचने आए किसानों से बातचीत



की ।विधायक ने कहा कि किसान कड़ी मेहनत से फसल उगाते हैं ।उनकी मेहनत से ही देश को अनाज मिलता है। विधायक ने केंद्र और हरियाणा सरकार को किसान हितैषी बताया। मंडी में सरसों और गेहूं की खरीद एमएसपी पर की जा रही है। विधायक ने दावा किया कि यह पहली सरकार है ।जो किसानों की फसल का एक–एक दाना न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद रही है।

इस अवसर पर उपमंडल अधिकारी अनिल कुमार यादव,भागीरथ शेखावत,दीवान सिंह शेखावत,मुन्ना सिंह,टिंकू सतनाली, कालू पहलवान,मुकेश पहलवान,खरीद व्यवस्था से जुड़े अधिकारी, व्यापारी व किसान मौजूद रहे।

# कुपोषित बच्चों में सुधार लाने के लिए हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल। जिला कार्यक्रम** अधिकारी सीमा प्रसाद ने बताया कि अतिरिक्त उपायुक्त यश जालुका के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से वीरवार को पोषण के अंतर्गत अविकसित एवं गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों में सुधार लाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से सभी एसएमओए सीएमओ, आशा कोऑर्डिनेटर, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर व महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी तथा सभी सुपरवाइजरों ने भाग लिया। डीपीओ ने बताया कि पोषण ट्रैकर



ऐप में जिला करनाल में बच्चों की संख्या लगभग 8000 दर्शाई गई है जिन पर कार्य करके स्वास्थ्य व महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा इन बच्चों को सामान्य वर्ग में लाने का संयुक्त प्रयास किया जाना है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पोषण ट्रैकर ऐप में सभी बच्चों को दर्ज करने तथा बच्चों को फॉलोअप करने का एप क्रिएट किया गया है, जिससे जिला में नए जन्मे बच्चों का बौनापन कम करने के लिए तथा माताओं व बच्चों में खून की कमी को दूर करने के लिए, पोषण ट्रैकर ऐप पर दशार्ये गए बच्चों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय अनुसार चेकअप तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में प्राप्त होने वाले राशन को प्रतिदिन खाकर पोषण ट्रैकर एप

**चर्चा**

**आंगनबाड़ी केंद्रों में प्राप्त होने वाले राशन को प्रतिदिन खाकर पोषण ट्रैकर एप की मॉनिटरिंग करें**

की मॉनिटरिंग करके बच्चों को स्टंटिंग से नॉर्मल में लाया जा सके तथा मोटे
अनाज का सेवन करने के लिये आमजन को प्रेरित करें। इसी अनुपालना में हरियाणा सरकार ने बाजरा मिक्सचर प्रत्येक लाभार्थी 0-6 माह के बच्चों की माताओं को देने के आदेश पारित किए हैं, जिससे बच्चों व माताओं में खून की कमी ना रहे। उन्होंने बताया कि एडीसी यश जालुका द्वारा निर्देश दिये गये हैं कि स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग दोनों मिलकर पोषण ट्रैकर ऐप में दशार्ये गए बच्चों में से पहले 0-2 वर्ष के बच्चों का स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से पूर्ण चेकअप करवाकर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा फॉलोअप किया जाना है। एमओ तथा एसएमओ द्वारा प्रत्येक बच्चे को चेकअप होने के बाद उपचार में दशार्ये गए सुझाव के अनुसार बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्र का राशन पूर्ण रूप से दें तथा घर पर भी डाइट प्लान बनाकर लाभार्थी को दें और होम विजिट के दौरान फॉलोअप करें, ताकि जिला को कुपोषण मुक्त बनाने का प्रयास जारी रहे।

## संपादकीय

# नजीर बनेगी सुप्रीम कोर्ट की संवेदनशीलता

**इलाहाबाद** हाईकोर्ट ने अपने 17 मार्च के एक फैसले में कहा था कि 'पीड़िता के स्तन को छूना और पायजामे की डोरी तोड़ने को बलात्कार या बलात्कार की कोशिश के मामले में नहीं गिना जा सकता है।' इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले से पूरा देश हतप्रभ था। कोर्ट के फैसले पर देशभर में चर्चा का दौर तो शुरू हुआ ही, वहीं यह फैसला सवालों के घेरे में भी था। 'वी द वुमन ऑफ इंडिया' नामक संगठन ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लिया। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने कहा कि क्योंकि फैसला 'पूरी तरह से असंवेदनशील और अमानवीय नजरिए को दिखाता है', इसलिए फैसले पर रोक लगाना जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसले पर रोक लगाकर न्याय की संवेदनशीलता को मजबूती प्रदान की है। जिस केस में यह फैसला सुनाया गया, यह मामला उत्तर प्रदेश के कासगंज जनपद के पटियाली थाना क्षेत्र में एक किशोरी से जुड़ा था। घटना साल 2021 में एक नाबालिग लड़की के साथ हुई थी। इस मामले में लड़की की मां ने आरोप लगाया था कि 10 नवंबर 2021 को शाम पांच बजे जब वो अपनी 14 वर्षीय बेटी के साथ देवरानी के गांव से लौट रही थीं तो अभियुक्त पवन, आकाश और अशोक मोटरसाइकिल पर उन्हें रास्ते में मिले। मां का कहना था कि पवन ने उनकी बेटी को घर छोड़ने का भरोसा दिलाया और इसी विश्वास के तहत उन्होंने अपनी बेटी को जाने दिया। लेकिन रास्ते में मोटरसाइकिल रोककर इन तीनों लोगों ने लड़की से बदतमीजी की और उसके प्राइवेट पार्ट्स को छुआ. उसे पुल के नीचे घसीटा और उसके पायजामे का नाड़ा तोड़ दिया। लेकिन तभी वहां से ट्रैक्टर से गुजर रहे दो व्यक्तियों सतीश और भूरे ने लड़की का रोना सुना। अभियुक्तों ने उन्हें तमंचा दिखाया और फिर वहां से भाग गए। जब नाबालिग की मां ने पवन के पिता अशोक से शिकायत की तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई जिसके बाद वे थाने गईं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ये मामला कासगंज की विशेष कोर्ट में पहुंचा जहां पवन और आकाश पर आईपीसी की धारा 376 (बलात्कार), पॉक्सो एक्ट की धारा 18 (अपराध करने का प्रयास) और अशोक के खिलाफ धारा 504 और 506 लगाई गईं। इस मामले में सतीश और भूरे गवाह बने, लेकिन इस मामले को अभियुक्तों की तरफ से इलाहाबाद हाई कोर्ट में चुनौती दी गई। इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्रा ने फैसला सुनाते हुए कहा था- पीड़िता के निजी अंगों को पकड़ना और पायजामे का नाड़ा तोड़नाा दुष्कर्म या दुष्कर्म की कोशिश नहीं मानी जा सकती। इस फैसले पर न्यायविदों, नेताओं और सामाजिक कार्यकताओं ने बहुत तल्ख प्रतिक्रियाएं जताई थीं। वी द वुमेन ऑफ इंडिया की अर्जी पर सर्वोच्च अदालत को स्वतः संज्ञान लेना पड़ा। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की न्यायिक पीठ ने कहा कि ह्ययह मामला नाबालिग से दुष्कर्म का है, जो बेहद गंभीर है। खेद है कि फैसला देने वाले जज के खिलाफ कठोर शब्दों का प्रयोग करना पड़ रहा है। यह फैसला जज का असंवेदनशील और अमानवीय नजरिया दिखाता है, लिहाजा इस पर रोक जरूरी है।

# भ्रष्टाचार पर लगाम और पारदर्शिता की नई पहल

-प्रियंका सौरभ

> "नगरानी और ऑडिटिंग तंत्र को प्रभावी रूप से लागू करने में समय लग सकता है। संभावना है कि कुछ समूह इस संशोधन को अदालत में चुनौती दे सकते हैं, जिससे इसके क्रियान्वयन में देरी हो सकती है। वक्फ संशोधन बिल 2024 भारत में वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को पारदर्शी और न्यायसंगत बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यदि इस कानून को प्रभावी रूप से लागू किया गया, तो यह न केवल वक्फ संपत्तियों के सही उपयोग को सुनिश्चित करेगा, बल्कि भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगाएगा। हालांकि, यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि इस कानून को व्यवहारिक रूप से कैसे लागू किया जाता है और सरकार इस पर किस तरह की निगरानी रखती है। यदि सभी प्रावधान सही तरीके से अमल में लाए जाते हैं, तो यह बिल वक्फ संपत्तियों के प्रशासन को एक नई दिशा देने में सक्षम होगा"

**वक्फ** संशोधन बिल 2024 लोकसभा में पारित हुआ, जिसका उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाना है। भारत में वक्फ बोर्ड के अंतर्गत लाखों एकड़ भूमि आती है, लेकिन वर्षों से इसके दुरुपयोग, भ्रष्टाचार और मनमानी के आरोप लगते रहे हैं। यह बिल वक्फ बोर्डों की मनमानी पर रोक लगाने, संपत्तियों का सही उपयोग सुनिश्चित करने और कानूनी विवादों के समाधान में मदद करेगा। हालांकि, कुछ चुनौतियाँ भी सामने आ सकती हैं, जैसे वक्फ बोर्डों का विरोध और नए तंत्र का प्रभावी क्रियान्वयन।

यदि यह कानून प्रभावी रूप से लागू होता है, तो यह वक्फ संपत्तियों से जुड़े विवादों को कम करने और पारदर्शी प्रशासन सुनिश्चित करने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। भारत में वक्फ संपत्तियों से जुड़े विवाद और भ्रष्टाचार के आरोप लंबे समय से चर्चा का विषय रहे हैं। देश में लाखों एकड़ भूमि वक्फ बोर्ड के अंतर्गत आती है, जिसका उद्देश्य धार्मिक और सामाजिक कल्याण कार्यों के लिए संपत्तियों का उपयोग करना है। हालांकि, समय के साथ यह देखा गया कि वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन पूरी तरह पारदर्शी नहीं रहा, और कई मामलों में अनियमितताओं, भ्रष्टाचार और मनमानी के आरोप सामने आए हैं।


लोकसभा में हाल ही में पारित वक्फ संशोधन बिल 2024 से उम्मीद की जा रही है कि यह बिल वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता बढ़ाएगा और आम नागरिकों, खासकर उन किरायेदारों को राहत प्रदान करेगा, जो वर्षों से इन संपत्तियों में रह रहे हैं या उनसे जुड़े कानूनी विवादों का सामना कर रहे हैं।

**वक्फ संपत्तियों से जुड़े विवाद और समस्याएँ**

भारत में वक्फ अधिनियम 1995 के तहत वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन किया जाता है। इस कानून के तहत बनाई गई वक्फ बोर्डों को अत्यधिक शक्तियाँ प्रदान की गईं, जिससे वे अपने अधीन संपत्तियों का नियंत्रण कर सकें। हालाँकि, इस प्रबंधन में पारदर्शिता की कमी और मनमानी फैसलों के चलते कई विवाद उत्पन्न हुए। वक्फ बोर्ड के पास मौजूद कानूनी अधिकारों के कारण कई स्थानों पर उनकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठे हैं। रिपोर्टों के अनुसार, कई मामलों में वक्फ बोर्ड अधिकारियों द्वारा संपत्तियों को मनमाने ढंग से लीज पर देना, कब्जे खाली करवाना, और बिना उचित प्रक्रिया के संपत्ति बेचने जैसे फैसले लिए गए हैं।

हजारों किरायेदार दशकों से वक्फ संपत्तियों में रह रहे हैं। लेकिन कई बार वक्फ बोर्डों ने पुराने किरायेदारों को कानूनी सुरक्षा प्रदान नहीं की, बल्कि उन्हें संपत्तियों से बाहर निकालने की कोशिश की। ऐसे मामलों में कई परिवारों को कानूनी लड़ाइयों में उलझना पड़ा, और कुछ मामलों में जबरन बेदखली भी देखी गई। वक्फ संपत्तियों की खरीद, बिक्री, और लीज में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की शिकायतें आई हैं। कई रिपोर्टें बताती हैं कि वक्फ संपत्तियों को बाजार मूल्य से बहुत कम कीमतों पर बेचा गया या फिर बिना उचित प्रक्रिया के इसे राजनीतिक और व्यावसायिक हितधारकों को सौंप दिया गया।

वर्तमान वक्फ कानून में कई अस्पष्टताएँ थीं, जिससे कानूनी विवाद बढ़ते गए। वक्फ संपत्तियों से जुड़े मामलों को सुलझाने के लिए कोई स्पष्ट कानूनी प्रक्रिया नहीं थी, जिससे विवाद लंबित रह जाते थे और पीड़ित पक्ष को न्याय पाने में वर्षों लग जाते थे।



> भारत में वक्फ अधिनियम 1995 के तहत वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन किया जाता है। इस कानून के तहत बनाई गई वक्फ बोर्डों को अत्यधिक शक्तियाँ प्रदान की गईं, जिससे वे अपने अधीन संपत्तियों का नियंत्रण कर सकें। हालाँकि, इस प्रबंधन में पारदर्शिता की कमी और मनमानी फैसलों के चलते कई विवाद उत्पन्न हुए

**वक्फ संशोधन बिल 2024: क्या हैं प्रमुख बदलाव?**

लोकसभा में पारित वक्फ संशोधन बिल 2024 का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को पारदर्शी और जवाबदेह बनाना है। इस बिल में यह प्रावधान किया गया है कि वक्फ बोर्ड की कार्यप्रणाली की निगरानी और सरकारी हस्तक्षेप को बढ़ाया जाएगा, ताकि संपत्तियों के दुरुपयोग को रोका जा सके।

संशोधन के तहत पुराने किरायेदारों को अधिक कानूनी सुरक्षा दी जाएगी, जिससे उन्हें जबरन निष्कासन का सामना न करना पड़े। वक्फ संपत्तियों की लीज, बिक्री, या हस्तांतरण में पारदर्शिता लाने के लिए नई निगरानी एजेंसियाँ बनाई जाएँगी। इसके अलावा, सभी सौदों की डिजिटल रिकॉर्डिंग और पारदर्शी ऑडिटिंग की व्यवस्था की जाएगी। वक्फ संपत्तियों से जुड़े कानूनी विवादों के निपटारे के लिए विशेष न्यायाधिकरण बनाए जाने का प्रस्ताव है। इससे मामलों का त्वरित समाधान हो सकेगा और आम नागरिकों को लंबे समय तक अदालतों में भटकना नहीं पड़ेगा।

**संशोधन बिल के संभावित प्रभाव**

वक्फ संशोधन बिल 2024 के लागू होने से भारत में वक्फ संपत्तियों से जुड़े विवादों को सुलझाने और पारदर्शिता बढ़ाने में मदद मिलेगी। यह संशोधन सुनिश्चित करेगा कि वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में किसी भी प्रकार की धांधली न हो और सभी लेन-देन को सार्वजनिक किया जाए। नए कानून के तहत पुराने किरायेदारों को सुरक्षा मिलेगी और उनके निष्कासन की प्रक्रिया को कानूनी दायरे में लाया जाएगा। नए निगरानी और ऑडिट तंत्र से वक्फ संपत्तियों से जुड़े घोटालों को रोका जा सकेगा। न्यायाधिकरणों के माध्यम से वक्फ संपत्तियों से जुड़े विवादों का त्वरित समाधान किया जा सकेगा।

**संभावित चुनौतियाँ**

हालाँकि, इस बिल के प्रभावी कार्यान्वयन में कुछ चुनौतियाँ भी हो सकती हैं; कुछ वक्फ बोर्ड इस संशोधन का विरोध कर सकते हैं, क्योंकि इससे उनकी शक्ति और स्वायत्तता पर प्रभाव पड़ सकता है। निगरानी और ऑडिटिंग तंत्र को प्रभावी रूप से लागू करने में समय लग सकता है। संभावना है कि कुछ समूह इस संशोधन को अदालत में चुनौती दे सकते हैं, जिससे इसके क्रियान्वयन में देरी हो सकती है।

वक्फ संशोधन बिल 2024 भारत में वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को पारदर्शी और न्यायसंगत बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यदि इस कानून को प्रभावी रूप से लागू किया गया, तो यह न केवल वक्फ संपत्तियों के सही उपयोग को सुनिश्चित करेगा, बल्कि भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगाएगा। हालांकि, यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि इस कानून को व्यवहारिक रूप से कैसे लागू किया जाता है और सरकार इस पर किस तरह की निगरानी रखती है। यदि सभी प्रावधान सही तरीके से अमल में लाए जाते हैं, तो यह बिल वक्फ संपत्तियों के प्रशासन को एक नई दिशा देने में सक्षम होगा।

## कविता

### हिम्मत क्यों हारें

लेने आशीष माता-पिता के पांव चाहिए।
स्नेह बंधन को वफा के गांव चाहिए।

बला की धूप है,दूर बहुत है मंजिल
मुसाफिर को सिर पर छांव चाहिए।

दुआ निकली दिल से तो होंगी पूरी
इरादे नेक तो सुकून के ठाँव चाहिए।

यहीं छलक जाती आकर मासूमियत
माँ के आंचल की घनेरी छांव चाहिए।

होगी कोशिश जीत की अंत तलक
जीत के अदद अनोखे दांव चाहिए।

राह में कांटे ही कांटे मंजिल तक मेरी,
पथिक को तो हौसलों के पांव चाहिए।

सरल नहीं होता जल्दी मुकाम पाना
छूने मंजिल बुजुर्गों के पांव चाहिए।

गर है विश्वास हिम्मत क्यों हारें संजीव,
करने पार गंगा-सागर अदद नाँव चाहिए।

संजीव

# भंवरों को देवी है जीण माता

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**राजस्थान** के सीकर-जयपुर मार्ग पर गोरिया के पास जीणमाता गांव में देवी स्वरूपा जीण माता का प्राचीन मंदिर बना हुआ है। जीण माता का वास्तविक नाम जयन्ती माता है। माता दुर्गा की अवतार है। यह मंदिर शक्ति की देवी को समर्पित है। घने जंगल से घिरा हुआ है यह मंदिर तीन छोटी पहाड़ों के संगम पर स्थित है। जीण माता का यह मन्दिर बहुत प्राचीन शक्ति पीठ है। जीण माता का मंदिर दक्षिण मुखी है। लेकिन मंदिर का प्रवेश द्वार पूर्व में है। मंदिर की दीवारों पर तांत्रिकों व वाममार्गियों की मूर्तियां लगी है। जिससे यह भी सिद्ध होता है कि उक्त सिद्धांत के मतावलंबियों का इस मंदिर पर कभी अधिकार रहा है या उनकी यह साधना स्थली रही है। मंदिर के देवायतन का द्वार सभा मंडप में पश्चिम की ओर है। यहां जीण भगवती की अष्टभुजी आदमकद मूर्ति प्रतिष्ठापित है। सभा मंडप पहाड़ के नीचे है। मंदिर में ही एक और मंदिर है जिसे गुफा कहा जाता है। जहां जगदेव पंवार का पीतल का सिर और कंकाली माता की मूर्ति है। मंदिर के पश्चिम में महात्मा का तप स्थान है जो धुणा के नाम से प्रसिद्ध है। लोगों का मानना है कि यह मंदिर एक हजार साल पुराना है। लेकिन कई इतिहासकार आठवीं सदी में जीण माता मंदिर का निर्माण काल मानते हैं। मंदिर में अलग-अलग आठ शिलालेख लगे हैं जो मंदिर की प्राचीनतम के सबल प्रमाण है। उपरोक्त शिलालेखों में सबसे पुराना शिलालेख संवत 1029 का है। जिस पर उसमें मंदिर के निर्माण का समय नहीं लिखा गया है। इसलिए यह मंदिर उससे भी अधिक प्राचीन है। चैहान चन्द्रिका नामक पुस्तक में इस मंदिर का 9 वीं शताब्दी से पूर्व के आधार मिलते हैं। एक जनश्रुति के अनुसार देवी जीण माता ने सबसे बड़ा चमत्कार मुगल बादशाह औरंगजेब को दिखाया था। औरंगजेब ने शेखावाटी के मंदिरों को तोड़ने के लिए एक विशाल सेना भेजी थी। यह सेना हर्ष पर्वत पर शिव व हर्षनाथ भैरव का मंदिर खंडित कर जीण मंदिर को खंडित करने आगे बढ़ी तो कहते है कि मन्दिर के पुजारियों के आर्त स्वर में मां से विनय करने पर मां जीण ने भंवरे (बड़ी मधुमखियां) छोड़ दी जिनके आक्रमण से औरंगजेब की शाही सेना लहूलुहान हो भाग खड़ी हुई। कहते है स्वयं बादशाह की हालत बहुत गंभीर हो गई। तब बादशाह ने हाथ जोड़ कर मां जीण से क्षमा याचना कर मां के मंदिर में अखंड दीप के लिए दिल्ली से सवामण तेल भेजने का वचन दिया। कई वर्षो तक माता के मन्दिर में दीपक के लिये दिल्ली से तेल आता रहा फिर दिल्ली के बजाय जयपुर से आने लगा। बाद में जयपुर महाराजा ने इस तेल को मासिक के बजाय वर्ष में दो बार नवरात्रों के समय भिजवाना आरम्भ कर दिया। और महाराजा मान सिंह जी के समय तेल के स्थान पर नगद 20 रु. 3 आने प्रतिमाह कर दिए। जो निरंतर प्राप्त होते रहे। औरंगजेब को चमत्कार दिखाने के बाद जीण माता भंवरों की देवी भी कही जाने लगी।

## विचार

# राम से बड़ा राम का नाम

**वो त्रेता** युग का समय था जब सूर्यवंशी महाराज दशरथ के घर कौशलनन्दन श्री राम का जन्म हुआ था। समय कहाँ रुकता है भला ! तो वह अपनी गति से चलता रहा। आज हम द्वापर से होते हुए कलियुग में आ गए हैं। लेकिन इतने सहस्त्रों वर्षों के बाद भी, इतने युगों के पश्चात भी प्रभु श्री राम का चरित्र देश देशांतर की सीमाओं से परे, वर्षों और युगों के कालचक्र को लांघकर अनवरत सम्पूर्ण विश्व को आकर्षित करता रहा है। हरे रामा, हरे कृष्णा का जाप आज वैश्विक स्तर पर एक अनूठी आध्यात्मिक सन्तुष्टि, परम् आनन्द की अनुभूति एवं मनुष्य को एक अलग ही आनन्दमय लोक में पहुँच जाने का अनुभव दिलाने वाला सर्व स्वीकार्य मंत्र बन चुका है। दरअसल श्री राम का चरित्र ही ऐसा है। एक आदर्श पुत्र हो या एक आदर्श भ्राता (भाई), एक आदर्श पति हो या एक आदर्श राजा, एक आदर्श मित्र हो या फिर एक आदर्श शत्रु! राम मयार्दाओं में रहने वाले,पुरुषों में उत्तम, ऐसे ह्लमयार्दा पुरूषोत्तमह्व हैं जिनका जीवन कठिनाइयों एवं संघर्षो से भरा रहा किंतु फिर भी मानव रूप में उन्होंने मुस्कुराते हुए सहज रूप से धर्म की राह पर चलते हुए इस प्रकार अपना जीवन व्यतीत किया कि इतने वर्षों बाद आज भी वह हमारा पथप्रदर्शक है। कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि प्रभु श्री राम का चरित्र हमारा वो सनातन इतिहास है जो इतने वर्षों बाद भी सम्पूर्ण विश्व की मानवता को वर्तमान तथा भविष्य की राह दिखा रहा है। इसका सबसे बड़ा प्रमाण है कि आज की 21 वीं सदी में भी जब आदर्श प्रशासन की बात की जाती है तो भारत ही नहीं विश्व भर में रामराज्य ही उसका प्रतिमान होता है। यही कारण है कि हम यह कामना करते हैं कि, नगरी हो अयोध्या सी, रघुकुल से घराना हो, चरण हों राघव के जहां मेरा ठिकाना हो। कहते हैं कि जब लंका जाने के लिए श्री राम की वानर सेना समुद्र के ऊपर पुल का निर्माण कर रही थी और वानर समुद्र में पत्थर फेंक रहे थे, तो प्रभु श्री राम ने देखा कि वानर समुद्र में पत्थर पर ह्लरामह्व नाम लिखकर फेंक रहे हैं और पत्थर तैर रहे हैं। उन्होंने सोचा कि जब मेरा नाम लिखा पत्थर तैर रहा है तो यदि मैं कोई पत्थर फेंकूँ तो वो भी तैरेगा। यही सोचकर उन्होंने एक पत्थर उठाया और समुद्र में फेंका। लेकिन वो पत्थर डूब गया। वे आश्चर्य में पड़कर सोचने लगे कि ऐसा क्यों हुआ। दूर खड़े हनुमानजी यह सब देख रहे थे। कौतूहल वश श्री राम ने हनुमानजी से पूछा कि मेरे नाम के पत्थर समुद्र में तैर रहे हैं लेकिन जब मैंने वह पत्थर फेंका तो डूब गया ? तब हनुमानजी बोले, प्रभु आपके नाम को धारण करके तो सभी अपने जीवन को पार लगा सकेते हैं, लेकिन जिसे आप स्वयं त्याग दें, भला उसे डूबने से कोई कैसे बचा सकता है! इसीलिए कहा गया है कि राम से बड़ा राम का नाम। यह राम नाम की महिमा ही है कि प्रभु श्री राम के चरित्र पर सुनियोजित तरीके से अनेक आक्षेप लगाने के प्रयत्न किए गए लेकिन इसके बावजूद उनके प्रति भक्ति,श्रद्धा, प्रेम और समर्पण के भाव भौगोलिक समेत हर सीमा को लाँघते हुए वैश्विक स्तर पर मानव हृदय में समाहित होते चले गए। सनातन विरोधियों द्वारा उन्हें मांस भक्षी बताया गया, उनपर अनैतिक रूप से वाली वध का आरोप लगाया गया, एक शूद्र शम्बूक के वध का आक्षेप लगाया गया, यहाँ तक कि उनके द्वारा सीता माता का परित्याग करना भी बताया गया। जबकि सत्य तो यह है कि न तो कभी श्री राम और न ही किसी रघुवंशी ने कभी मांस का सेवन किया था, न उन्होंने वाली का वध अधर्मपूर्वक किया था, न उन्होंने किसी शम्बूक नामक शुद्र का वध किया था और न ही कभी सीता का परित्याग ही किया था। इस विषय को रामा ५२ राम पुस्तक में विस्तार से देखा जा सकता है। वाल्मीकि रामायण जिसे सबसे प्राचीन एवं सबसे प्रमाणिक ग्रँथ माना जाता है और न ही तुलसीदास जी कृत रामचरित मानस में शम्बूक वध अथवा सीता परित्याग का कोई वर्णन है। बल्कि इनमें राम चरित्र का वर्णन ऐसा है कि राम जब पुत्र होते हैं तो अतुलनीय होते हैं और ये दशरथ नन्दन अपने माता पिता के प्राण होते हैं।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज (9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# माता का छठा भव्य, विराट स्वरूप माँ कात्यायनी

**संजीव**

**कात्यायनी** नवदुर्गा या हिंदू देवी पार्वती (शक्ति) के नौ रूपों में छठवें रूप में अबतरित हुई है। यह अमर कोष में पार्वती के लिए दूसराआ नाम है, संस्कृत शब्दकोश में उमा, कात्यायनी, गौरी,काली, हैमावती, ईश्वरी इन्हीं के अन्य पवित्र नाम भी उल्लेखित हैं। शक्तिवाद में उन्हें शक्ति या दुर्गा, जिसमें भद्रकाली और चंडिका भी उच्चारित किया जाता है। यजुर्वेद के तैत्तिरीय आरण्यक में उनका उल्लेख प्रथमतः किया है। स्कंद पुराण में उल्लेख है कि वे परमेश्वर के नैसर्गिक क्रोध से उत्पन्न हुई थी, जिन्होंने देवी पार्वती द्वारा दिए गये सिंह पर आरूढ़ होकर महिषासुर का वध किया था। वे शक्ति की आदि रूपा है, जिसका उल्लेख पाणिनि पर पतांजलि के महाभाष्य में किया गया है, जिसे दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व में लिखी गयी थी। उनका वर्णन देवी-भागवत पुराण,और मार्कंडेय ऋषि द्वारा रचित मार्कंडेय पुराण के देवी महात्म्य में किया गया है जिसे ४०० से ५०० ईसा में लिपि बद्ध किया गया था। बौद्ध और जैन ग्रंथों और कई तांत्रिक ग्रंथों, विशेष रूप से कालिका-पुराण (१०वीं शताब्दी) में उनका उल्लेख है, जिसमें उद्यान या उड़ीसा में देवी कात्यायनी और भगवान जगन्नाथ का स्थान बताया गया है।परंपरागत रूप से देवी दुर्गा की तरह वे लाल रंग से जुड़ी हुई हैं। नवरात्रि उत्सव के षष्ठी में उनकी पूजा की जाती है। उस दिन साधक का मन 'आज्ञा' चक्र में स्थित होता है। योगसाधना में इस आज्ञा चक्र का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। इस चक्र में स्थित मन वाला साधक माँ कात्यायनी के चरणों में अपना सर्वस्व निवेदित कर देता है। परिपूर्ण आत्मदान करने वाले ऐसे भक्तों को सहज भाव से माँ के दर्शन प्राप्त हो जाते हैं।माँ का नाम कात्यायनी कैसे पड़ा इसकी भी एक कथा है- कत नामक एक प्रसिद्ध महर्षि थे। उनके पुत्र ऋषि कात्य हुए। इन्हीं कात्य के गोत्र में विश्वप्रसिद्ध महर्षि कात्यायन उत्पन्न हुए थे। इन्होंने भगवती पराम्बा की उपासना करते हुए बहुत वर्षों तक बड़ी कठिन तपस्या की थी। उनकी इच्छा थी माँ भगवती उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लें। माँ भगवती ने उनकी यह प्रार्थना स्वीकार कर ली।

# बात कम, घोटाला ज्यादा!

**डॉ. सुरेश कुमार**

**गांव** का चौपाल हमेशा चर्चा का अखाड़ा बना रहता है। चौधरी रामलाल अपनी खटिया पर टाँग पर टाँग रखकर विराजमान थे, और बाकी लोग जमीन पर थे—क्योंकि उनकी कुर्सियाँ विकास कार्यों की भेट चढ़ चुकी थीं। "भइया, ये सड़क कब बनेगी?" रमुआ ने भोलेपन से पूछा। रामलाल ने मूंछों पर ताव दिया, जमीन पर थूककर निशाना लगाया और बोले, "सड़क? अरे बेटा, जरूर बनेगी! पर पहले सरकार ये तय करेगी कि इसका उद्घाटन मंत्री जी करेंगे या उनका भांजा!" गांववालों ने ठहाका लगाया, क्योंकि अब वे भी व्यंग्य समझने लगे थे। पहलवान काका, जो अब पहलवानी छोड़कर सरकारी फाइलें उठाने-धरने में एक्सपर्ट हो चुके थे, बोले, "रामलाल, सुना है कि हमारे गांव का नाम विकास योजना में आ गया है!" रामलाल मुस्कुराए, "बिल्कुल! नाम तो 10 साल पहले भी आया था, तब भी विकास हुआ था... मगर सिर्फ कागजों पर! सरकार बहुत दूर की सोचती है, सड़क बनाने की क्या जरूरत? सीधे गड्ढे बना दो! जब सड़क गिरेगी तो मुआवजा जल्दी मिलेगा!"

इतना सुनते ही गंगू काका ने अपनी चिलम सुलगाई और बोले, "हमारे नेताजी भी बड़े कलाकार हैं। पहले जनता को मुसीबत में डालते हैं, फिर उसे हल करने का वादा करके वोट मांगते हैं। मतलब बीमारी भी वही देते हैं और इलाज भी वही बेचते हैं!" भोलू ने गब्बर सिंह स्टाइल में सवाल दागा, "तो काका, इस बार चुनाव में कौन जीतेगा?" रामलाल ने कंधे उचकाए, "जिसका घोटाला सबसे नया होगा, वही जीतेगा! पुराने घोटाले तो पुरानी फिल्मों की तरह आउटडेटेड हो जाते हैं। अब बताओ, कोई पुरानी फिल्म बार-बार देखने जाता है क्या?" अब तक गांववालों का खून खौलने लगा था। हरिया, जो सबसे गरीब था लेकिन सबसे होशियार भी, उठकर बोला, "तो हम क्या करें? कब तक ऐसे ही मूर्ख बनते रहेंगे?" रामलाल ने ठहाका लगाया, "बेटा, जनता से बड़ा मूर्ख कोई नहीं होता। उसे हर बार ठगा जाता है, और वो फिर भी सोचती है कि अगली बार ईमानदार नेता आएगा! ये वैसा ही है जैसे कोई उम्मीद करे कि अगली बार समुंदर का पानी मीठा होगा!"

## न्यूज फ्लैश

### तीन बच्चों को अकेला छोड़ महिला फरार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के सिकलीगर** डेरा से एक महिला के लापता होने का मामला सामने आया है। 37 वर्षीय महिला बीती 29 मार्च को अपने तीन बच्चों को घर पर छोडकर अचानक कहीं चली गई। काफी तलाश के बावजूद जब वह नहीं मिली तो पति ने पुलिस चौकी ब्याना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पति की शिकायत के आधार पर गुमशुदगी की धारा में मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता पति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह फेरी लगाकर अपना गुजारा करता है। घटना के दिन उसकी पत्नी घर से निकली, लेकिन वापस नहीं लौटी। जब काफी देर तक वह घर नहीं आई तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल पाई। पुलिस का कहना है कि गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम अब महिला की संभावित जगहों पर तलाश कर रही है। आसपास के लोगों और रिश्तेदारों से भी पूछताछ की जा रही है। इसके अलावा यह भी पता लगाया जा रहा है कि महिला किसी के साथ गई है या फिर किसी साजिश के तहत उसे गायब किया गया है।

### अवैध खनन पर नियंत्रण के लिए निरंतर चैकिंग अभियान जारी: निरंजन लाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला खनन अधिकारी** निरंजन लाल ने बताया कि महानिदेशक केएम पांडुरंग और उपायुक्त उत्तम सिंह के निर्देशों के तहत जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन पर सख्त नियंत्रण बनाए रखने के लिए निरंतर चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गत दिवस खनन विभाग और अन्य संबंधित विभागों की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान बड़ा गांव से एक जेसीबी तथा एक ट्रैक्टर ट्रॉली को अवैध तरीके से खनन करते हुए पकड़ा और उक्त दोनों वाहनों को कुंजपुरा थाने में सीज किया गया। इसके अतिरिक्त 20 वाहनों की भी चेकिंग की गई, जिनके ई-रवाना बिल सही पाए गए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों के तहतए खनन विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग स्वयं विभागीय गतिविधियों की निगरानी कर रहे हैं और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान कर रहे हैं। सरकार का मुख्य उद्देश्य खनन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाना और अवैध खनन को समाप्त करना है। महानिदेशक के आदेशों के अनुसार विभागीय टीम पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन कर रही है और सभी आवश्यक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित कर रही है। जिला खनन अधिकारी ने बताया कि चेकिंग के दौरान किसी भी स्थान पर अवैध खनन की गतिविधि पाए जाने व नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर तुरंत आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### मोबाइल लूटने वाले दो बदमाश काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। असंध थाना क्षेत्र** में बीती शाम पुलिस को बड़ी सफलता मिली। पुलिस चौकी जलमाना की टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया, जो राहगीरों से छीना-झपटी की वारदातों को अंजाम देते थे। पुलिस ने इनके कब्जे से दो मोटरसाइकिल और छीना गया मोबाइल बरामद किया है। दोनों आरोपी गांव जलमाना के रहने वाले हैं और हाल ही में एक राहगीर से मोबाइल छीनकर फरार हो गए थे। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार 1 अप्रैल की शाम गांव जलमाना में एक व्यक्ति सडक पर जा रहा था, तभी दो युवकों ने उसके हाथ से मोबाइल झपटा और फरार हो गए। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि वारदात को अंजाम देने वाले दो युवक जलमाना गांव में ही मौजूद हैं। पुलिस चौकी जलमाना टीम ने एएसआई सुंदर सिंह की अध्यक्षता में कार्रवाई कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए आरोपियों की पहचान दिलखुश पुत्र नसीब अहमद और हर्ष कुमार पुत्र शमशेर गांव जलमाना करनाल के रूप में हुई है। दोनों ने पूछताछ में मोबाइल छीनने की वारदात को कबूल कर लिया। इनके पास से चोरी की दो मोटरसाइकिल और छीना गया मोबाइल बरामद किया है।

# इंदिरा गांधी की सरकार ने दुर्भावना वश चुनी गई सरकारों को भंग किया था: डॉ राजबीर आर्य

## एक राष्ट्र, एक चुनाव एक कदम विकसित भारत की ओर: डॉ राजबीर आर्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**देश की आजादी के बाद** लोकसभा और सभी विधानसभाओं के आम चुनाव 1952 में हुए थे। इस तरह 1957, 1962 और 1967 में भी आम चुनाव साथ साथ हुए। उसके बाद उस समय की प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने निजी हित से चुनी हुई कुछ प्रदेश सरकारों को भंग कर दिया। जिसकी वजह से एक साथ चुनाव होने की प्रक्रिया बिगड़ गई और भारत में अलग-अलग समय पर अलग-अलग प्रदेशों में चुनाव होने लगे। यह शब्द सेक्टर 25 स्थित इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया के सभागार में चार्टर्ड अकाउंट को संबोधित करते हुए मन की बात



के प्रदेश संयोजक नरेंद्र भारतीय ने कहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आई सी ए आई के चेयरमैन सोनू गोयल ने की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष भूपेंद्र दीक्षित, सचिव रजनी गोयल, केशियर जितेंद्र बंगला, कार्यक्रम संयोजक गोविंद सैनी, रविंद्र सिंह, जगदीश धमीजा, विमल गोयल,विमल पृथ्वी, रविंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि अलग-अलग चुनाव होने से देश पर बहुत बड़ा आर्थिक बोझ पड़ता है, इसके साथ ही एक लाख के लगभग सुरक्षा बलों के जवान चुनाव प्रक्रिया में ड्यूटी निभाते हैं, साथ ही स्कूल के अध्यापक जिनको स्कूल में विद्यार्थियों को पढ़ाना था वह पढ़ाना छोड़कर चुनाव प्रक्रिया में अपना योगदान देते हैं जो की छोटे-छोटे बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। भारतीय ने कहा कि संविधान में एक साथ चुनाव या अलग-अलग चुनाव का कहीं पर भी जिक्र नहीं है। परंतु जब 1967 तक लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव एक साथ हो सकते हैं तो अब क्यों नहीं।उन्होंने कहा यदि एक समय चुनाव होते हैं तो देश के सुरक्षा बल देश की सुरक्षा में अपना योगदान देंगे, स्कूल के अध्यापक बच्चों को शिक्षित करने और बच्चों का भविष्य बनाने में अपना योगदान देंगे। इसके अलावा अलग-अलग विभागों के कर्मचारी जो की चुनाव के समय चुनाव प्रक्रिया में ड्यूटी देते हैं वह भी संबंधित विभाग में अपना संपूर्ण योगदान देंगे।

## वेबसाइट मेकिंग प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , (कमाल हुसैन )**

जी.टी. रोड स्थित स्थानीय आई. बी. पी. जी महाविद्यालय में कंप्यूटर विभाग में बी.सी.ए. द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा वेबसाइट मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता का संचालन दीप्ति जुनेजा, मिलन शर्मा और पूजा रूहल के द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारना था । बी.सी.ए. द्वितीय वर्ष के सभी विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न विषयों पर वेबसाइट बनाई गई । प्राचार्या डॉ शशि प्रभा मलिक द्वारा विजेताओं को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए और उन्होंने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस डिजिटल दुनिया में वेबसाइट डेवलपमेंट या वेबसाइट डिजाइनिंग एक बेहतरीन करियर विकल्प बन चुका है और अगर भविष्य में सफल होना है तो आप वेब डेवलपमेंट के करीयर को अवश्य चुने । विभागाध्यक्ष डॉ विक्रम कुमार जी ने कहा कि वेब डेवलपमेंट में केवल वेबसाइट को डिजाइन नही किया जाता है, बल्कि इसमें कोडिंग और प्रोग्रामिंग भी की जाती है।

### चोरी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला पुलिस की** एंटी आटो थैफ्ट टीम के इन्चार्ज सहायक उपनिरीक्षक सुरेश कुमार की अध्यक्षता में गुप्त सुचना के आधार पर जीटी रोड़ तखाना मोड तरावडी में नाकाबंदी करके आरोपी जनशर उर्फ दिनेश कुमार पुत्र फूलसिंह निवासी गांव समानाबाहु करनाल को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से मौके से एक मोटरसाइकल बरामद की गई। सुरेश कुमार ने बताया कि गहनता से की गई पूछताछ में पाया गया कि आरोपी द्वारा 29 मार्च को जीटी रोड तरावडी क्षेत्र से मोटरसाइकिल चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था।

## बुजुर्ग चैत्र महोत्सव में भजनों से मचा रहे हैं धूम

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : प्रेरणा वृद्धाश्रम में** चैत्र नवरात्र महोत्सव के चलते अनोखी धूम मची है। बुजुर्गों के भजनों पर हर कोई मस्त हो रहा है। प्रेरणा वृद्धाश्रम के संस्थापक व संचालक डा. जय भगवान सिंगला ने कहा कि नवरात्रों में बुजुर्गों के दिल का दर्द भी फूट रहा है। उन्होंने कहा कि लोग समाज में तो मां भगवती के प्रति अपनी पूरी श्रद्धा एवं आस्था दिखाते हैं लेकिन अपनी सगी मां को घर से निकाल कर भटकने के लिए छोड़ देते हैं यह कैसी भक्ति व नवरात्र पूजा है। डा. सिंगला ने नवरात्रों के चलते कहा कि मां एक ऐसा शब्द है, जिसमें पूरी धरा समाहित है। सृष्टि की रचना करने



वाली मां की आराधना के भले तौर-तरीके भले अलग-अलग हो मगर उन्हें देख व महसूस कर श्रद्धा से सिर जरूर झुक जाते हैं। वे वृद्धाश्रम के कोने में उपेक्षा की शिकार मां सिसकियां भरने को विवश हैं। वृद्धाश्रम के मंदिर में वीरवार को भी नन्हे बच्चों संग बुजुर्गों का खूब भजनों के साथ धमाल मचा। बच्चियों ने देवी के रूप में भजनों का गुणगान किया। नन्ही बच्चियों ने खूब मस्ती के साथ भजन गाए। नवरात्रों में वृद्धाश्रम में चल रहे भजन कीर्तन में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। प्रेरणा की अध्यक्षा रेणु

**समाहित**

**डा. सिंगला ने नवरात्रों के चलते कहा कि मां एक ऐसा शब्द है, जिसमें पूरी धरा समाहित है**

खुंगर ने भी कई भजन बुजुर्गों संग गाए। इस अवसर पर आशा सिंगला, शिल्पा सिंगला, आदित्य सिंगला, प्रेरणा अध्यक्षा रेणु खुंगर, सीता देवी, बलविंदर कौर, क्षमा मल्होत्रा, उषा सच्चर, चरणजीत कौर, सरला, शकुंतला, पंकज मेहता, विजय अग्रवाल, चंद्रकांत डी ठक्कर, जोगिंदर, बी. श्रीवास्तव व हरकेश पपोसा इत्यादि भी मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो टूरिस्ट बसों में हुई भिड़ंत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। राष्ट्रीय राजमार्ग पर** सीएचडी सिटी के पास आधी रात को बड़ा सडक हादसा हो गया। दो टूरिस्ट बसें आपस में टकरा गई। इससे बसों में बैठे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। यह हादसा तब हुआ, जब आगे चल रहे कैंटर ड्राइवर ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इससे पहली बस कैंटर से टकरा गई और उसके तुरंत बाद पीछे से आ रही दूसरी बस भी उसमें जा भिड़ी। हादसा इतना जोरदार था कि दोनों बसों का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि किसी भी यात्री को कोई गंभीर चोट नहीं आई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बसों को हाईवे से साइड में करवाया, जिससे यातायात प्रभावित न हो। जानकारी के अनुसार दोनों बसें दिल्ली से मनाली और चंडीगढ़ की ओर जा रही थी। जैसे ही ये बसें करनाल के सीएचडी सिटी के पास पहुंची, तभी आगे चल रहे कैंटर ने अचानक ब्रेक लगा दिए।

पहले बस कैंटर से टकराई और फिर पीछे से आ रही दूसरी बस उसमें घुस गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बसों में बैठे यात्री हड़बड़ा गए। हादसे के दौरान बस में मौजूद यात्री महावीर, गौरव, प्रवीण और अन्य ने बताया कि वे सभी सो रहे थे।

## भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए खुद जागरूक होकर दूसरों को करें जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। एंटी करप्शन फाउंडेशन** ऑफ इंडिया के पदाधिकारियों की मीटिंग का आयोजन फाउंडेशन के राष्ट्रीय कार्यालय में हुआ, जिसकी अध्यक्षता नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने की। इस अवसर पर फाउंडेशन के करप्शन फ्री इंडिया अभियान के अंतर्गत होने वाले आगामी प्रकल्पों की रूपरेखा तैयार की गई। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा द्वारा टॉप लीडर्स अवॉर्ड से नैशनल चेयरपर्सन ह्यूमन राइट्स



गुंजन भटनागर, नैशनल डायरेक्टर योगिंद्र सिंह कौशिक, नैशनल चेयरपर्सन प्रियंका गोयल, स्टेट चेयरमैन हरियाणा आशीष मलिक, स्टेट चीफ डायरेक्टर हरियाणा राकेश कौल, स्टेट चीफ इंचार्ज हरियाणा रेनू शर्मा, स्टेट डायरेक्टर हरियाणा खुर्शीद आलम, राजीव गोयल एवं संजय भटनागर, डिस्ट्रिक्ट चीफ डायरेक्टर करनाल अश्वनी मेहता एवं हंसराज आनंद को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए सब को जिम्मेवारी लेनी चाहिए, तभी ये देश भ्रष्टाचार मुक्त हो पाएगा और इसके लिए हमें खुद जागरूक होकर दूसरों को जागरूक करना होगा। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन द्वारा सम्पूर्ण भारतवर्ष के सभी राज्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत हस्ताक्षर और शपथ अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोग न रिश्वत लेंगे न रिश्वत देंगे, कानून का पालन करेंगे, अपने सभी कार्य पारदर्शिता से करेंगे और किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार की जानकारी मिलते ही सम्बंधित एजेंसी को सूचित करेंगे कि शपथ ग्रहण जरूर करें।

उन्होंने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया देश को करप्शन फ्री इंडिया बनाने की मुहिम में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। फाउंडेशन देश को विकसित भारत बनाने की ओर अग्रसर है, करप्शन फ्री इंडिया देश ही विकसित भारत बनेगा।

## वक्फ संशोधन विधेयक लोकसभा में पारित होने पर विधायक ने प्रधानमंत्री का जताया आभार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। वक्फ संशोधन** विधेयक लोकसभा में पास होने पर करनाल विधायक जगमोहन आनंद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित समस्त केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस संशोधन से किसी को घबराने की जरूरत नहीं है। यह सबके हितों को ध्यान में रखते हुए लोकसभा में पारित हो गया है। इसका उद्देश्य वक्फ बोर्ड के काम को सुव्यवस्थित करना और वक्फ संपत्तियों का कुशल प्रबंधन सुनिश्चित करना है। विधायक जगमोहन आनंद ने बताया कि लोकसभा में इस विधेयक को पूर्ण बहुमत से पारित किया गया है। यह सभी मुसलमानों के पूर्णत पक्ष में हैं। उन्होंने बताया कि वक्फ (संशोधन) का उद्देश्य पिछले वक्फ अधिनियम में संशोधन करना है, ताकि वक्फ संपत्तियों के विनियमन और प्रबंधन में आने वाली समस्याओं और चुनौतियों का समाधान किया जा सके। संशोधन विधेयक का उद्देश्य भारत में वक्फ संपत्तियों के प्रशासन और प्रबंधन में सुधार करना है। इसका उद्देश्य पिछले अधिनियम की कमियों को दूर करना और अधिनियम का नाम बदलने, वक्फ की परिभाषाओं को अद्यतन करने, पंजीकरण प्रक्रिया में सुधार करने और वक्फ रिकॉर्ड के प्रबंधन में प्रौद्योगिकी की भूमिका बढ़ाने जैसे बदलाव करके वक्फ बोर्डों की दक्षता बढ़ाना है । विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि इस बिल में संशोधन का प्राथमिक उद्देश्य मुसलमान वक्फ अधिनियम 1923 को निरस्त करना है, जो औपनिवेशिक युग का कानून है जो आधुनिक भारत में वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन के लिए पुराना और अपर्याप्त हो गया है।

## गन्नौर विधानसभा क्षेत्र का कोई भी गांव विकास से अछूता नहीं रहेगा: विधायक

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: ग्राम पंचायत अगवानपुर में** गुरुवार को विधायक देवेंद्र कादियान ने करीब 60 लाख रुपए से अधिक की लागत वाले विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास किया। पंचायत घर में 17 लाख की लागत से लाइब्रेरी हॉल, 15 लाख की लागत से एक नई चौपाल और 10 लाख की लागत से पार्क का जीर्णोद्धार किया गया। इसके अलावा 18 लाख की लागत से बनने वाली एक और चौपाल का शिलान्यास भी विधायक ने किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने विधायक का आभार जताया। पंचायत घर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंचने पर सरपंच मंजीत कुमार और ग्रामीणों ने



विधायक का बुके और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। विधायक के साथ पहुंचे एसडीएम प्रवेश कादियान और नायब तहसीलदार गजे सिंह का भी अभिनंदन किया गया। सरपंच मंजीत ने गांव की विकास संबंधी मांगें विधायक के सामने रखीं। विधायक ने भरोसा दिलाया कि पंचायत द्वारा दी गई सभी मांगें पूरी होंगी। जनसंवाद कार्यक्रम के तहत विधायक कादियान ने बायं, बड़ौत, भोगीपुर, राजलू गढ़ी, छोटी गढ़ी, भूरी, कामी, थरया और शहजादपुर गांवों का भी दौरा किया। वहां लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को समय पर समाधान के निर्देश दिए। बायं गांव में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता किरण ने विधायक को ज्ञापन सौंपा। उसने बताया कि गांव की एक चौपाल में आंगनवाड़ी केंद्र चल रहा है, जिसकी छत पूरी तरह से टूट चुकी है। हादसे का डर बना रहता है। रोशनपुर गांव के लोगों ने बिजली के खंभे लगवाने की मांग की। विधायक ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ग्रामीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। गन्नौर विधानसभा क्षेत्र का कोई भी गांव विकास से अछूता नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि 36 बिरादरी के आशीर्वाद से विधायक बने हैं। लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाएं क्षेत्र में लाने का प्रयास किया जाएगा। पंचायतों की मांगों को पूरा करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। विधायक ने कहा कि जनसंवाद कार्यक्रम के साथ उनका धन्यवादी दौरा पूरा हो गया है। लोगों से मिलकर उन्हें भरपूर आशीर्वाद और सहयोग मिला है। इस अवसर पर एसडीओ विपुल छौक्कर, पंचायत सेक्रेटरी अनिल कादियान, अंकित नैन, एबीपीओ राजेश कुमार, जेई लोकेश, पूर्व सरपंच रामचंद्र, सरपंच मेहर सिंह, नरेंद्र यादव, सुभाष रोहिल्ला, सुखबीर, रणबीर जांगड़ा, सावन सरपंच, अनिल ब्लॉक समिति चेयरमैन, बिजेंद्र, सुनील, मिंटू, जोगेंद्र कामी, बलराज, दीपक नैन, फरमान सरपंच, रवि पहलवान, जयप्रकाश, महेंद्र सहित कई लोग मौजूद रहे।

## खिलाडियों नेपेनचाक सिलाट में झटके चार गोल्ड समेत नौ मैडल

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**एसडी पीजी कॉलेज** पानीपत के खिलाड़ियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविधालय इंटर कॉलेज पेनचाक सिलाट चैंपियनशिप 2025 में चार गोल्ड मैडल समेत कुल नौं मैडल झटक कर कॉलेज और जिले का मान बढाया । नेहा और कमल ने 55 किलोग्राम भारवर्ग में रजत और चेतना ने 60 किलोग्राम भारवर्ग, जतिन सैनी ने 65 किलोग्राम भारवर्ग और चरणजीत ने 90 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक हासिल किये । इनके साथ निशांत, मोहित, प्रशांत और प्रशांत कुमार (तुंगल विधा) ने में आल इंडिया इंटरयूनिवर्सिटी पेनचाक सिलाट चैंपियनशिप के



लिए कुरुक्षेत्र विश्विधालय की टीम में चयनित होकर विश्वविधालय स्तर पर गोल्ड मेडल्स हासिल किये जो कॉलेज के गर्व का विषय रहा । इस चैंपियनशिप का आयोजन 1 अप्रैल को कुरुक्षेत्र विश्वविधालय में हुआ । निशांत, मोहित, प्रशांत, प्रशांत कुमार, नेहा, चेतना, कमल, जतिन सैनी और चरणजीत का कॉलेज पहुँचने पर स्वागत एसडी पीजी कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल, प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा, शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ सुशीला बेनीवाल, प्रो रेखा, प्रो नीलम, प्रो आनंद, प्रो अंकुश मलिक, ग्राउंड्स मैन प्रताप और अन्य प्राध्यापकों ने किया । ये खिलाड़ी इससे पहले भी राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तरीय और इंटर कॉलेज टूनार्मेंट्स में शानदार प्रदर्शन के दम पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते आ रहे है । कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल ने अपने सन्देश में कहा कि खेलों में भाग लेने के हमें अनेकों फायदे मिलते है । इससे हमारा रूप और व्यक्तित्व बनता और निखरता है । खेल के मैदान और मुकाबले में हर खिलाड़ी यदि लगन के साथ भाग ले तो जीत अवश्य मिलती है । माता-पिता आज भी चाहतें हैं कि उनका बेटा या बेटी खिलाड़ी की जगह डाक्टर-इंजिनियर बने परन्तु इन खिलाड़ियों ने खेल के महत्व को समाज में स्थापित किया है । कॉलेज ऐसे खिलाडियों का निरंतर मार्गदर्शन करता रहेगा । तनाव और अवसाद से भरी आज की आधुनिक जीवन शैली में खेल ही हमें स्वस्थ और तनावमुक्त रख सकतें है । प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने निशांत, मोहित, प्रशांत, प्रशांत कुमार, नेहा, चेतना, कमल, जतिन सैनी और चरणजीत की भरपूर प्रशंसा की और कहा कि इन खिलाड़ीयों की उपलब्धि अत्यंत गौरवपूर्ण है । इनकी जीत से न सिर्फ ये सभी खिलाड़ी जीवन में सफलता की सीढियां चढ़ेंगे बल्कि इनसे दूसरे विद्यार्थियों को भी भरपूर प्रेरणा मिलेगी ।

आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप एक प्रतिष्ठित प्रतियोगिता है और इसमें भाग लेना मात्र ही हर खिलाड़ी का स्वप्न होता है।

## सट्टा खाईवाली करते दो युवक गिरफ्तार, 4 हजार रूपए की नगदी बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) थाना औद्योगिक सेक्टर 29** पुलिस टीम ने डाडौला रोड पर सट्टा खाईवाली करते दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके पर आरोपियों के कब्जे से सट्टा खाईवाली में प्रयुक्त 3 प्लास्टिक की गिट्टी व दाव पर लगी 4 हजार रूपए की नगदी बरामद की है। आरोपियों की पहचान अमनदीप सिंह निवासी गोकट डोगरा व प्रशांत चौधरी निवासी शिमलापुरी लुधियाना पंजाब के रूप में हुई।

थाना औद्योगिक सेक्टर 29 प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह की और से जिले में अवैध शराब, जुआ, सट्टा सहित अवैध धंधों की रोकथाम व आरोपियों की धरपकड़ के लिए सभी थाना व चौकी प्रभारीयों को सख्त निर्देश दिए गए है। इसी क्रम में बुधवार को थाना औद्योगिक सेक्टर 29 पुलिस की एक टीम गश्त के दौरान डाडौला रोड पर मौजूद थी। टीम को रोड किनारे दो युवक सट्टा खाईवाली करते दिखाई दिए। जिनमें एक युवक जोर जोर से आवाज लगा रहा था कि 500 रूपए लगाओ लाल रंग आने पर 1 हजार रूपए कमाओ। दूसरा युवक हाथ में पकड़ी हुई गिट्टीयों को पलट रहा था। पुलिस टीम ने सट्टा खाईवाली कर रहे दोनों युवकों को काबू कर पूछताछ की तो उन्होंने अपनी पहचान अमनदीप सिंह पुत्र मोहन सिंह निवासी गोकट डोगरा व प्रशांत चौधरी पुत्र रामदयाल निवासी शिमलापुरी लुधियाना पंजाब के रूप में बताई। मौके पर आरोपियों के कब्जे से 3 प्लास्टिक की गिट्टी व दाव पर लगी 4 हजार रूपए की नगदी बरामद हुई। प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ दर्ज कर पुलिस ने पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर छोड़ा गया।

## न्यूज फ्लैश

### भीख मांगने वाले पांच बच्चों का किया रेस्क्यू



**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** डॉ. बीआर अम्बेडकर सेवा समिति की ओर से वीरवार को नगर निगम के वार्ड नम्बर 7 से तीसरी बार निर्वाचित हुए पार्षद अशोक कटारिया का भव्य अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। असंध रोड़ स्थित अलाईट होटल में आयोजित किए गए समारोह की अध्यक्षता पंचायत मंत्री कृष्णलाल पंवार के भाई और डॉ. बीआर अम्बेडकर सेवा समिति के प्रधान रोहताश पंवार ने की। रोहताश पंवार ने कहा कि इतनी बड़ी जीत व तीसरी बार अशोक को चुनकर भेजना यह उनके भरोसे व विश्वास को साबित करता है। उन्होंने कहा कि समाज में विश्वास बनाने के लिए अच्छे कार्य करने की आवश्यकता होती है। इसके लिए वे हमेशा तैयार रहते हैं। उन्होंने इसके लिए सभी का आभार प्रकट किया। पार्षद अशोक कटारिया ने कहा कि उन्हें जो भी जिम्मेदारी लोगों द्वारा दी जाएगी वे उसे अपना सौभाग्य समझकर पूरा करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब अम्बेडकर द्वारा निर्मित संविधान ने देश में जो परिवर्तन किया है उसके बदौलत ही हम समाज की मुख्य धारा में शामिल हो पाएं हैं। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों ने जो पगड़ी उन्हें पहनाकर सम्मान किया है वे उसे बरकरार रखेंगे। उन्होंने हर सम्भव मदद करने का आशवासन भी दिया। इस मौके पर समिति के वरिष्ठद्द उप प्रधान राजपाल माण्डी, वजीर सिंह, रोहताश दाबड़ा, राधेश्याम, मनोज कुमार, सतपाल सिंह, तेजपाल राठी, आन्नद कुमार, अजीत सिंह, सूरभान भौरिया, सतबीर बामनिया, दलबीर चौहान, अजय, रमेश, राकेश व प्रकाश भौरिया इत्यादि उपस्थित रहे।

### मंडियों में किसानों को प्रशासन कराएगा मूल भूत सुविधाएं उपलब्ध: उपायुक्त डॉ. विरेंद्र

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** रबी की फसल को किसानों ने मण्डियों में एक अप्रैल से लाना प्रारंभ कर दिया है। हालाकि की जिले की मंडियों में अभी तक फसल नहीं पहुंची है। सरकारी खरीद 1 अप्रैल से प्रारंभ हो चुकी है। नमी के कारण अभी खरीद का कार्य प्रारंभ नही हो पाया है। उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने गुरूवार को सभी मण्डी सचिवों, प्रशासनिक अधिकारियों के साथ रबी की फसल की खरीद के संदर्भ में महत्वपूर्ण बैठक की व आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि मण्डियों में साफ-सफाई, बिजली-पानी झरने, पंखे की विशेष व्यवस्था होनी चाहिए व बारदाने की व्यवस्था करना अधिकारी सुनिश्चित करें। मंडियों में सुरक्षा को लेकर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। सम्बंधित मण्डियों के एसडीएम स्वयं मण्डियों की जांच करके व्यवस्था का जायजा लेना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने अधिकारियों को चेताया की यदि मंडी की बजाय सडकों के किनारे अनाज नजर आया तो बड़ी कार्यवाही के लिए अधिकारी तैयार रहे। उपायुक्त ने मंडियों में आने वाली संभावित रबी की फसल की जानकारी भी अधिकारियों से ली।

# ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में मंत्रों के साथ नया सत्र शुरू का हुआ शुभारंभ

## -हवन यज्ञ से पर्यावरण संग होती है तन-मन की शुद्धि, पादप है प्राणवायु की मात्रा : वाष्प जैन

**प्रेरित किया**

**सभी छात्र-छात्राओं का नये सत्र में स्वागत किया और उन्हें कड़ी मेहनत व लगन से पढ़ने के लिए प्रेरित किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**डेयरी।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में मास्टर्स को मंत्रों और घरों की आहुतियों के साथ अकादमी के नए सत्र का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर स्कूल के सुपरस्टार एलिजाबेथ जैन, सीईओ संजय जैन, निर्देशक ध्रुव जैन और स्कूल की कार्यशाला गीता चोपड़ा ने मां सरस्वती के चित्रों के साथ दीप प्रज्वलित कर छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की। इब्राहीम जैन ने कहा कि यज्ञ प्राचीन काल से ही भारतीय संस्कृति का आधार है। होम यज्ञ से पर्यावरण संग तन-मन की शुद्धि होती है और प्राणवायु की मात्रा संतृप्त होती है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं का नये सत्र में स्वागत किया और उन्हें कड़ी मेहनत व लगन से पढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने दावा किया कि नए सत्र में भी उनके स्कूल के छात्र शिक्षा, खेल और सांस्कृतिक सहयोग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और जिले और स्कूल का नाम रोशन करेंगे।
अंधविश्वासी जैन ने कहा कि देश और समाज के विकास में शैक्षिक शिक्षा का महत्व सबसे अधिक है। शिक्षा के माध्यम से देश को कुशल मानव संसाधन मिलता है। देश की आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक आध्यात्मिकता विकास पर ही प्रतिबंध है। बच्चों के.व्यक्तित्व निर्माण में स्कूल और सचिवालय की भूमिका सबसे अहम है। सीईओ संजय जैन ने कहा कि स्कूल शिक्षा छात्रों के जीवन और भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने की प्रेरणा शिक्षक ही.देता है। शिक्षा से जुड़े बच्चों में यह समझने की क्षमता होती है कि उनके लिए क्या सही है और क्या गलत है। जब एक बच्चा उत्कृष्ट शिक्षा और अच्छे अभिनय के साथ आगे बढ़ेगा, तभी देश का विकास होगा। इन बातों पर चंचलतापूर्वक ध्यान देते हुए कहा गया कि उनके स्कूल में स्मार्ट क्लास के साथ ही टॉकीज टीचर्स का प्रयोग बच्चों को सिखाया जाता है। बच्चों को कौशल शिक्षा प्रदान करने की दिशा में नई पहल की गई है। स्कूल में बच्चों को अबेक्स और वैदिक गणित की शिक्षा भी दी जा रही है। कार्यशाला गीता चोपड़ा ने नए बच्चों का स्कूल में स्वागत किया और पुराने छात्रों को भी नए सत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्हें छात्र अनुशासन का महत्व भी बताया गया। इससे पहले स्कूल पहुंच पर छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया। नए सत्र के उद्घाटन अवसर पर स्कूल में ग्रामीण छात्र-छात्राओं की अत्यधिक उत्सुकता है। इस मौके पर ऑर्डिनेटर निरमा, मह व गीता राणा, श्वेता, नमिता, संगीता, रेखा जैन, मधु, मीनिका, मोनिका, बीना, कुसुम, ज्योति, सपना, सोनिया मदान, ज्योति, निशा, सीमा रानी, पारुल, कावेरी, कृष्णा मदान आदि मौजूद हैं।

# सीवरेज की समस्या का मेयर ने दिया समाधान का निर्देश



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** नगर निगम के मेयर राजीव जैन ने कालूपुर गांव के पीछे दहिया कॉलोनी को जाने वाले मार्ग पर फैले सीवरेज के गंदे पानी की लगातार आ रही शिकायतों के चलते मौका देखा और अधिकारियों को बुलाकर समस्या के स्थायी समाधान के लिए योजना तैयार करने के निर्देश दिए, अस्थाई तौर पर पानी निकलने के लिए ट्रैक्टर एवं सीवरेज की लाइन की सफाई शुरू करवाई। राजीव जैन ने अधिकारियों से कहा कि समस्या के स्थायी समाधान के लिए सड़क से लहराड़ा वाले रास्ते तक सीवेरज को नई लाइन बिछा कर सीवेरज ट्रीटमेंट प्लांट तक जाने वाली बड़ी लाइन में जोड़ने कि संभावनाएं तलाश कर एस्टीमेट तैयार किया जाये। उन्होंने बताया कि इस सीवर लाइन डलने से विशाल नगर, कबीर नगर को बड़ी राहत मिल सकती है। पार्षद मोनिका अनिल नागर, भाजपा नेता अनिल ग्रोवर, अधीक्षण अभियंता देवेंद्र, कनिष्ठ अभियंता सचिन शर्मा उपस्थित रहे।

**शिकायतों**

**अस्थाई तौर पर पानी निकलने के लिए ट्रैक्टर एवं सीवरेज की लाइन की सफाई शुरू करवाई**

# डॉ राम अवतार ने सोनीपत में जॉइनिंग किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** डॉ राम अवतार ने सोनीपत में जॉइनिंग किया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी के रूप में जो करनाल से बदलकर सोनीपत में ज्वाइन किया है। शिव युवा शक्ति संघ के अध्यक्ष दीपक कुमार सचिव राजेश पालीवाल मेंबर जीत सिंह ऋषि वर्मा अन्य सदस्य बने। उन्हें बुके देकर उन्हें सम्मानित किया। डॉक्टर रामावतार सोनीपत में आने से आयुर्वेदिक के मरीजों को बहुत फायदा होगा। आयुर्वेदिक के बारे में लोगों को कम जानकारी हैं। शिव युवा शक्ति संघ इस कार्य में जगह-जगह कैंप भी आयोजन करने में डॉक्टर साहब की मदद करेगी।

# मुरलीधर डीएवी के प्रांगण में संस्कार संगम शिविर का समापन

**संगम शिविर**

**संस्कार संगम शिविर, जो 28 मार्च से 3 अप्रैल 2025 तक चला उसका समापन हर्षोल्लास के साथ किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** मुरलीधर डीएवी के प्रांगण में आयोजित संस्कार संगम शिविर, जो 28 मार्च से 3 अप्रैल 2025 तक चला उसका समापन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस शिविर में बच्चों ने विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से नई कला और कौशल सीखे। शिविर के दौरान बच्चों ने स्टोन पेंटिंग, टाई-एंड-डाई जैसी फन क्रिएटिव एक्टिविटीज में भाग लिया और अपनी कृतियों को डिस्प्ले किया। साथ ही, बच्चों ने जुम्बा और डांस पर शानदार प्रस्तुति दी, जिसे प्रिंसिपल सर के समक्ष प्रस्तुत किया गया।
इसके अलावा, अंग्रेजी सॉफ्ट स्किल डेवलपमेंट के तहत कई राइटिंग एक्टिविटीज कराई गईं, जिससे बच्चों के भाषा कौशल को मजबूती मिली। इन गतिविधियों से बच्चों को आगामी वर्षों में लाभ मिलेगा। समापन समारोह में डॉ. आर. ए. सूरी जी ने बच्चों को आशीर्वाद दिया और शिक्षकों ने उनका मार्गदर्शन किया और बच्चों की मेहनत की सराहना की और घोषणा की कि इस तरह के कार्यक्रम हर वर्ष अप्रैल में आयोजित किए जाएंगे। हिंदी और अंग्रेजी, दोनों भाषाओं में ऐसे आयोजनों से बच्चों को सीखने का अनूठा अवसर मिलेगा।मुरलीधर डी ए वी के प्रांगण में संस्कार संगम शिविर का समापन मुरली धर डी ए वी के प्रांगण में आयोजित संस्कार संगम शिविर, जो 28 मार्च से 3 अप्रैल 2025 तक चला उसका समापन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस शिविर में बच्चों ने विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से नई कला और कौशल सीखे। शिविर के दौरान बच्चों ने स्टोन पेंटिंग, टाई-एंड-डाई जैसी फन क्रिएटिव एक्टिविटीज में भाग लिया और अपनी कृतियों को डिस्प्ले किया। साथ ही, बच्चों ने जुम्बा और डांस पर शानदार प्रस्तुति दी, जिसे प्रिंसिपल सर के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# जैन क्रिकेट प्रीमीयर लीग का हुआ शानदार आगाज

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** इस वर्ष होने जा रहे पाँच दिवसीय जैन क्रिकेट प्रीमियर लीग 2 अप्रैल से 6 अप्रैल 2025तक पी. के आर जैन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में खेले जा रहे मैचों का हुआ शानदार आगाज। मुख्य सहयोगी पी. के आर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रधान धर्मपाल जैन एवं प्रबंधक समिति का स्वागत माणीभद्र वीर यंग सोसायटी की प्रबंधक समिती द्वारा फूलो का गुलदस्ता देकर किया गया।




धर्मपाल जैन ने रिबन कटिंग करने के बाद नवकार मंत्र के साथ सीजन 6 का शुभारंभ किया। स्कूल प्रबंधक समिति के कन्विनर नितिन जैन ने सोसायटी के प्रयास की खूब तारीफ की और सोसायटी को बधाई दी। यह लीग पी. के आर जैन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सहयोग से श्री माणिभद्र वीर यंग सोसायटी की और से करवाये जा रहे है।
सचिव नवयम जैन जी ने टूर्नामेंट की जानकारी देते हुए बताया कि इस सीजन में 8 टीम और 104 खिलाड़ी भाग ले रहे है।
लीग मुकाबले 12-12 ओवर के रहेंगे। जीतने वाले को 51000/- की राशि और 31000/- की राशि रनरअप को श्री माणिभद्र वीर यंग सोसायटी की और से दी जाएगी। कार्यक्रम में 8 टीम दी उनस्टॉपबल, जे एम एस वरीयर्स, गो.आ चैलेंजर्स,टोजो टाइटन्स,नावल्टी हसलर्स,आर. के ज्वेलस,एम.के नाइट राइडर्स, दी चैंपियंस, भाग लेंगी।

**टूर्नामेंट**

**गो.आ चैलेंजर्स, टोजो टाइटन्स,नावल्टी हसलर्स, आर. के ज्वेलस, दी चैंपियंस, भाग लेंगी**

# हरे कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल में हवन-यज्ञ के साथ किया नए सत्र का प्रारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
हरे कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल, समालखा में नए सत्र का प्रारंभ हवन-यज्ञ के साथ किया गया। नए सत्र में पहले दिन स्कूल आने पर बच्चों का स्वागत धूमधाम से किया गया। सभी विद्यार्थियों का मुंह मीठा करवा कर नई कक्षाओं की शुरूआत के लिए शुभकामनाएं दी गई। स्कूल प्रबंधक सुभाष वर्मा द्वारा छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए यज्ञ का आयोजन करवाया गया। स्कूल प्रिंसिपल पुष्प ठाकुर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष विद्यार्थियों को गतजनता समाधान



शिविर में अपनी समस्या लेकर पहुंच रहे शिकायतकर्ताओं की शिकायत का स्टेटस जाना। वर्ष से भी अधिक परिश्रम व लगन के साथ अध्ययन करके अपने माता-पिता व अध्यापकों की सभी आशाओं को पूरा करना है। इसी के साथ वीर शिवा जी की पुण्यतिथि पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई। वाइस प्रिंसिपल गौरव गर्ग ने शिवाजी महाराज के बारे में बताते हुए हुए बच्चों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया।

### शिक्षा नीति के तहत पंजीकरण करवाना अनिवार्य

**पानीपत (कमाल हुसैन )** जिला कार्यक्रम अधिकारी परमिन्द्र कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में संचालित कर रहे प्ले स्कूलों को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा छोटे बच्चों की देखरेख एवं शिक्षा नीति के तहत पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। इसलिए 3 से 6 वर्ष तक के बच्चो का दाखिला मान्य होगा तथा सरकार के नियम व हिदायतों, माप दण्डों के तहत ही संचालन करना होगा। उन्होंने बताया कि पूर्व में संचालन कर रहे प्ले वे स्कूल, संस्थाओं के संचालकों व नए पंजीकरण के इच्छुक व्यक्तियों व संस्थाओं को एक माह के अन्दर 30 अप्रैल 2025 तक आवेदन करना होगा।

# स्किल गैप इन लीगल एजुकेशन पर लेक्चर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**
गीता इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ में स्किल गैप इन लीगल एजुकेशन पर गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया, जिसमें बतौर मुख्य वक्ता सुप्रीम कोर्ट के प्रतिष्ठित अधिवक्ता अंकित किशोर ने शिरकत की। अंकित किशोर ने छात्रों को कानूनी शिक्षा से व्यावहारिक कानूनी अभ्यास तक के महत्वपूर्ण बदलाव पर जानकारी दी। इस व्याख्यान में कानून के छात्रों को पेश आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान पर गहन चर्चा की गई। अंकित किशोर ने केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित न रहते हुए व्यावहारिक कौशल विकसित करने के महत्व पर जोर दिया, जो एक सफल कानूनी करियर के लिए आवश्यक हैं। उन्होंने कानून के छात्रों को इंटर्नशिप के बारे में वास्तविक दृष्टिकोण प्रदान किया, जिससे वे प्रोफेशनल माहौल की चुनौतियों के लिए बेहतर रूप से तैयार हो सकें। उन्होंने कानूनी लेखन में स्पष्ट और सटीकता के महत्व को रेखांकित करते हुए छात्रों को व्यावहारिक रणनीतियाँ प्रदान कीं। कॉलेज के छात्रों ने इस चर्चा में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने करियर से जुड़े महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे। गीता इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ के वाइस चेयरमैन निशांत बंसल ने इस अवसर पर कहा कि इस तरह के व्याख्यान से छात्रों को न केवल आवश्यक कानूनी ज्ञान प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें अपने करियर में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित भी करते हैं। इस मोके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुभाष कुमार, डायरेक्टर डॉ. जे. आर. शर्मा, डायरेक्टर ट्रेनिंग डॉ. प्रेरणा डावर, डॉ. संदीप सैनी हेड ऑफ डिपार्टमेंट और हेड ऑफ डिपार्टमेंट डॉ. आयना, डॉ. भतेरी, सहायक प्रोफेसर अनुरंजन शर्मा आदि मौजूद रहे।



**कानूनी शिक्षा**

**अंकित किशोर ने छात्रों को कानूनी शिक्षा से व्यावहारिक कानूनी अभ्यास के बदलाव पर जानकारी दी**

# सीएम नायब सैनी ने देखी समाधान शिविर की कार्यवाही

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह जनहित का ध्यान रखते हुए प्रदेश भर में नियमित रूप से जनता समाधान शिविरों का आयोजन जिला व उपमंडल स्तर पर कर रहे हैं तसकि जनता की समस्याओं का मौके परनिदान हो सके व प्रदेश विकसित हो सके। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी उपायुक्तों से गुरूवार को वर्चऊल माध्यम से सभी जिलों के उपायुक्तों से बात की व जनता समाधान शिविर में अपनी समस्या लेकर पहुंच रहे शिकायतकर्ताओं की शिकायत का स्टेटस जाना। उन्होंने सभी उपायुक्तों से शिविर में आई अब तक की समस्याओं में कितनी समस्याओं का समाघान हुआ है व



कितनी समस्याएं बची हैं जिनका अभी तक समाधान नहीं हो पाया है उसके क्या कारण रहे हैं के बारे में एक-एक करके सभी उपायुक्तों से अपडेट लिया।
उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने मुख्यमंत्री नायब सिंह से वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जिला पानीपत की समस्याओं को लेकर प्रगति से अवगत कराया। उपायुक्त ने कहा कि सभी समस्याओं का गंभीरता से निस्तारण किया जा रहा है। विभागों के अधिकारी दो घण्टें समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं की स्थिति को जानकर उनका निवारण करते हैं। उपायुक्त ने बताया कि प्रारम्भ में 300 से ज्यादा नागरिक रोजाना पैंशन, बिजली, आधारकार्ड, पुलिस विभाग और क्रिड विभाग से जुड़ी समस्याएं लेकर पहुंचते थे। अब स्थिति कुछ महीने से बदली है। अब रोजाना 90 के करीब समस्याएं पहुंच रही है। जिनका अधिकारियों के सहयोग से समाधान किया जा रहा है।
उपायुक्त ने बताया कि जून माह से अब तक 19 हजार के करीब समस्याएं विभिन्न शिकायतकताओं द्वारा दी गई हैं जिनमें से 16 हजार से ज्यादा का समाधान हो चुका है। तीन हजार के करीब समस्याओं के समाधान को लेकर कार्य प्रगति पर है। उपायुक्त ने बताया कि पुलिस विभाग व क्रिड विभाग की समस्याएं ज्यादा हैं। उन पर धीरे-धीरे संज्ञान लिया जा रहा है।
उपायुक्त ने कहा कि 85 प्रतिशत समस्याओं का समाधान हो चुका है। सभी अधिकारी समन्वय स्थापित करके समस्याओं का समाधान कर रहे हैं।
मुख्यमंत्री ने समाधान शिविर की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जानकारी लेते हुए उत्तर प्रदेश के एक शिकायतकर्ता क्लैक्टर से सीधी बातचीत की व उसकी समस्या को जाना।

**स्टेटस जाना**

**जनता समाधान शिविर में अपनी समस्या लेकर पहुंच रहे शिकायतकर्ताओं की शिकायत का स्टेटस जाना**

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल,समालखा में नए शैक्षणिक सत्र का हुआ शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**
दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, समालख में शैक्षणिक सत्र ' की उत्साहपूर्ण शुरूआत हुई। पूरे स्कूल परिवार ने नए और पुराने छात्रों का स्नेहपूर्वक स्वागत किया क्योंकि बच्चे ज्ञान और सीखने की रोमांचक यात्रा पर आगे बढ़ रहे हैं। स्कूल की यज्ञशाला में हवन के साथ नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ हुआ। जिससे सकारात्मक ऊर्जा और एकता की भावना जागृत हुई। इससे विद्यार्थियों को नई ऊर्जा और समर्पण के साथ पढ़ाई में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेंगी। इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉक्टर अजीत भारद्वाज ने छात्रों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह सत्र सभी छात्रों के लिए नवाचार और रचनात्मकता, छिपे हुए कौशल को निखारेंगे और उन्हें नए अवसरों के लिए भी तैयार करेंगे। हमारी प्राथमिकता है कि यह वर्ष सफलता, प्रेरणा और उपलब्धियों से भरपूर हो। जो उनके उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक होगा। स्कूल प्रबंधक समिति ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायक विचारों से मार्गदर्शन करते हुए कहा कि उन्होंने छात्रों के शिक्षा के महत्त्व, अनुशासन और लक्ष्य प्राप्ति के लिए मेहनत करने पर जोर देऔर हमारा लक्ष्य छात्रों का सर्वांगीण विकास है।



# धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में फूड टेस्टिंग लैब स्थापित की जाए: सांसद नवीन जिन्दल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : सांसद नवीन** जिन्दल ने आज लोकसभा में "वन डिस्ट्रिक्ट, वन फूड टेस्टिंग लैब" योजना के अंतर्गत कुरुक्षेत्र में फूड टेस्टिंग लैब स्थापित करने और युवाओं के लिए सप्लाई-आधारित मॉडल की बजाय डिमांड-आधारित स्किलिंग मॉडल की मांग की । आज प्रश्नकाल के दौरान सांसद नवीन जिन्दल ने कहा, ह्लजनस्वास्थ्य और उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर जिले में आधुनिक फूड टेस्टिंग लैब होना आवश्यक है। कुरुक्षेत्र एक



कृषि प्रधान एवं तेजी से विकसित होता हुआ शहरी क्षेत्र है, जहां ऐसी सुविधा की अत्यंत आवश्यकता है। इसके साथ-साथ सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि भारत की 65% आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है। हमारे देश में नौकरियों की कमी नहीं है, बल्कि स्किल मिसमैच एक बड़ी चुनौती है – यानी युवाओं के पास वो कौशल नहीं है जिसकी आज के उद्योगों को जरूरत है। अगर हमें भारत को भविष्य के लिए तैयार करना है, तो हमें सप्लाई-आधारित मॉडल से हटकर डिमांड-आधारित स्किलिंग मॉडल अपनाना होगा। नवीन जिन्दल ने नेशनल स्किल सेंसस कराने की मांग रखी – क्योंकि जब तक हमारे पास सटीक आंकड़े नहीं होंगे, तब तक न सही नीति बनेगी और न समाधान निकलेगा। आज लोकसभा में सांसद नवीन जिन्दल के सवालों का जवाब देते हुए केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री श्री चिराग पासवान ने कहा कि कुरुक्षेत्र में लैब स्थापित करने का प्रस्ताव वाजिब है और मंत्रालय जल्द ही इस पर उचित कार्रवाई करेगा। सांसद नवीन जिन्दल ने मंत्री के सकारात्मक उत्तर के लिए आभार व्यक्त व स्वागत करते हुए कहा, ह्लमैं मंत्री महोदय का आभार व्यक्त करता हूं। यह लैब कुरुक्षेत्र सहित आसपास के लाखों लोगों को सुरक्षित और पोषक आहार सुनिश्चित करने में मदद करेगी। यह किसान कल्याण और खाद्य सुरक्षा प्रणाली को सुदृढ़ बनाएगी।ह्व इस अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल के मीडिया सलाहकार डॉ. राज कुमार ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल, धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत हैं। सांसद नवीन जिन्दल ने पूर्व में भी खाद्य सुरक्षा का मुद्दा उठाया था।

# श्रीमद्भगद्गीताः जीवन प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला 9 अप्रैल को

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** के श्रीमद्भगवद्गीता सदन में 9 अप्रैल को प्रातः 10:30 बजे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के संरक्षण में यूआईईटी संस्थान द्वारा श्रीमद्भगद्गीताः विज्ञान, आधुनिक शिक्षा व जीवन प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित होगी जिसमें गीता मनीषी पूजनीय स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज बतौर मुख्यातिथि एवं मुख्य वक्ता अपना विशेष उद्बोधन देंगे। यह जानकारी देते हुए यूआईईटी निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा ने बताया कि इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल विशेष रूप से उपस्थित होंगे।



उन्होंने बताया कि कार्यशाला में संयोजक की भूमिका में डॉ. राजेश अग्निहोत्री, आयोजन सचिव डॉ. उर्मिला, डॉ. सविता तथा सह-संयोजक डॉ. प्रियंका जांगड़ा व डॉ. पवन दीवान होंगे। कार्यशाला में श्रीमद्भगवद्गीता के विज्ञान, आधुनिक शिक्षा एवं जीवन प्रबंधन के प्रति समग्र दृष्टिकोण पर मंथन होगा

**क्रश हॉल में विद्यार्थी लगाएंगे पोस्टर प्रदर्शनी**

केयू लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि श्रीमद्भगवद्गीता न केवल एक पवित्र ग्रंथ है बल्कि ज्ञान का एक शाश्वत स्त्रोत भी है जो इंजीनियरिंग, आधुनिक विज्ञान एवं शिक्षा सहित जीवन के सभी क्षेत्रों में मानवता का दर्शन करता है।

## न्यूज फ्लैश

### झोपड़े में लगी आग से घरेलू सामान, शादी के लिए रखा टेंट और अन्य सामान जलकर राख

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। घरौंडा थाना क्षेत्र** के डेरा संजय नगर गांव में एक झोपड़े में अचानक आग लग गई, जिससे पूरा झोपड़ा जलकर राख हो गया। पीड़ित परिवार ने गांव के ही दो लोगों पर जान बूझकर आग लगाने का आरोप लगाया है। इस आगजनी में घरेलू सामान के साथ-साथ शादी के लिए रखा टेंट और अन्य सामान भी जल गया। परिवार का कहना है कि झोपड़े में नगदी भी रखी हुई थी, जो जलकर खाक हो गई। घर वालों के पास पहनने के लिए भी वे ही कपड़े बचे हैं, जो उन्होंने पहने हुए थे, बाकी सब जल गया। घटना के बाद परिवार की नवविवाहिता बहू गहरे सदमे में आ गई, जिसे तुरंत अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पीड़ित परिवार की शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। गांव डेरा संजय नगर के कर्ण ने बताया कि 2 अप्रैल की सुबह उनके झोपड़े में आग लगाई। घटना के वक्त पूरा परिवार सो रहा था। अचानक धुएं की गंध और आग की लपटें देखकर परिवार की आंख खुली, जिसके बाद शोर मचाया गया। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। कोई पाइप से पानी डाल रहा था तो किसी ने बाल्टियों से आग बुझाने की कोशिश की। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन झोपड़ा पूरी तरह जल गया। कर्ण ने बताया कि उनके परिवार में चार दिन पहले शादी थी, जिसके चलते टेंट, कुर्सियां और अन्य किराए का सामान घर में रखा था। यह सारा सामान इस आग में जलकर राख हो गया। इसके अलावा घर में रखी नकदी भी पूरी तरह से जल गई। घरेलू सामान के साथ टेलीविजन और खाने-पीने का राशन भी आग की भेंट चढ़ गया। पीडित परिवार का आरोप है कि आग लगाने के बाद जब उन्होंने आरोपियों का पीछा किया तो आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना तुरंत 112 नंबर पर दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटना का वीडियो भी बनाया। कर्ण ने बताया कि इस सदमे में उनकी भाभी मनीषा की हालत काफी खराब हो गई, जिसके चलते उसे अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा। पीड़ित परिवार ने मामले की शिकायत घरौंडा थाने में दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी दीपक ने बताया कि शिकायत मिली है, जांच जारी है।

### 7 खेल परिसरों में 13 कोच नियुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा के युवा** सशक्तिकरण और उद्यमिता एवं खेल मंत्री गौरव गौतम की फटकार का असर खेल विभाग के अधिकारियों पर साफ दिखाई दे रहा है। बुधवार को मंत्री के निरीक्षण के बाद आज जिला खेल अधिकारी सुधा भसीन ने विभिन्न खेल परिसरों में कोचों की नियुक्ति कर दी है। साथ ही कोचों को निर्देश दिए गए हैं कि वे ग्राम पंचायत और ग्रामीणों से व्यक्तिगत संपर्क कर खिलाडि?ों को खेल के प्रति जागरूक करें और खेल नर्सरी का संचालन सुनिश्चित करें। इसके अलावा खेल परिसरों की साफ-सफाई की जिम्मेदारी भी निर्धारित कर दी गई है।जिला खेल अधिकारी द्वारा विभिन्न खेल परिसरों में प्रशिक्षकों की तैनाती कर दी गई है। इनमें राजीव गांधी खेल परिसर बसताड़ा एथलेटिक्स कोच रिषी कुमार, जूनियर बॉक्सिंग कोच रवि कुमार, जूनियर हैंडबॉल कोच सोनिया। राजीव गांधी खेल परिसर घोघड़ीपुर जूनियर फुटबॉल कोच ऊषा, जूनियर रेसलिंग कोच विजय कुमार। खेल परिसर गगसीना फुटबॉल कोच भूपिंदर सिंह। खेल परिसर पुंडरक जूनियर आर्चरी कोच राजेश, जूनियर एथलेटिक्स कोच रमन। खेल परिसर निगदू जूनियर जूडो कोच सुभाष चंद। खेल परिसर कलरी जागीर जूनियर रेसलिंग कोच वीरेंद्र, जूनियर फुटबॉल कोच अमित कुमार और खेल परिसर जयसिंहपुरा जूडो कोच रितु के नाम शामिल हैं। हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम चंडीगढ़ से समालखा जाते हुए अचानक बसताड़ा स्थित राजीव गांधी ग्रामीण खेल परिसर का निरीक्षण करने पहुंच गए थे। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने देखा कि खेल परिसर की हालत बेहद खराब है। मंत्री ने स्पष्ट किया था कि वे दो महीने के भीतर कभी भी फिर से निरीक्षण कर सकते हैं। यदि इस दौरान खेल परिसरों में अव्यवस्थाएं मिली तो संबंधित अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कार्यकर्ताओं में भर जाएगा नया जोश :अनिल वर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : विश्व की सबसे बड़ी** लोकतांत्रिक पार्टी 6 अप्रैल को अपना 45वां स्थापना दिवस मनाएगी। इस अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में पदाधिकारियों और कार्यकताओं की बड़ी संख्या में भागीदारी कार्यकताओं में नए उत्साह का संचार करेगी। यह कहना है भारतीय जनता पार्टी के कला और सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनिल वर्मा का। जिला संयोजक अनिल वर्मा ने कहा कि भारत की जनता को विशुद्ध हिंदुत्व और राष्ट्रवादी नेतृत्व देने के उद्देश्य से 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी अस्तित्व में



आई थी। भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी पार्टी के प्रथम अध्यक्ष बने थे। उस समय एक पौधे के रूप में अंकुरित संस्कारवान पार्टी आज एक विशाल वटवृक्ष का रूप लेकर विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी बनने का गौरव हासिल कर चुकी है। अनिल वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की सरकार नित नए आयाम स्थापित कर रही है। अनिल वर्मा ने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली के निदेशार्नुसार भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेंद्र सिंह गोल्डी की अध्यक्षता में गत दिनों जिला कार्यालय में हुई बैठक में भी जिलाध्यक्ष ने पार्टी के स्थापना दिवस को भव्य और गरिमापूर्ण ढंग से मनाने के निर्देश दिए थे जिस पर बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने पार्टी के स्थापना दिवस के कार्यक्रमों के सफलतापूर्वक आयोजन का विश्वास दिलाया था। अनिल वर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपनी स्थापना के समय लिए गए जन- कल्याण और राष्ट्र उत्थान के संकल्प को सदैव स्मरण रखते हुए विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में बढ़ रही है।

# हरियाणा में खोले जाएंगे 600 अटल श्रमिक किसान कैंटीन

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा में 600 रियायती भोजन कैंटीन स्थापित करने के अपने संकल्प पत्र में शामिल वायदे को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राज्य सरकार ने पहले चरण में इस साल अगस्त तक 200 नई अटल श्रमिक किसान कैंटीन शुरू करने का निर्णय लिया है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 15 अगस्त, 2025 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इन कैंटीनों का उद्घाटन करेंगे। इस आशय का निर्णय गुरुवार को यहां मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया गया। अटल श्रमिक किसान कैंटीन में किसानों और मजदूरों को मात्र 10 रुपये प्रति थाली की रियायती दर पर स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में पूरे राज्य में विभिन्न स्थानों पर 175 सब्सिडी वाले खाद्य कैंटीन संचालित हैं। इनमें श्रम विभाग की 115, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड (एचएसएएमबी) की 53 और चीनी मिलों की 7 कैंटीन शामिल हैं। इन कैंटीनों का प्रबंधन महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के सदस्यों द्वारा किया जाता है, जिससे महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलता है।

# ट्रैफिक पुलिस के एएसआई की हार्टअटैक से मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में तैनात ट्रैफिक** पुलिस के एएसआई वेदप्रकाश की हार्टअटैक से मौत हो गई। वे 56 वर्ष के थे और करीब 13 साल से करनाल में अपनी सेवाएं दे रहे थे। वे मूल रूप से यमुनानगर जिले के हंगोली गांव के रहने वाले थे। सुबह करीब चार बजे अचानक उनके सीने में दर्द उठा, जिसके बाद उन्होंने अपने साथी कर्मचारी पवन को तकलीफ बताई। पवन ने तुरंत अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां इलाज के बाद उनकी हालत स्थिर हो गई थी। शाम करीब साढ़े चार बजे उन्हें दोबारा अटैक आया और डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद सिटी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए शव भेज दिया। आज पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। एएसआई वेदप्रकाश करनाल में मुंशी के पद पर कार्यरत थे और सुबह पुरानी सब्जी मंडी के पास चौकी में ड्यूटी थी। वे चौकी में आराम कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें अचानक सीने में तेज दर्द हुआ। दर्द बढ़ता देख उन्होंने अपने साथी पवन को बुलाया और तकलीफ बताई। पवन ने बिना देर किए उन्हें अस्पताल पहुंचाया और परिजनों व उच्चाधिकारियों को सूचना दी।

# कार्यों को निर्धारित समय अवधि में करें पूरा:विरेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : जिला परिषद** के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विरेन्द्र चौधरी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को निर्धारित समय अवधि में पूरा करे। इन कार्यों को पूरा करने से सम्बन्धित रिपोर्ट प्रशासन को सौंपना सुनिश्चित करे ताकि आगामी दिशा की बैठक में इन रिपोर्ट की समीक्षा की जा सके। सीईओ विरेन्द्र चौधरी पंचायत भवन जिला परिषद कार्यालय में ग्रामीण क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को समय पर पूर्ण करने एवं उनकी निगरानी के लिए सरकार की तरफ से दिशा की



कमेटी गठित की गई है। इस दिशा की बैठक में सांसद नवीन जिंदल विकास कार्यों को लेकर 2 बार समीक्षा कर चके है और आगामी माह में तीसरी बार विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। इस समीक्षा बैठक को लेकर अधिकारी जल्द से जल्द अपने अपने क्षेत्र से सम्बन्धित कार्यों को पूरा करने के उपरांत रिपोर्ट भेजना सुनिश्चित करे। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को 15 अप्रैल तक का टारगेट देते हुए कहा कि उपायुक्त नेहा सिंह के मार्गदर्शन में सभी विकास कार्यों को तेज गति के साथ पूरा किया जाए। इसके लिए सभी अधिकारियों को पूरी मुस्तैदी के साथ काम करने की जरूरत होगी। जिन विभागों का कार्य संतोषजनक नहीं है उन विभागों को कार्य पूरा करने के लिए 15 अप्रैल तक का समय दिया गया है। इस निर्धारित समय तक सभी अधिकारी अपना कार्य पूरा करना सुनिश्चित करेंगे।

**काम में ना बरती जाए कोताही: कंवलजीत कौर**

जिला परिषद की चेयरमैन कंवलजीत कौर ने बैठक के दौरान लाडवा विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान पाया गया कि कुछ कार्य अपने निर्धारित समय से पीछे चल रहे है। इस विषय को अधिकारी गंभीरता से ले और ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करना सुनिश्चित करे।

# नशे के खिलाफ अभियान में पुलिस को मिल रही सफलता

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः जिला पुलिस द्वारा** नशे के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के सार्थक परिणाम सामने आ रहे है। पुलिस अधीक्षक श्री वरुण सिगला कहा कि कुरुक्षेत्र को नशामुक्त बनाने को लेकर जिला पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने कहा कि नशे के खिलाफ अभियान में पुलिस को सफलता मिल रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा पुलिस के नशा मुक्त अभियान में जिला पुलिस लगातार काम कर रही है। एक तरफ जहां नशे के कारोबार से जुड़े आरोपियों को गिरफ्तार करके



सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है वहीं आमजन को नशा न करने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। हरियाणा पुलिस के नशामुक्त अभियान के तहत जिला पुलिस लगातार आमजन से संपर्क साध रही है तथा गांव दर गांव अभियान चलाकर गांवों को नशा मुक्त किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिला पुलिस द्वारा नशा तस्करों पर पूरी तरह शिंकजा कसा जा रहा है। वर्ष 2025 के प्रथम तीन माह में कुरुक्षेत्र पुलिस ने 46 मामले दर्ज कर 92 आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजा है। इस अवधी में आरोपियों से 20 किलो 106 ग्राम 170 मिलीग्राम अफीम, 11 क्विंटल 73 किलो 528 ग्राम चूरापोस्त, 147.61 ग्राम हैरोइन, 4 किलो 540 ग्राम गांजा, 69.18 ग्राम स्मैक, 229 ग्राम चरस/सुल्फा, 7440 नशीले कैप्सूल, 326 नशीली गोलियां तथा 26 किलो 90 ग्राम अफीम के पोधे बरामद किए। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ कार्रवाई में जिला पुलिस का अच्छा प्रयास रहा है। उन्होंने कहा कि नशा तस्करों पर शिकंजा कसने के लिए एंटी नारकोटिक सैल ईंचार्ज के मोबाईल नंबर 74969-85326 पर व्हाट्सएप या एसएमएस के माध्यम से नशा बेचने वालों की सूचना दी जा सकती हैं। सूचना देने वाले का नाम पूरी तरह से गुप्त रखा जाएगा।

# जेल में कैदियों के बीच हुई हिंसक झड़प, एक घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला जेल** में कैदियों के दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हो गई। बैरक नंबर-23 में बंद कैदियों ने बाथरूम की जाली तोडकर तेजधार सूए बना लिए और एक-दूसरे पर हमला कर दिया। इस झगड़े में बैरक नंबर 23 बी में बंद कैदी दिल निवाज घायल हो गया, जिसे तुरंत जेल अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना से जेल परिसर में हडकंप मच गया। ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों ने कैदियों को अलग कर माहौल शांत कराया और जेल प्रशासन को इसकी सूचना दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए जेल प्रशासन ने थाना रामनगर को पत्र भेजकर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की, जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। थाना रामनगर में दर्ज शिकायत के मुताबिक सुबह करीब सवा सात बजे गिनती खुलने के बाद बैरक नंबर-23 में बंद कैदियों ने बाथरूम की जाली को तोडकर उसकी तारों से तेजधार सूए बनाए और इन हथियारों का इस्तेमाल एक-दूसरे पर हमले के लिए किया। जेल प्रशासन की शिकायत के अनुसार झगड़े में शामिल कैदियों ने पूछताछ के दौरान खुद कबूला कि उन्होंने आपसी रंजिश के चलते मारपीट की।

# बीपीएल के नाम पर वोट एंठकर अब दे रहे एफआईआर की धमकी : अशोक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र,: थानेसर विधायक** एवं हरियाणा के पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने कहा है कि चुनाव से पहले तो भारतीय जनता पार्टी ने वोट एंठने के लिए लोगों के नाम बीपीएल मे जुड़वा दिए और अब सरकार बनने के बाद लोगों को धमकी दी जा रही है कि या तो स्वयं कटवा लो वरना एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी, भाजपा की यह ओच्छी राजनीति है। सरकार को अब एक ही मकसद नजर आ रहा है कि लोगों की जेबों पर किस प्रकार से डाका डाला जाए और लोगों को धमकाया जाए। वे गुरुवार को



अपने प्रतिष्ठान पर आयोजित पत्रकार वार्ता मे पत्रकारों से रूबरू हो रहे थे। अरोड़ा ने कहा कि विधानसभा के बजट सत्र के दौरान उन्होने क्षेत्र के लोगों की मांगों को लेकर आवाज उठाई। पांच ध्यानाकर्षण प्रस्ताव उन्होने लगाए जिसमे से चार प्रस्ताव कुरुक्षेत्र से जुड़े हुए थे। भाजपा द्वारा काफी दिनों से प्रचार किया जा रहा था कि कुरुक्षेत्र का रिंग रोड बनेगा। इसको लेकर उन्होने विधानसभा मे प्रश्न लगाया, इस प्रश्न पर सरकार की ओर से स्पष्ट जवाब दिया गया कि अभी कुरुक्षेत्र के रिंग रोड को कोई प्लान नही है। इस पर उसने कुरुक्षेत्र के बाईपास का मुद्दा उठाया लेकिन सरकार की तरफ से कहा गया कि पिहोवा-लाडवा रोड के साथ बाईपास बनाया जाएगा। इस पर उन्होने मार्ग को चौडा करने के लिए कहा तो सरकार ने आश्वासन दिया है कि मार्ग को चौडा किया जाएगा। इस मौके पर उनके साथ रामनाथ सैनी रतगल, सतीश शर्मा, टेकचंद बारना, चंद्रभान वाल्मिकी मौजूद रहे। अशोक अरोड़ा ने कहा कि उन्होने विधानसभा मे गौवंश की बदहाली पर सवाल उठाया। सरकार की तरफ से 20 रूपए प्रति गाय गौशालाओं को दिया जा रहा है जबकि 100 रूपए प्रति गाय से भी ज्यादा खर्च आ जाता है। सरकार को चाहिए कि गौशालाओं की राशि बढाई जाए। आवारा कुत्तों की भी संख्या बढ रही है। स्कूलों के अंदर शिक्षा का स्तर लगातार गिरता जा रहा है, स्कूलों की बिल्डिंग जर्जर हालात मे हो रही हैं। स्कूलों में शौचालय नही है। कई स्कूलों में शिक्षक नही हैं तो कई स्कूलों में बच्चे ही नही हैं। कुरुक्षेत्र धार्मिक नगरी है जोकि पूरे विश्व में विशेष स्थान रखती है। ब्रह्मसरोवर की परिक्रमा के पत्थर टूटे पडे हैं। पवित्र तीर्थ ब्रह्मसरोवर व शिक्षा के मंदिर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के बीच मे डंपिंग स्थल बना दिया गया है, जोकि गलत है।

# महिला सशक्तिकरण सहित राष्ट्र हित के विषयों पर दिए भाषण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में आयोजित केयू रोस्ट्रम प्रतियोगिता 2024-25 में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। केयू छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी के निर्देशन में आयोजित रोस्ट्रम प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने विकसित भारत, भारतीय ज्ञान, अर्थव्यवस्था, राष्ट्र निर्माण में आत्मरक्षा प्रशिक्षण, समुद्र में प्लास्टिक व कचरे की समस्या एवं




महिला सशक्तिकरण सहित राष्ट्र हित विषयों पर भाषण दिए। संयोजक प्रो. ओमवीर सिंह व संयोजिका डॉ. अर्चना चौधरी ने बताया कि दूसरे चरण के सुबह के सत्र में 8 विभागों के प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता की जिसमें प्रथम स्थान पर डिप्लोमा इन फ्रेंच की शीतल, द्वितीय पर एमएससी अंतिम वर्ष अर्थशास्त्र की देवांशी तथा तृतीय स्थान पर एमए प्रथम संगीत एवं नृत्य के रूद्रांश सोनी रहे। वहीं विशेष पुरस्कार प्रिया एवं रचित को मिला।

# बैठक का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता को बनाए रखना: वर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केशव पुरम जोन दिल्ली नगर निगम में सफाई अधीक्षक, उद्योग उद्यान विभाग के अधिकारी और मेंटेनेंस विभाग के अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जोन अध्यक्ष योगेश वर्मा ने की।









इस बैठक का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता को बनाए रखना और पर्यावरण को सुरक्षित करना था। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि नवरात्रि के उपरांत जब श्रद्धालु अपने घरों में स्थापित किए गए मूर्तियों और खेतड़ी को नालों या यमुना नदी में बहा देते हैं, तो इससे पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है और साथ ही धार्मिक भावनाओं का भी अनादर होता है। इस समस्या के समाधान के लिए सभी सफाई अधीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने क्षेत्र के सभी मंदिरों से संपर्क करें। प्रत्येक मंदिर के बाहर दो ड्रम लगाए जाएंगे। एक पर "मूर्ति" और दूसरे पर "खेतड़ी" लिखा होगा। श्रद्धालु लोग अपनी मूर्तियों और खेतड़ी को इन ड्रमों में ही रखें, ताकि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली कोई भी गतिविधि न हो और खेतड़ी के लिए रखे गए बर्तन को अपने घर की छत पर पक्षियों के पानी के लिए उपयोग करें। इस बात की सूचना सभी क्षेत्रीय निगम पार्षद अपने क्षेत्र में प्रसारित करेंगे। इसके अलावा, मेंटेनेंस विभाग के अधिकारी इन मूर्तियों और खेतड़ी को एकत्र कर अपने पार्कों में विधिपूर्वक खड्डा खोदकर उन्हें श्रद्धा पूर्वक विसर्जन करेंगे।। खेतड़ी को खाद में परिवर्तित कर पर्यावरण की सुरक्षा में योगदान दिया जाएगा। अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया गया है कि जहां भी नाले या नहर के पास मूर्तियों या खेतड़ी को डालने की कोई घटना होती है, वहां दो ड्रम लगाए जाएं और उन स्थानों से अनावश्यक सामग्री को तुरंत हटा दिया जाए। यदि कोई व्यक्ति इन निर्देशों का पालन नहीं करता है, तो उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाएगी और भारी जुर्माना लगाया जाएगा।
जोन अध्यक्ष योगेश वर्मा ने कहा कि हमारे धर्म और पर्यावरण दोनों की सुरक्षा आवश्यक है। हमें अपने धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए। यह पहल स्वच्छता और हरित वातावरण को बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## जहांगीरपुरी में गंदा पानी आने से लोग हो रहे परेशान: राघव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष भारत सिंह राघव ने बताया कि जहांगीरपुरी क्षेत्र में गंदा पानी आने की वजह से यहां के लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि सरकार बदली है, लेकिन दिल्ली में अभी भी हालात जस के तस है। दिल्ली की जनता कई समस्याओं से जूझ रही है, जहां एक ओर जाम की समस्या से दिल्ली की जनता को दो-चार होना पड़ता है, वहीं दिल्ली की जनता गंदे पानी की समस्या से जूझ रही है। श्री राघव ने आगे बताया कि जहांगीरपुरी के कई ब्लॉकों में गंदा पानी आने की वजह से लोगों को



परेशान होना पड़ रहा है। जनता को बाजार से महंगे दामों पर पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है। उन्होंने दिल्ली में शासित सरकार से मांग करते हुए कहा कि सरकार को पानी की समस्या पर ध्यान देने की जरूरत है, जिससे की जनता को परेशान न होना पड़े।

## सरकार मई महीने में प्रयोगात्मक रूप से क्लाउड सीडिंग की संभावना पर विचार कर रही है: सिरसा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के प्रभावशाली नेतृत्व में, दिल्ली सरकार वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए ठोस और निर्णायक कदम उठा रही है। स्वच्छ और स्वस्थ राजधानी के संकल्प के साथ, सरकार प्रदूषण नियंत्रण के प्रभावी उपायों को धरातल पर उतारने में पूरी प्रतिबद्धता से जुटी है। दिल्ली सचिवालय में पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें



केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी), गृह मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अंतर्गत ट्रॉपिकल मौसम विज्ञान संस्थान, पर्यावरण मंत्रालय, आईआईटी कानपुर, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने क्लाउड सीडिंग के माध्यम से आर्टिफिशियल रेन की संभावनाओं पर चर्चा की। बैठक के दौरान, आईआईटी कानपुर की टीम ने मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा को अवगत कराया कि क्लाउड सीडिंग एक वैज्ञानिक तकनीक है, जो बादलों में विशिष्ट रासायनिक पदार्थ फैलाकर वर्षा को बढ़ावा देती है। ये पदार्थ क्लाउड कंडेंसशन न्यूक्लियाई के रूप में कार्य करते हैं, जिससे पानी की बूंदें बनने और बढ़ने लगती हैं, जिससे पानी की बूंदें बनकर आकार लेने लगती हैं और बारिश के रूप में धरती पर गिरती हैं। इस प्रक्रिया में एयरक्राफ्ट या ग्राउंड-बेस्ड जनरेटर का उपयोग किया जाता है।

## भाजपा के कार्यों से प्रभावित है दिल्ली के लोग: संजय उटवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता संजय उटवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली में भाजपा की सरकार है, अब दिल्ली में विकास होगा, अब दिल्ली की जनता को भी सुविधाएं मिलेगी। उन्होंने आगे बताया कि देश की जनता भाजपा की नीतियों व कार्यों से काफी ज्यादा खुश है। क्योंकि भाजपा ने शहर और ग्रामीण दोनों ही क्षेत्र में विकास ही विकास करके दिखाया है। उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली में शासित भाजपा सरकार ने जो बजट पेश किया है, वह दिल्ली की



जनता के हित में है व जनता के लिए जनहितैषी है, जिससे दिल्ली की जनता खुश है और भाजपा के कार्यों की सराहना कर रही है। उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली में उपचुनाव होने वाले है, मुझे पूर्ण विश्वास है कि उपचुनाव में भी भाजपा का परचम लहरायेगा।

## आतिशी मार्लिना जनता को झूठ बोलकर गुमराह कर रही हैं: सूद

**तीरथ राज/टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने दिल्ली सचिवालय में बिजली कटौती पर नेता प्रतिपक्ष आतिशी मार्लिना की झूठ की राजनीति पर एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस की। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि आतिशी मार्लिना दिल्ली में पवार कट पर जो बार-बार गलतबयानी कर रही है। वह सब जनता को भ्रमित और लोगों में भय फैलाने की कवायद है। उन्होंने आतिशी के सभी आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में बिजली के क्षेत्र में आमूल-चूल सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आतिशी




मार्लिना के बिजली कट को लेकर लगाए जा रहे झूठे आरोपों के जवाब में कहा कि उनके फैलाए जा रहे भ्रम के लिए हमारी सरकार कानूनी कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। इस संबंध में विभिन्न विभागों से परामर्श भी किया जा रहा है। उर्जा मंत्री ने बताया कि आम आदमी पार्टी की सरकार में

**मंत्री ने कहा...**
▶ दिल्ली सरकार राजधानी में 24 घंटे सुचारू बिजली मुहैया कराने के लिए कृतसंकल्प है: आशीष

पिछले दस सालों में पांच घंटे से ज्यादा राजधानी दिल्ली में बिजली कट 51958 बार हुआ है। यानी दिल्ली में औसतन प्रतिदिन14 बार बिजली गई है। उन्होंने यह भी कहा कि दो दिन पहले विधानसभा में विपक्ष ने जो ध्यानाकर्षण प्रस्ताव रखा था। उसके बारे में जब मैं विस्तार से जवाब दे रहा था तब पूरा विपक्ष सदन से ही गायब था। मंत्री ने यह भी कहा कि विश्व में कोई भी बिजली का ऐसा नेटवर्क नहीं है जिसमें शटडाउन किए बिना बिजली का रख-रखाव किया जा सके। आतिशी मार्लिना, अरविंद केजरीवाल और पूरी आम आदमी पार्टी के नेताओं की झूठ बोलने की प्रथा आखिर कब तक जारी रहेगी।
23 मई 2023 को ऊर्जा से संबंधित मीटिंग के मिनट्स निकाले गए थे। जिसमें कई सारे तथ्यों को उजागर किया गया है। दिल्ली सरकार को बिजली कंपनियों ने यह भी बताया कि तीन से चार घंटे के लंबे बिजली कट पिछली सरकार के दौरान भी कई बार लगे थे।

## क्या अब दिल्ली के लोगों द्वारा चुनी हुई दिल्ली सरकार को प्रधानमंत्री कार्यालय चलायेगा: यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने प्रधानमंत्री कार्यालय के निर्देश पर दिल्ली में गठित की गई उच्च स्तरीय कमेटी को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि क्या अब दिल्ली के लोगों द्वारा चुनी हुई सरकार को प्रधानमंत्री कार्यालय चलाएगा। श्री यादव ने याद दिलाया कि दिल्ली में कांग्रेस की सरकार थी और एक समय केन्द्र में भी कांग्रेस की अगुवाई वाली सरकार थी परंतु उस समय केन्द्र सरकार ने दिल्ली सरकार कार्यों में कभी हस्तक्षेप नहीं किया। इसलिए शीला दीक्षित सरकार ने दिल्ली



विकास के ऐतिहासिक कार्य किए थे। देवेन्द्र यादव ने कहा कि जनता के सामने सवाल यह उठता है कि दिल्ली की महिला मुख्यमंत्री की क्या भूमिका रहेगी। ऐसे समय में जब प्रधानमंत्री कार्यालय की उच्च स्तरीय कमेटी दिल्ली सरकार के कामों पर पूरी निगरानी रखेगी। सवाल यह भी उठता है कि क्या प्रधानमंत्री कार्यालय को दिल्ली की मुख्यमंत्री की कार्य क्षमता पर भरोसा नहीं या वे डमी मुख्यमंत्री बनकर रह जाएंगी। देवेन्द्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा गठित उच्चस्तरीय कमेटी का मुखिया प्रवेश वर्मा को बनाया गया है जिसका सीधा अर्थ निकलता है कि उपमुख्यमंत्री प्रवेश वर्मा को पदोन्नत करके मोदी ने सुपर सी.एम. बनाकर मुख्यमंत्री पद से भी बड़ा बनाकर दिल्ली की सत्ता को चलाने का कार्यभार सौंप दिया है, जबकि प्रवेश वर्मा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के अंतर्गत मंत्रीमंडल के सदस्य है।

## रक्तदान करें और लोगों का जीवन बचाये: श्याम सुन्दर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भाजपा जिला केशवपुरम एससी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष व वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी श्याम सुन्दर ने कहा कि रक्तदान महादान होता है, इसलिए सभी को रक्तदान अवश्य ही करना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि कुछ लोगों के मन में गलत धारणा होती है कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आती है, जो एक गलत धारणा है। उन्होंने आगे बताया कि रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती है, इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को



भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगे बताया कि आपके द्वारा किये गये रक्तदान से किसी को भी जीवन दान अवश्य ही मिल जाता है, इसलिए सभी इस पुण्य के कार्य में हिस्सा जरूर लें।

## प्रेम नगर: श्री दुर्गाजन सेवा ट्रस्ट ने आयोजित की चैत मास की छठ पूजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के श्री दुर्गाजन सेवा ट्रस्ट ने दिल्ली के किराड़ी स्थित प्रेम नगर इलाके के छठ पूजा स्थल पर चैत मास की छठ पूजा का आयोजन किया गया। इस मौके पर आयोजक मंडल संस्थापक रामदयाल महतो, विनित कुमार, शंभू सिंह, राजीव झा, जयराम सिंह, मुरारी झा, दिवाकर दुबे, शिवम सिंह व समस्त पदाधिकारी व श्री दुर्गा जनसेवा ट्रस्ट के सदस्य मौजूद रहे। इस मौके पर छठ पूजा स्थल पर लोगों ने विधि-विधान से पूजा की। आपको बातदें कि



श्री दुर्गाजन सेवा ट्रस्ट धार्मिक आयोजन करने में हमेशा ही आगे रहता है। इसी कड़ी में दिल्ली के प्रेम नगर इलाके में चैत मास की छठ पूजा का आयोजन किया गया है। इस मौके पर ट्रस्ट के संस्थापक व रामदयाल महतों ने कहा कि मैं माता रानी से प्रार्थना करता हूं कि छठ मैया सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें। इस मौके पर कई लोगों ने भी विचार रखें।

## वजीरपुर: बजट से खुश है दिल्ली के लोग: उमाकांत शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** वजीरपुर मंडल भाजपा के मंडल अध्यक्ष उमाकांत शर्मा ने कहा कि कुछ दिनों पहले जो दिल्ली विधानसभा में बजट पेश किया गया है, उससे दिल्ली की जनता काफी खुश है। क्योंकि भाजपा सरकार के द्वारा जो बजट पेश किया गया है, वह जनता की राय लेते हुए व जनता को सुविधा मिले इसको ध्यान में रखते हुए किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। यही कारण है कि देश के कोने-कोने



में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की मदद कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली में भाजपा सरकार बन गई है अब दिल्ली में भी विकास होगा, अब दिल्ली की जनता को समस्याओं से नहीं जूझना पड़ेगा। अब जनता को सुविधाएं मिलेगी।

## जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने वजीराबाद बैराज का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने वजीराबाद बैराज, जलाशय, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने ट्रीट किए गए पानी को स्वयं पीकर उसकी गुणवत्ता परखने के बाद दिल्लीवासियों को आश्वस्त किया कि राजधानी में स्वच्छ और सुरक्षित जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।
उन्होंने यह भी घोषणा की कि दिल्ली सरकार अगले 50 साल के लिए जल प्रबंधन का मास्टर प्लान तैयार कर रही है, ताकि जल संकट जैसी कोई स्थिति न उत्पन्न हो। निरीक्षण के दौरान प्रवेश वर्मा ने कहा कि मैंने खुद



ट्रीट किया हुआ पानी पिया और उसकी गुणवत्ता जांची। यह पूरी तरह सुरक्षित और पीने योग्य है। हमने जनता को भ्रमित करने या डराने की राजनीति के बजाय, जमीनी स्तर पर ठोस काम किया है और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हर नागरिक को स्वच्छ पानी मिले। उन्होंने केजरीवाल सरकार की नीतियों पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि मैंने किसी के घर में जाकर 20 लीटर की बिसलेरी की बोतल रखकर दिखावा नहीं किया। मैंने वही पानी पिया जो हर घर में सप्लाई हो रहा है। हम पारदर्शी तरीके से दिल्लीवासियों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**जल भंडारण क्षमता बढ़ाने और यमुना की सफाई के लिए ठोस कदम**
जल मंत्री ने बताया कि वजीराबाद बैराज की जल भंडारण क्षमता को अगले डेढ़ महीने में दोगुना किया जाएगा, जिससे गर्मियों के दौरान भी दिल्ली में जल आपूर्ति सुचारू बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों ने इस मुद्दे पर केवल बयानबाजी की, लेकिन उनकी सरकार जलाशय की खुदाई और विस्तार जैसे ठोस कदम उठा रही है। यमुना में बढ़ते प्रदूषण और अवैध अतिक्रमण को रोकने के लिए भी कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। दिल्ली जल बोर्ड ने भारतीय सेना की टेरिटोरियल आर्मी से अनुरोध किया है कि यमुना में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न हो और कोई कूड़ा-कचरा न डाले। इसके लिए निगरानी को और कड़ा किया जाएगा और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**50 साल का मास्टर प्लान: दीर्घकालिक समाधान की दिशा में कदम**
प्रवेश वर्मा ने बताया कि दिल्ली में जल प्रबंधन अब तक केवल फायर फाइटर मोड में था, जहां कोई समस्या आई, वहीं अस्थायी समाधान किया गया। लेकिन अब सरकार 50 साल की दीर्घकालिक योजना पर काम कर रही है।

## जरूरतमंदों की मदद करना पुण्य का कार्य: विशाल कपाही

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** समाजसेवी विशाल कपाही ने बताया कि जरूरतमंदों की मदद करना पुण्य का कार्य होता है। इसलिए सभी को इस पुण्य के कार्य में हिस्सा लेना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की मदद करनी चाहिए। जिससे की किसी भी गरीब व्यक्ति को परेशान न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है, इसलिए मैं सभी अभिभावकों से कहना चाहता हूं कि सभी अपने बच्चों को भारतीय संस्कृति और सभ्यता से अवगत करायें, जिससे की बच्चे भारतीय



संस्कृति को बेहतर तरीके से जान सकें। उन्होंने आगे बताया कि बच्चों को भारतीय इतिहास, पुराण, भागवत कथा और रामायण के बारे में बतायें जिससे की बच्चें संस्कारी बनें और मां-बाप सहित देश का नाम रोशन करें।

## बीजू जनता दल वक्फ का विरोध नहीं करेगी

**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन को लेकर नवीन पटनायक के नेतृत्व वाली बीजू जनता दल राज्यसभा में विपक्ष के साथ विधेयक का विरोध नहीं करेगी। विधेयक के विरोध के बाद राज्यसभा में पार्टी ने अपने सांसदों से स्वेच्छा से मत देने की बात कही है। पार्टी नेता सस्मित पात्रा ने एक्स पोस्ट में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी ने हमारे सदस्यों को राज्यसभा में न्याय, सद्भाव और सभी समुदायों के अधिकारों के सर्वोत्तम हित में अपने विवेक का प्रयोग करते हुए बिल पर किस पक्ष में मतदान करना है इसकी जिम्मेदारी दी है। इस मुद्दे पर पार्टी कोई व्हिप नहीं दे रही।

# पिछली सरकारें प्रयागराज की पहचान मिटाने में लगी थीं: योगी आदित्यनाथ

**भव्य आयोजन**

**प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने इसकी मनमानी पर लगाम लगा दी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रयागराज: मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महाकुंभ की तैयारी के दौरान वक्फ बोर्ड ने दावा किया था कि कुंभ की भूमि उनकी है, यह माफिया बोर्ड बन गया था। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने इसकी मनमानी पर लगाम लगा दी। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारें प्रयागराज की पहचान मिटाने में लगी थीं लेकिन महाकुंभ के भव्य आयोजन के बाद अब प्रयागराज की अपनी वैश्विक पहचान बना चुकी है। श्रृंगवेरपुर में भगवान निषाद राज गुहा के जन्मोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि निषाद राज पार्क भगवान राम व निषाद राज की मित्रता का भव्य स्मारक है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रयागराज में 579 करोड़ रुपये की 181 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने श्रृंगवेरपुर को आध्यात्मिक और पर्यटन केंद्र बनाने की घोषणा करते हुए कहा कि महर्षि श्रृंगी और माता शांता के मंदिर का जीर्णोद्धार, संस्कृत विद्यालय और विद्युत शोधगृह भी बनाया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ 2025 की सफलता प्रयागराज की नई पहचान का आधार बनी है। महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आए। अब प्रयागराज की अपनी वैश्विक पहचान बना चुकी है। प्रयागराज का अर्थ है महामिलन स्थल। यहां गंगा-यमुना-सरस्वती का मिलन है, तो भगवान राम और निषाद राज का मिलन भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ की तैयारियों के दौरान वक्फ बोर्ड ने दावा किया था कि कुंभ की भूमि उसकी है, यह माफिया बोर्ड बन गया था। लेकिन पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने इसकी मनमानी पर लगाम लगाई। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारें प्रयागराज की पहचान मिटाने और माफियाओं को बढ़ावा देने में लगी थीं। हमने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाकर माफियाओं को विदा किया।

# मुख्यमंत्री योगी पहुंचे वाराणसी, पीएम के प्रस्तावित जनसभा स्थल का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसी: प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित वाराणसी दौरे की तैयारियों को परखने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरूवार को अपरान्ह वाराणसी पहुंचे। मुख्यमंत्री ने मेंहदीगंज राजातालाब में प्रस्तावित प्रधानमंत्री मोदी के जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। जनसभा स्थल पर वाराणसी परिक्षेत्र के कमिश्नर कौशल राज शर्मा और जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने अब तक हुई तैयारियों और पूरे व्यवस्था की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने शेष बचे कार्यों को निर्धारित समय सीमा के अंदर पूरा करने के साथ आवश्यक दिशा निर्देश अफसरों को दिया। इस दौरान पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल सहित अन्य अफसर,



भाजपा के जिलाध्यक्ष व एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, एमएलसी धर्मेन्द्र सिंह आदि भी मौजूद रहे। मेंहदीगंज से मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से पुलिस लाइन पहुंचे और यहां से सड़क मार्ग से सर्किट हाउस आए। सर्किट हाउस में मुख्यमंत्री जिला प्रशासन के अफसरों के साथ जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के हाथों लोकार्पित व शिलान्यास होने वाली परियोजनाओं की सूची को फाइनल करेंगे । वे लगभग 2500 करोड़ की परियोजनाओं को फाइनल करने के बाद खोजवा कश्मीरीगंज में रामजानकी मंदिर के शिला पूजन कार्यक्रम में भाग लेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### मोटान ने प्लास्टिक इंडस्ट्री की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए भारत में विस्तार किया

नई दिल्ली। प्लास्टिक प्रोसेसिंग उद्योग के लिए नए और बेहतर समाधान देने वाली दुनिया की एक बड़ी कंपनी, मोटान ग्रुप ने भारत के चेन्नई शहर में एक नई और आधुनिक फैक्ट्री खोली है। यह फैक्ट्री भारत में प्लास्टिक उद्योग की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के इरादे से खोली गई है। इस नई फैक्ट्री में 2 मिलियन यूरो (लगभग 17 करोड़ रुपये) का महत्वपूर्ण निवेश किया गया है, जो भारतीय बाजार की क्षमता में मोटान के विश्वास को दिखाता है। तीन एकड़ में फैली, 20,000 वर्ग फुट की यह फैक्ट्री अनुसंधान, विकास और वितरण के लिए एक सेंट्रल हब के रूप में काम करने के लिए तैयार है। यह पहल भारतीय ग्राहकों की जरूरतों के मुताबिक उच्च-गुणवत्ता वाले उत्पादों और सेवाओं को वितरित करने की मोटान की क्षमता को बढ़ाएगी। मोटान ग्रुप की चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफीसर फुलसक सैंड्रा ने कंपनी के वैश्विक नजरिये पर जोर देते हुए कहा, लेक कॉन्स्टैंस में 1947 में स्थापित, मोटान प्लास्टिक उद्योग में प्रोसेस पेरिफेरल्स के लिए एक अग्रणी भागीदार के रूप में उभरी है, जिसका दुनिया भर के 80 से अधिक देशों में प्रतिनिधित्व है। मोटान इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर श्री आनंदकुमार रामचंद्रन ने कंपनी के विस्तार के बारे में उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, यह फैक्ट्री हमारी विकास यात्रा में एक प्रमुख उपलब्धि है और यह भारतीय बाजार को लेकर हमारी प्रतिबद्धता दर्शार्ती है। भारत में मोटान का आदर्श वाक्य, जर्मन इंजीनियरिंग भारतीय जुनून से मिलती है (जर्मन इंजीनियरिंग मीट्स इंडियन पैशन) में कंपनी नजरिया दिखता है। कंपनी जर्मनी की आधुनिक तकनीक और भारत के प्लास्टिक प्रोसेसिंग उद्योग में लोगों के जोश को मिलाकर काम करना चाहती हैं। यह विस्तार दुनिया के सबसे आशाजनक बाजारों में से एक में उच्च-गुणवत्ता वाले उत्पादों और सेवाओं की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए मोटान के मिशन से बखूबी मेल खाता है।



### एचएमएसआई ने वित्त वर्ष 2024-25 में 58.31 लाख से अधिक यूनिट्स की बिक्री दर्ज की

**करनाल।** वित्तीय वर्ष के सफल समापन के साथ, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज मार्च 2025 के लिए अपनी बिक्री के आंकड़े जारी किए। मार्च 2025 में कंपनी की कुल बिक्री 4,27,448 यूनिट्स रही, जिसमें घरेलू बाजार में 4,01,411 यूनिट्स और 26,037 यूनिट्स का निर्यात शामिल है। गौरतलब है कि एचएमएसआई ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान कुल 58,31,104 यूनिट्स की बिक्री की, जिससे 19% की सालाना वृद्धि दर्ज की गई। इसमें घरेलू बाजार में 53,26,092 यूनिट्स और 5,05,012 यूनिट्स का निर्यात शामिल है। एचएमएसआई ने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्र में कदम रखते हुए ACTIVA e: और QC1 को पेश किया। इनकी बुकिंग 1 जनवरी 2025 से शुरू हुई और डिलीवरी मार्च 2025 से शुरू हो गई।

### फ्लिपकार्ट ने स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूती दी

**गुरुग्राम।** भारत का घरेलू ईकॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट देश में स्टार्टअप इकोसिस्टम के भविष्य को आकार देने वाले सबसे बड़े स्टार्टअप सम्मेलन स्टार्टअप महाकुंभ 2025 में हिस्सा ले रहा है। इस आयोजन के दूसरे संस्करण का आयोजन 3 से 5 अप्रैल, 2025 तक नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में किया जा रहा है। इसकी थीम स्टार्टअप इंडिया एट द रेट (@) 2047 : अनफोल्डिंग द भारत स्टोरी रखी गई है। इस सम्मेलन में आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत की दिशा में देश के सफर को रेखांकित किया जा रहा है। स्टार्टअप महाकुंभ 2025 में 3,000 से ज्यादा स्टार्टअप, 1,000 निवेशक और 50 से ज्यादा देशों के 50,000 से ज्यादा बिजनेस विजिटर्स हिस्सा ले रहे हैं। इस अवसर पर फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा, एक घरेलू कंपनी के रूप में फ्लिपकार्ट भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। फ्लिपकार्ट वेंचर्स के माध्यम से हम निवेश, मेंटरशिप एवं बड़े इकोसिस्टम तक पहुंच प्रदान करते हुए उभरते स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूती दे रहे हैं। स्टार्टअप महाकुंभ 2025 जैसे प्लेटफॉर्म और सरकार की प्रगतिशील नीतियां भारत की अथक उद्यमिता की भावना का प्रमाण हैं। भारत को स्टार्टअप पावरहाउस बनाने और इनोवेटर्स की नई पीढ़ी को समर्थन देने के इस परिवर्तनकारी सफर का हिस्सा बनने का हमें गर्व है। फ्लिपकार्ट वर्ष 2007 से ही उद्यमियों, एमएसएमई को सशक्त करते हुए भारत में स्टार्टअप के परिवेश को आकार देने में अहम भूमिका निभा रही है।

## डिवाइडर से मोटरसाइकिल टकराई, एक पीएसी जवान की मौत, दूसरा घायल

**फतेहपुर: जिले** में गुरुवार को सरकारी काम से खागा तहसील जा रहे पीएसी जवान की मोटरसाइकिल नेशनल हाईवे के डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में एक की मौत हो गई। पीछे बैठा दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रतापगढ़ के निवासी सचिन पांडेय व उसका मित्र सुरेंद्र सिंह राठौर फतेहपुर जिले में 12वीं पीएसी बटालियन में तैनात थे। आज दोनों बाइक से खागा तहसील विभागीय काम से गए थे। कानपुर-प्रयागराज हाईवे स्थित उमरा भोगलपुर मोड के पास पहुंचे जैसे ही पहुंचे तेज रफ़्तार में मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई।

# नव संवत्सर के उपलक्ष्य में लगाया रक्तदान शिविर

**शिविर**

**नवदुर्गा का पवित्र अवसर है और संगठन के द्वारा यह एक सराहनीय कार्य किया गया है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा: युवा** ब्राह्मण संगठन एवं रक्तदाता फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में माता मनकामेश्वरी देवी मंदिर गणेश बाग में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मेला कमेटी अध्यक्ष विशाल पाराशर मेला संचालक मनोज नागर ने दीप प्रज्वलित कर किया। अध्यक्ष विशाल पाराशर ने बताया कि नवदुर्गा का पवित्र अवसर है और संगठन के द्वारा यह एक सराहनीय कार्य किया गया है जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर सहयोग किया। मंदिर महंत मनोज नागर ने बताया माता रानी के प्रांगण में इस तरह का पहला आयोजन है जिससे सभी ने महत्वपूर्ण योगदान देकर सफल बनाया माता रानी सभी की मनोकामना पूर्ण करें। अमित गोयल ने बताया शिविर में 31 यूनिट रक्तदान हुआ। जिसमें युवाओं में बढ़चढ कर भाग लिया। संगठन के योगेश शर्मा एवं कुलदीप शास्त्री ने सभी रक्तवीरों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। शिविर में मुख्य रूप से महंत मनोज नागर, कालीचरन अग्रवाल मनोज वार्ष्णेय पुनीत चौबे, रोहित शर्मा, मोहित शर्मा,
अनीश रावत, कृष्णा सारस्वत व ब्लड बैंक से चिकित्सक पीएल गोयल, शुभम, राहुल, शिवांगी, भूपेंद्र, सचिन के साथ रक्तदाता फाउंडेशन से अमित गोयल व शुभम अग्रवाल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## शहर की सड़कों के गड्ढे भरने में लगा नगर निगम

**मथुरा।** नगर निगम मथुरा वृंदावन द्वारा नगर निगम मथुरा-वृंदावन क्षेत्र अंतर्गत गड्ढा मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत शहर की टूटी सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए नगर निगम ने वृहद स्तर पर पैच वर्क का कार्य शुरू कर दिया गया है। मथुरा जोन के अंतर्गत जन्मभूमि के आसपास क्षेत्र, जनरल गंज , सदर क्षेत्र में पैच वर्क का कार्य चल रहा है। इसी प्रकार अन्य क्षेत्रों में शहर की समस्त सड़कें जो कि निगम की है , जिन स्थानों पर पैच वर्क की आवश्यकता है । उन पर बारी बारी से पैच वर्क का कार्य कराया जाएगा। गड्ढा मुक्त अभियान अभियान नगर निगम द्वारा निरंतर जारी रहेगा ताकि शहर के सभी क्षेत्रों में सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाया जा सके।

## ग्राम पंचायतें बनेंगी आत्मनिर्भर, संसाधनों को करंगे संगठित

**मथुरा।** ग्राम पंचायतें स्वावलंबी बनेंगी। आत्मनिर्भर ग्राम पंचायत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए किये जा रहे प्रयासों के तहत जनपद में 84 नई दुग्ध और 25 सहकारिता समितियों का गठन किया जाएगा सहकारिता विभाग ग्राम पंचायतों में 25 नई समितियों का गठन करेगा। गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। समितियों के गठन का लक्ष्य शासन से प्राप्त हुआ है। समितियों के गठन के लिए ग्राम पंचायतों के चयन की प्रक्रिया चल रही है। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद समितियों का गठन किया जाएगा। वहीं दुग्ध विभाग द्वारा जनपद में वर्ष 2025-26 में 84 नई समितियों के गठन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। समितियों के गठन के लिए ग्राम सभाओं को चिन्हित करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही निष्क्रिय समितियों को सक्रिय करने के भी निर्देश दिये गये हें। वहीं मत्स्य विभाग द्वारा इस वित्त वर्ष में सात नई समितियां बनाई जाएंगी। यह भी निर्देशित किया गया है कि सहकारिता विभाग, मत्स्य विभाग एवं दुग्ध विभाग आपस में सामंजस्य स्थापित करेंगे और समितियों के गठन को पूरा करेंगे।

**तालाब में डूब कर वृद्ध महिला की मृत्यु**

**मथुरा।** थाना राया की चौकी अनौडा क्षेत्र के गांव नगला हरि में बीती रात शौच करने के लिए गई थी। वहीं मकान के पास बने तालाब में पैर फिसलने से श्रीमती श्यामवती (85) पत्नी स्व.नारायण सिंह की तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई। परिवारीजनों को जब वृद्ध महिला चारपाई पर नहीं मिली तो ढूंढने का प्रयास किया गया और इस की सूचना पुलिस को दे दी गई। मौके पर पहुंचीं पुलिस ने ग्रामीणों के साथ मकान के पास बने तालाब में वृद्ध महिला का शव ऊतराता दिखाई दिया पुलिस ने शव को तालाब से निकाल कर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम गृह भिजवा दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## पति की हत्या में पत्नी ही निकली कातिल

**मथुरा।** एक और पति की हत्या में पत्नी ही कातिल निकली। तीन लोगों के साथ पत्नी ने अपने पित को मौत के घाट उतारा था। पुलिस घटना में शामिल तीन लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अब मृतक की पत्नी को भी पति की हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। महिला ने तीन अन्य के साथ मिल कर बिजली का करंट लगाकर हत्या की थी। पुलिस ने हत्यारोपित मृतक की पत्नी की निशानदेही पर बिजली के तार और हीटर को भी बरामद कर लिया है जिनका उपयोग हत्या में किया गया था। वृंदावन की थाना पुलिस ने वांछित महिला गिरफ्तार किया है। आगरा के बाह निवासी राकेश सिंह पुत्र सरनाम सिंह ने दो अक्टूबर 2024 को वृंदावन थाने में महिला सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि उसके भाई विजयपाल सिंह की करंट लगाकर हत्या की गई और शव को ठिकाने न लगा पाने के बाद एक झूठी कहानी बनाई गई। इस मामले की विवेचना अपराध शाखा फिरोजाबाद द्वारा की जा रही थी। हत्या में शामिल महिला को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। जबकि अन्य आरोपी पहले ही पकड़े जा चुके हैं।

## गोवर्धन चौराहे से गैंगस्टर योगेश गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना मगोर्रा पुलिस ने गैंगस्टर अभियोग के एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के खिलाफ धारा 379, 411 आईपीसी व 136 विद्युत अधिनियम के तहत थाना मगोर्रा पर वर्ष 2022 में एक अभियोग पंजीकृत हुआ था। इसके बाद वर्ष 2025 में थाना मगोर्रा पर अभियुक्त के खिलाफ गैंगस्टर की कार्यवाही की गई थी। तभी से अभियुक्त फरार चल रहा था। पुलिस को गैंगस्टर के अभियोग में वांछित की तलाश थी। थाना मगोर्रा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर अभियुक्त योगी उर्फ योगेश पुत्र करन सिंह निवासी भीमसेन कॉलोनी दयानन्द गली थाना सदर बल्लभगढ़ जिला फरीदाबाद हरियाणा को गुरुवार को थाना हाईवे क्षेत्रान्तर्गत गोवर्धन चौराहा से गिरफ्तार किया। उल्लेखनीय है कि गैंग लीडर शैलू उर्फ शैलेन्द्र का एक सक्रिय गिरोह है, अभियुक्त योगी उर्फ योगेश गिरोह का एक सक्रिय सदस्य है। इस गिरोह के द्वारा विद्युत आपूर्ति के लिए जा रही सरकारी लाइन से बिजली के तार चोरी किये जाते हैं। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# देश व प्रदेश के साथ प्रयागराज का विकास कर रही है ट्रिपल इंजन की सरकार: गणेश

**सर्वे**

**गंगा और जमुना पर कई पुल प्रस्तावित है। झूंसी हेतापट्टी में गंगा पर बनने वाले पुल का तो सर्वे भी शुरू हो गया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रयागराज: देश** व प्रदेश के साथ प्रयागराज में सभी के सहयोग से बनी ट्रिपल इंजन की सरकार लगातार विकास कार्य रही है। अब गंगा और जमुना पर कई पुल प्रस्तावित है। झूंसी हेतापट्टी में गंगा पर बनने वाले पुल का तो सर्वे भी शुरू हो गया है। यह बातें गुरुवार को शहर के नीम सराय वार्ड में महेंद्र नगर एवं भागलपुरावा में बनी दो सड़कों का लोकार्पण करते हुए महापौर गणेश केसरवानी ने कही। उन्होंने कहा कि शहर के नीमसराय वार्ड में महेंद्र नगर एवं भागलपुरावा में 1 करोड़ 5 लाख की लागत से बनी दोनों सड़कें अब लोगों के आवागमन में राहत देगी।
नगर निगम द्वारा शहर से लेकर विस्तारित क्षेत्रो में लगातार सड़कों के शिलान्यास व लोकार्पण जारी है। इसी क्रम में
गुरुवार को महापौर प्रयागराज गणेश केशरवानी ने वार्ड संख्या 59 नीम सराय में महेंद्र नगर में 77 लाख एवं भागलपुरवा गंगा रोड मलीन बस्ती 28 लाख की लागत से बनी दो सड़कों का लोकार्पण किया। इस दौरान
महापौर गणेश केसरवानी ने उपस्थित लोगों को प्रदेश सरकार की 8 वर्षों के कार्यकाल का पत्रक बांटा एवं स्थानीय जनमानस से वार्ता की। इस दौरान पार्षद दीपिका पटेल, रोबिन साहू, दिग्विजय सिंह, दीनानाथ कुशवाहा, बबलू कुशवाहा, सतीश प्रजापति, आकाश गुप्ता सहित स्थानीय जनमानस उपस्थित रहा।

## पुलिस मुठभेड़ में एक गोकश आरोपी गिरफ्तार

**बिजनौर: नजीबाबाद** पुलिस ने मुठभेड़ कर गोवंश मांस के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। उसे घायल हालत में अस्पताल में भर्ती एसपी सिटी ने गुरूवार को बताया कि मुखबिर से मिली सूचना पर नजीबाबाद पुलिस ने जफरपुर के जंगल में कुछ लोगों को गोकशी करने वालों को घेर लिया।पुलिस को देख गोकशों ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक आरोपित के पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़ा गया गोकश करमसखेड़ी निवासी फईम है। उसके कब्जे से एक तमंचा व दो कारतूस बरामद किए गए हैं। पूछताछ में उसने बताया कि उसके तीन साथी भी उसके साथ थे।

# स्कूलों के आस-पास न खोली जाये शराब की दुकान

**मांग**

**जिला प्रशासन द्वारा आवंटित देसी और अंग्रेजी शराब के ठेके खोले जा रहे हैं, मांग पत्र सौंपा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**कानपुर: जनपद** के ऐसे रिहायशी इलाके,जहां धार्मिक स्थल, विद्यालय इत्यादि स्थित है, वहां पर जिला प्रशासन द्वारा आवंटित देसी और अंग्रेजी शराब के ठेके खोले जा रहे हैं। इसी संबंध में गुरूवार को कलेक्टर सभागार में उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल ने जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह से मुलाकात कर अपनी मांगे रखी हैं। यह जानकारी उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष कपिल सबरवाल ने दी। उन्होंने बताया कि व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का कहना है कि पूर्व में जिला प्रशासन द्वारा निर्देश दिए गए थे कि विद्यालय धार्मिक स्थल से एक



निश्चित मानक दूरी पर ही आवंटित ठेकेदार अपने आवंटित शराब के ठेकों को खुलवाएं। उन्होंने जिलाधिकारी से अपील की है कि रिहायशी इलाकों में शराब के ठेके ना खुलवाए जाएं जिससे क्षेत्र की शांति भंग ना हो और क्षेत्रीय लोगों को किसी प्रकार के असुविधा का सामना भी ना करना पड़े।
**ये है मामला:** व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कहा कि हाल ही में जिला प्रशासन द्वारा आवंटित देसी शराब के ठेके दिए जाने के क्रम में सरोजिनी नगर में कबाड़ी मार्केट दिल्ली दरबार के पास देसी शराब का ठेका खुलने से लोगों को असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों का कहना है कि उक्त देसी शराब का ठेका वार्ड नंबर 85, लाजपत नगर में खोलने के लिए आवंटित किया गया था लेकिन ठेकेदार द्वारा इसे वार्ड नंबर 38, सरोजिनी नगर में खोल दिया गया।

# दक्षिणी विधानसभा के चौथे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को मिला नया भवन

## विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी ने किया लोकार्पण, अब मिलेगा बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसी: वाराणसी** शहर दक्षिणी विधानसभा के राजघाट वार्ड में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को अब एक नया सुविधायुक्त अपना भवन मिल गया है। इस नए भवन का लोकार्पण गुरुवार को प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं शहर दक्षिणी के विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी ने किया। इससे पहले यह स्वास्थ्य केंद्र किराए के एक छोटे से कमरे में संचालित होता था, लेकिन अब यह आधुनिक सुविधाओं से लैस नए भवन में सेवाएं प्रदान करेगा। लोकार्पण के अवसर पर डॉ. नीलकंठ तिवारी ने कहा, "वाराणसी दक्षिणी विधानसभा में कुल पांच प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैं। इनमें से तीन के नए भवन पहले ही बन चुके हैं, जहां समुचित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। आज इसी श्रृंखला में चौथे स्वास्थ्य केंद्र को भी अपना नया भवन मिला है।" डॉ तिवारी ने बताया कि इस अप्रैल महीने के अंत तक पांचवें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य भी पूरा हो जाएगा और इसे नए भवन में स्थानांतरित किया जाएगा। "इस पहल के साथ दक्षिणी विधानसभा पहला ऐसा क्षेत्र होगा जहाँ सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अब किराए के मकानों से हटकर अपने स्वयं के भवन में कार्यरत होंगे।

# पुलिस ने दो शातिर नशा तस्करों को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**सहारनपुर। वरिष्ठ** पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में नशीले पदार्थों की तस्करी की रोकथाम व नशे के कारोबार में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान में प्रभारी निरीक्षक गंगोह के नेतृत्व में आज मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान दो शातिर नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तगण सुशील उर्फ सिल्लू पुत्र सतपाल नि० ग्राम गढ़ी हसनपुर थाना झिंझाना जिला शामली एवं सुरजीत उर्फ टोनी पुत्र शेर सिंह नि० ग्राम गढ़ी हसनपुर थाना झिंझाना जिला शामली को विद्यार्थी तिराहे से आगे कार्तिक ढाबे के पास से गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से 610 ग्राम नाजायज अफीम, 2 मोबाइल फोन, 1 इलैक्ट्रानिक कांटा, 2100 रुपए नकद व 1 मोटरसाइकिल बरामद हुई है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना गंगोह में एनडीपीएस एक्ट मे अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि हम दोनों नशे के आदि हैं तथा अपनी नशे की जरूरतों को पूरा करने के लिए गंगोह बाईपास पर आने जाने वाले ट्रक ड्राइवरों को अफीम बेचते हैं।

# विद्युत विभाग के निजीकरण के विरोध में 09 अप्रैल को लखनऊ में रैली

**विरोध**

**वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करेंगे**

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ: विद्युत** कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट के वाराणसी और आगरा दौरे का प्रबल विरोध करने का निर्णय लिया है। निजीकरण के विरोध में 09 अप्रैल को लखनऊ में विशाल रैली होगी। गुरुवार को लखनऊ सहित समस्त जनपदों में संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कार्यालय पर बिजली कर्मचारियों से व्यापक संपर्क किया। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने बताया कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण हेतु अवैधानिक ढंग से नियुक्त किए गए ट्रांजैक्शन कंसलटेंट मेसर्स ग्रांट थॉर्टन की टीम कल वाराणसी और आगरा का दौरा करने वाली है। संघर्ष समिति ने आज पत्र भेजकर पॉवर कार्पोरेशन प्रबंधन को स्पष्ट अवगत करा दिया है कि बिजली कर्मचारी निजीकरण का प्रबल विरोध कर रहे हैं। अतः निजीकरण हेतु ट्रांजैक्शन कंसलटेंट की टीम को वाराणसी और आगरा में कोई डाटा उपलब्ध नहीं कराया जाएगा और न ही अवैध ढंग से नियुक्त टीम को कार्यालय में प्रवेश करने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस दृष्टि से वाराणसी और आगरा में बिजली कर्मचारी लगातार घटनाक्रमों पर नजर रखते हुए पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

# यूपी में माफियागीरी नहीं चलेगी: योगी आदित्यनाथ

## भू माफिया बन गया वक्फ बोर्ड, महाकुम्भ के आयोजन स्थल को बताया था वक्फ की जमीन, पीएम मोदी ने मनमानी पर लगायी लगाम

**जन्मोत्सव**

**▸▸ भगवान निषादराज गुहा के जन्मोत्सव के अवसर पर प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर पहुंचे सीएम**



**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज।** सीएम योगी ने कहा कि महाकुंभ की तैयारी के दौरान वक्फ बोर्ड ने दावा किया था कि कुंभ की भूमि उनकी है। यह माफिया बोर्ड बन गया था। लेकिन पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने इसकी मनमानी पर लगाम लगा दी है। सीएम योगी ने कहा कि वक्फ बोर्ड से संबंधित एक महत्वपूर्ण अधिनियम लोकसभा में पारित हो चुका है और जल्द ही राज्यसभा में भी पास होगा, जिससे यह केवल कल्याणकारी कार्यों तक सीमित रहेगा। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में किसी भी प्रकार की माफियागीरी नहीं चलेगी, यहां के माफिया को तो हम पहले ही विदा करवा चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के प्रिय सखा भगवान निषादराज गुहा के जन्मोत्सव के अवसर पर प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर पहुंचे थे। सीएम योगी ने यहां प्रभु श्री राम एवं राजा निषाद से जुड़ी कथाओं तथा 'एक जनपद-एक उत्पाद' (ओडीओपी) पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रयागराज में 579 करोड़ रुपये की 181 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास भी किया।

### महाकुंभ की सफलता सनातन धर्म की शक्ति का प्रतीक- सीएम योगी

**सीएम** योगी ने कहा कि महाकुंभ की सफलता सनातन धर्म की शक्ति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इतना भव्य आयोजन केवल राम भक्त और राष्ट्रनिष्ठ लोग ही कर सकते हैं। यह मां गंगा, भगवान राम, निषाद राज और द्वादश माधव की कृपा का परिणाम है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने महाकुंभ में योगदान देने वाले प्रशिक्षित गाइड, नाविकों और होम स्टे संचालकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सीएम योगी ने कहा कि महाकुम्भ के बहाने प्रयागराज का चौतरफा विकास हुआ है। हनुमान जी कॉरिडोर, अक्षयवट कॉरिडोर, मां सरस्वती कॉरिडोर, पातालपुरी कॉरिडोर, महर्षि भारद्वाज कॉरिडोर, नागवासुकी कॉरिडोर और द्वादश माधव कॉरिडोर ने प्रयागराज को नई पहचान दी है। यह स्मार्ट सिटी से आगे एक प्रभावशाली शहर बन चुका है। उन्होंने कहा कि आज शुरू की गई 579 करोड़ रुपये की परियोजनाएं मेडिकल कॉलेज अपग्रेडेशन, पेयजल योजनाएं और कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट्स में प्रयागराज को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। सीएम योगी ने मां गंगा की अविरलता और निर्मलता पर जोर देते हुए कहा कि यह हमारी विरासत और दिव्यता की प्रतीक है।

### महाकुंभ ने प्रयागराज को दी वैश्विक पहचान- सीएम

**सीएम** योगी ने कहा कि महाकुंभ 2025 की सफलता प्रयागराज की नई पहचान का आधार बना है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज पर मां गंगा की असीम कृपा है। महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आए। दुनिया का कौन सा देश और भारत का कौन सा प्रदेश ऐसा था, जो यहां नहीं पहुंचा? त्रिवेणी संगम में स्नान कर हर कोई पुण्य का भागीदार बना। उन्होंने कहा कि अब प्रयागराज को वाराणसी के बगल में बताने की जरूरत नहीं, यह अपनी वैश्विक पहचान बना चुका है। सीएम योगी ने कहा कि प्रयागराज का अर्थ है महामिलन स्थल। यहां गंगा-यमुना-सरस्वती का मिलन है, तो भगवान राम और निषाद राज का मिलन भी है।

**श्रृंगवेरपुर का विकास भगवान राम और निषाद राज की मित्रता का प्रतीक- सीएम योगी**

सीएम योगी ने श्रृंगवेरपुर में भगवान श्री राम और निषाद राज की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि निषाद राज पार्क भगवान राम व निषाद राज की मित्रता का भव्य स्मारक है। सीएम योगी ने पार्क का निरीक्षण किया और कहा कि हजारों वर्ष पहले इसी पावन धरा पर भगवान राम ने कदम रखा था। निषाद राज ने मित्रता का धर्म निभाते हुए भगवान राम को गंगा पार कराई और चित्रकूट तक उनका साथ दिया। आज वही मित्रता बीजेपी और निषाद पार्टी के बीच दिख रही है। यह इतिहास फिर दोहराया जा रहा है। उन्होंने श्रृंगवेरपुर को आध्यात्मिक और पर्यटन केंद्र बनाने की घोषणा करते हुए कहा कि जहां भगवान राम ने रात्रि विश्राम किया था, वहां घाटों का निर्माण और सुंदरीकरण होगा। महर्षि श्रृंगी और माता शांता के मंदिर का जीर्णोद्धार, संस्कृत विद्यालय, और विद्युत शोध गृह भी बनाया जाएगा। उन्होंने पार्क के रखरखाव और श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाओं के निर्देश दिए।

# लखनऊ में घर का सपना होगा पूरा, योजना का होगा शुभारंभ



**खुशखबरी**

**▸▸ अनंत नगर आवासीय योजना का शुभारंभ करेंगे सीएम योगी, लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की योजना में भूखंडों के पंजीकरण का सीएम योगी शुक्रवार को करेंगे शुभारंभ**

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में अपना घर बनाने का सपना देख रहे लोगों के लिए खुशखबरी है। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) द्वारा अनंत नगर आवासीय योजना के अंतर्गत शुक्रवार को पंजीकरण प्रक्रिया का शुभारंभ सीएम योगी के हाथों होने जा रहा है। उल्लेखनीय है कि मोहान रोड स्थित अनंत नगर आवासीय योजना को कुल 785 एकड़ में 10 हजार करोड़ की लागत से विकसित किया जा रहा है। इस योजना के जरिए विभिन्न आय वर्गों के लोगों को भूखंड प्राप्त करने का अवसर मिलेगा जिसमें मुख्य तौर पर आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्गों को तरजीह दी जाएगी। अनंत नगर योजना के अंतर्गत भूखंड पाने के लिए आवेदन करने व अधिक जानकारी के लिए एलडीए की वेबसाइट तथा टोल फ्री नंबर 180018005000 पर कॉल किया जा सकता है। इसी के साथ ही, एलडीए के विभिन्न आवासीय परियोजनाओं से निर्माण व विकास से संबंधित कार्यों को गति देने तथा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कुल 147.85 करोड़ से अधिक कीमत के रिक्त फ्लैट्स की बिक्री का मार्ग प्रशस्त करने के लिए नई स्ट्रैटेजी अपनाने का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। प्रक्रिया के अंतर्गत श्रवण, आद्रा, अनुभूति, सोपान एन्क्लेव फेज-2, रश्मि लोक तथा मृगशिरा अपार्टमेंट में रिक्त फ्लैट्स को बेचने का मार्ग प्रशस्त होगा। कई मायनों में खास है अनंत नगर आवासीय योजना

सीएम योगी के विजन को मिशन मानकर लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) द्वारा मोहान रोड पर विकसित की जा रही अनंत नगर आवासीय योजना कई मायनों में विशिष्ट होगी। यहां सभी आर्थिक वर्गों के लोगों के लिए भूखंड पाने का अवसर होगा मगर विशेष रूप से लोअर इनकम ग्रुप्स के लोगों को यहां तरजीह दी जाएगी।

एडु-टेक सिटी के समीप स्थित होगी इसलिए भविष्य में यह आर्थिक, व्यापारिक व सामाजिक गतिविधियों का केंद्र बनेगी।


# नया वक्फ बिल दो वर्गों के बीच पैदा करेगा तनाव: गहलोत



**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का कहना है कि वक्फ को लेकर किसी नए कानून की आवश्यकता नहीं थी पर बहुसंख्यक वर्ग का जरूरी विषयों से ध्यान हटाने एवं अल्पसंख्यक वर्ग में भय पैदा करने तथा दोनों वर्गों के बीच तनाव पैदा करने के लिए यह कानून बनाया गया है। गहलोत ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर वक्फ संशोधन बिल का विरोध करते हुए पोस्ट किया कि ऐसा लगता है कि भारत सरकार महंगाई, बेरोजगारी, शेयर मार्केट में चल रही गिरावट, रुपये के अवमूल्यन जैसे जरूरी मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए बार-बार अल्पसंख्यक वर्ग को निशाने पर लेने वाले कानून बनाती है। उन्होंने कहा कि पूर्व में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के दौरान भी ऐसा देखा गया क्योंकि कानून 2020 में ही बना दिया।

# मोबाइल ऐप से विद्युत बिल भुगतान हुआ और आसान




**सरल**

**▸▸ योगी सरकार की डिजिटल पहल से उपभोक्ताओं को राहत यूपीपीसीएल ने प्रक्रिया को किया सरल**

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ: योगी** सरकार की डिजिटल भारत को बढ़ावा देने की पहल के तहत उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) ने मोबाइल ऐप के माध्यम से बिजली बिल भुगतान की प्रक्रिया को और सरल बना दिया है। अब उपभोक्ताओं को अपने बिजली बिल के भुगतान के लिए डिस्कॉम के स्थान पर यूपीपीसीएल और अपने जिले का नाम चयन करना होगा। अब केवल यूपीपीसीएल और जिले का चयन आवश्यक भीम ऐप, गूगल पे, फोनपे, पेटीएम और अमेजन पे जैसे प्लेटफार्मों पर ऑनलाइन बिल भुगतान करने के लिए उपभोक्ताओं को अब सिर्फ यूपीपीसीएल और अपने जिले का नाम चुनना होगा। इसके बाद उपभोक्ता को अपनी खाता संख्या दर्ज करनी होगी।

**गलत डिस्कॉम भरने की समस्या से मिलेगी राहत**

पूर्व में उपभोक्ताओं को डिस्कॉम का चयन करना पड़ता था, जिसमें गलती की संभावना बनी रहती थी। गलत डिस्कॉम भरने से भुगतान में परेशानी होती थी।

इस समस्या को दूर करने के लिए यूपीपीसीएल ने यह बदलाव किया है।

**वेबसाइट पर पहले से लागू, ऐप्स में भी नई व्यवस्था**

यूपीपीसीएल की आधिकारिक वेबसाइट पर यह सुविधा पहले से ही उपलब्ध थी, लेकिन अब इसे विभिन्न मोबाइल ऐप्स पर भी लागू कर दिया गया है।

# बांध सुरक्षा में उत्कृष्ट योगदान के लिए यूजेवीएन सम्मानित

**उत्कृष्ट**

**▸▸ परियोजना के अंतर्गत बांधों और बैराजों की सुरक्षा एवं पुनर्वास में उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया**



एक समारोह में केंद्रीय जलशक्ति राज्य मंत्री डॉ. राजभूषण चौधरी ने यूजेवीएन लिमिटेड को बांध सुरक्षा में संस्थागत पहल के लिए

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** उत्तराखंड जल विद्युत निगम (यूजेवीएन लिमिटेड) को जल संसाधन संरक्षण और प्रबंधन में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित वाटर डाइजेस्ट वर्ल्ड वाटर अवार्ड 2024-25 से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार केंद्रीय जल आयोग और विश्व बैंक की सहायता से संचालित बांध पुनर्वास एवं सुधार परियोजना के अंतर्गत बांधों और बैराजों की सुरक्षा एवं पुनर्वास में उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया गया। यूजेवीएन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप सिंघल ने बताया कि पुरस्कार नई दिल्ली में आयोजित उत्कृष्टता श्रेणी में प्रदान किया है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में देशभर से आए विभिन्न विभागों व संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। डॉ. सिंघल ने बताया कि वर्तमान में यूजेवीएन लिमिटेड 1 हजार 4 सौ 40 से अधिक मेगावाट की जल विद्युत परियोजनाओं का संचालन कर रहा है। इनमें से अधिकांश परियोजनाओं की संरचनाएं काफी पुरानी हो चुकी थीं, जिनके पुनर्वास एवं सुरक्षा के लिए यूजेवीएन लिमिटेड लगातार कार्य करता रहा है। बांध पुनर्वास एवं सुधार परियोजना के अंतर्गत यूजेवीएन लिमिटेड ने इन संरचनाओं की जीवन अवधि बढ़ाने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। निगम को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त होने पर डॉ. संदीप सिंघल ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसका श्रेय निगम की उत्कृष्ट कार्य संस्कृति एवं कर्मियों के समर्पण को दिया।

# गोकशी के छह आरोपित गिरफ्तार

**कटान**

**▸▸ आरोपित नदी किनारे घूमने वाले पशुओं को जंगल में ले जाकर कटान कर रहे थे**

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** विकासनगर में हुई गोकशी की घटना के छह अभियुक्तों को पुलिस ने विकासनगर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से दो चापड़, दो खुखरी, पशु कटान के उपकरण और लकड़ी के गुटके बरामद हुए हैं।

आरोपित नदी किनारे घूमने वाले पशुओं को जंगल में ले जाकर कटान कर रहे थे। आरोपियों पर एनडीपीएस तथा गोकशी जैसे आरोप पहले से ही हैं। विकासगनर पुलिस के अनुसार जानकारी मिली की डाकपत्थर बैराज स्थित झूलापुल के पास गोवंश के अवशेष पड़े हैं जिस पर हिन्दू समुदाय में व्यापक आक्रोश हैं। कोतवाली विकासनगर ने उस समय अज्ञात के नाम से प्रकरण दर्ज कर इनकी छानबीन शुरू की और वीरवार को आरोपी अब्दुल रहमान, शहबान, राशिद उर्फ नीलू, शौकिन ऊर्फ लुटिया, आशिक एवं सुलेमान को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पशुओं का अवैध कटान बाहर बेचते थे। आरोपी आशिक पुत्र सलीम निवासी कुंजाग्रांट पर चार मुकदमें, राशिद ऊर्फ नीलू पर एक मुकदमा, शौकिन ऊर्फ लुटिया पर तीन प्रकरण, सुलेमान पर एक तथा अब्दुल रहमान पर चार प्रकरण लंबित हैं।

## सरस डेयरी ने पशुपालकों से दूध खरीद की कीमतें बढ़ाई

**जयपुर: सरस** डेयरी ने दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों के माध्यम से खरीदे जाने वाले पशुपालकों के दूध की दरों में 50 पैसे प्रति फैट की दर से बढ़ोतरी कर दी है। दूध की दरों में बढ़ोतरी से पशुपालकों को फायदा होगा। जयपुर सरस डेयरी के प्रभारी (एफओसी) ने आदेश जारी किए हैं कि एक अप्रैल से दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों के माध्यम से खरीदे जाने वाले पशुपालकों का दूध आठ रुपये फैट खरीदा जाएगा।




**निर्देश दिए** बदरीनाथ धाम से चमोली तक यात्रा मार्ग के खतरनाक स्थलों का निरीक्षण किया

# हेमकुंड साहिब यात्रा को लेकर डीएम ने किया निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**

**गोपेश्वर:** जिलाधिकारी चमोली संदीप तिवारी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर बदरीनाथ और हेमकुंड साहिब की यात्रा के सुचारू संचालन के लिए बदरीनाथ धाम से चमोली तक यात्रा मार्ग के खतरनाक स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बीआरओ और एनएचआईडीसीएल के अधिकारियों से सुधारीकरण कार्य की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने प्रशासन की टीम के साथ चमोली जिले के बलराम पुल, जेपी बैराज के समीप, लामबगड़, गुलाबकोटी, लंगसी धार, पाताल गंगा, टंगणी, पागल नाला, भनेर पाणी और बिरही चाड़ा का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को बदरीनाथ धाम की यात्रा शुरू होने से पूर्व हाईवे को सुचारु यातायात के लिए तैयार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पाताल गंगा में हाईवे के समीप स्थित पीपल के पेड़ को सुरक्षा की दृष्टि से दीवार बनाकर सुरक्षित करने के निर्देश दिए, वहीं टंगणी में भूस्खलन से प्रभावित व्यक्ति को मुआवजा प्रदान कर शीघ्र हाईवे का सुधारीकरण कार्य शुरू करने की बात कही। उन्होंने लंगसी धार में पहाड़ी पर लटके पत्थरों का निरस्तारण करने और हाईवे के क्षतिग्रस्त हिस्सों को यात्रा से पूर्व ब्लैक टॉप करने के आदेश दिए।

निरीक्षण के दौरान एनएचआईडीसीएल के प्रोजेक्ट मैनेजर अंकित सोलंकी ने बताया कि गुलाबकोटी भूस्खलन जोन पर जहां हाईवे के चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है, वहीं नदी साइड पर आगामी 10 अप्रैल से निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। लंगसी धार में नदी साइड दीवार निर्माण कार्य किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने बताया कि पाताल गंगा टनल का कार्य भी अंतिम चरण में है।